ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 15 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 19 मई 2023 • वर्ष-24 • अंक- 105 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

'दहाड़' में अपने रोल के लिए ली बोली से लेकर ... पेज 12 पर



झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## 3,469
## माध्यमिक शिक्षकों का
# नियुक्ति पत्र
## वितरण समारोह

मुख्य अतिथि

### श्री हेमन्त सोरेन
मानीनीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

दिनांक : 19 मई, 2023 | समय : अपराह्न 1 बजे

**स्थान : टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव होटवार, रांची**



PR No. 297722 (IPRD) 2023-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## कृषि सचिव ने की योजनाओं की समीक्षा, दिये कई निर्देश

# स्वीकृत योजनाएं हर हाल में 15 जून तक करें पूर्ण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दिकी ने निर्देश दिया है कि स्वीकृत्यादेश प्राप्त वित्तीय वर्ष 2022-23 की लंबित योजनाओं को किसी भी हाल में 15 जून तक पूरा करें। साथ ही चेतावनी दी कि अगर योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती जाएगी, तो संबंधित पदाधिकारियों पर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही वित्तीय वर्ष 2023-24 की तालाब, डीप बोरिंग, परकुलेशन की योजनाओं की स्वीकृति 31 मई तक सुनिश्चित करें। सचिव नेपाल हाउस स्थित विकास आयुक्त कार्यालय के सभागार में गुरुवार को सभी जिले



से आये जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी एवं जिला सॉयल कन्जर्वेटिव पदाधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। सचिव ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य के प्रत्येक प्रखंड में कृषि से संबंधित मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन सुनिश्चित करें, ताकि किसानों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। साथ ही विभागीय निदेशक यह सुनिश्चित करें कि विभाग की ओर से विभिन्न जिलों को आवंटित की गई राशि का व्यय नियमानुसार हो। निदेशक इसकी मॉनिटरिंग खुद करेंगे। उन्होंने कहा कि कैलेंडर तैयार कर मेले और प्रदर्शनी की तारीख तय की जाए तथा इसका व्यापक तौर पर प्रचार - प्रसार किया जाए। 15

**निर्देश दिया कि राज्य के प्रत्येक प्रखंड में कृषि से संबंधित मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन सुनिश्चित करें**

**कैलेंडर तैयार कर मेले और प्रदर्शनी की तारीख तय की जाए तथा इसका व्यापक तौर पर प्रचार - प्रसार किया जाए**

जून तक सभी प्रखंडों में मेले का आयोजन सुनिश्चित होना चाहिए। प्रत्येक प्रखंड कार्यालय में प्रधानमंत्री कृषि फसल राहत योजना का फ्लैक्स लगाया जाए ताकि किसान पूरी जागरूकता के साथ योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। सिद्दिकी ने प्रमोशन ऑफ द अर्बन फार्मिंग की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन के लिए जिलास्तर पर एक कमेटी गठित करें, ताकि योजना फलीभूत हो सके। उद्यान विकास योजना के लिए विशेषज्ञों की राय लेने का भी उन्होंने निर्देश दिया। सॉयल कन्जर्वेशन की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जो भी चालू योजनाएं हैं, उन्हें जल्द पूरा किया जाए तथा उसका बिल जेनरेट कर भुगतान सुनिश्चित करें। साथ ही पीएल एकाउंट से ली गई जलनिधि की योजनाओं को पूरा करें। 31 मई तक सभी आवेदित डीप बोरिंग की स्वीकृति मिले, यह सुनिश्चित करें।

### रांची में तस्करी का आरोपित गिरफ्तार, एक लाख का अफीम बरामद

**रांची।** सोनाहातू थाना पुलिस ने एक लाख रुपये के अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर का नाम ज्योति लाल महतो है। वह सरायकेला-खरसावां जिले के चौका थाना क्षेत्र के डुंगरीडीह का रहने वाला है। इसके पास से एक किलो 250 ग्राम अफीम, एक चाकू, एक देशी पिस्टल और बिना नंबर प्लेट का यामहा आर वन फाइव बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सोनाहातू थाना के भकुआडीह चौक की ओर अवैध रूप से अफीम का कारोबार करने वाले दो तस्कर एक बाइक पर जा रहे हैं। सूचना के बाद एसडीपीओ अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपितों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि बुंडू और तमाड़ से अफीम खरीदकर ला रहा था।

## अमेरिका की टीम ने बेड़ो में सोलर लिफ्ट एरिगेशन का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड के नगड़ी गांव में अमेरिका से आई टीम के सदस्य ने सोलर लिफ्ट एरिगेशन का अवलोकन किया। एचडीएफ सी प्रोजेक्ट टीआरईएफ संस्था की ओर से अमेरिका से आई टीम ने प्रखंड के नगड़ी टोली में सोलर लिफ्ट एरिगेशन का निरीक्षण किया गया। जहां अमेरिका से आयी मिस निन्डी, मिस मोनिका, रांची से अभिषेक, कोडिनेटर सचिन ने नगड़ी में लगे सोलर से संचालित लिफ्ट एरिगेशन सिस्टम पर चर्चा करते हुए सीएलएफ में समूह की दीदीयों को क्या क्या फायदा है उनसे जानकारियां लिया। जहां समूह की दीदियों ने बताया कि सिंचाई के लिए किसी प्रकार का बिल नही देना पड़ता है। सोलर से जान माल का खतरा नही है। इसे आसानी से चलाया जा सकता है। इसके पूर्व अतिथियों का परम्परागत तरीके से स्वागत किया गया। मौके पर टीआराईएफ के रायमनी टोपनो, चंदन कुमार, मुकेश कुमार, किसवा धान, बुधनी धान, प्रभामुनि कुजूर, सुमरी उरांव आदि मौजूद थे।

## किस नियोजन नीति के तहत हो रही शिक्षकों की नियुक्ति : दीपक प्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने नियोजन नीति के मुद्दे पर एक बार फिर मुख्यमंत्री को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बातचीत में कहा कि 19 मई को खेलगांव स्थित टाना भगत स्टेडियम में राज्य के 3469 हाई स्कूल शिक्षकों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नियुक्ति पत्र देने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री इस कार्यक्रम में मंच से राज्य की साढ़े तीन करोड़ जनता को बताएं कि ये नियुक्ति पत्र किस नियोजन नीति के तहत बांटे जा रहे। प्रकाश ने कहा कि जहां तक इन शिक्षकों की नियुक्तियों का सवाल है तो जनता और अभ्यर्थी जानते हैं कि यह नियुक्ति रघुवर सरकार की देन है। इससे संबंधित विज्ञापन पूर्ववर्ती रघुवर सरकार के कार्यकाल 2016 में निकाला गया था। परीक्षाएं भी भाजपा सरकार में हुई थी लेकिन कतिपय कारणों से जब मामला न्यायालय में गया तो ये हेमंत सरकार ही है, जिसने



बेरोजगारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए महंगे वकीलों के माध्यम से नियुक्ति प्रक्रिया का विरोध कराया। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद उच्चतम न्यायालय ने अभ्यर्थियों के पक्ष में फैसले दिए और नियुक्ति के लिए राज्य सरकार को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट हो गया कि रघुवर सरकार की नियुक्ति प्रक्रिया संवैधानिक रूप से सही थी। एक तरफ यह सरकार नियोजन नीति के नाम पर बेरोजगारों को दिग्भ्रमित करती है दूसरी ओर नियुक्तियां बांटकर अपना पीठ भी थपथपाना चाहती है।

## उपायुक्त अध्यक्षता में जिलास्तरीय अनुकंपा समिति की हुई बैठक आयोजित

# सामान्य व उग्रवाद अभ्यावेदन को किया स्वीकृत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गुरुवार को उपायुक्त सह अनुकंपा समिति के अध्यक्ष राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिलास्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में समिति द्वारा सामान्य एवं उग्रवाद से संबंधित अभ्यावेदनों के साथ जिले में तृतीय तथा चतुर्थ संवर्ग के कार्यरत कर्मचारियों के एसीपी, एमईसीपी, अनुकंपा, प्रमोशन इत्यादि से संबंधित मामलों की विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्णय लिए गए। समिति द्वारा जितने भी लिपिकों के सेवा संपुष्टि, एसीपी, एमईसीपी बाकी था, जिनके सभी दस्तावेज पूर्णरूपेण सही हो चुके थे, एसीआर सही होकर आया था और उनपर किसी तरह की विभागीय कार्रवाई जिन पर नहीं चल रही थी। उन सभी को लाभ देने का निर्णय आज की बैठक में लिया गया। जिले में कुल 332 की संख्या में लिपिकीय पद



का सृजन है। इसमें बीते कुछ वर्षों पहले पुनर्गठन करने का निर्देश सभी जिलों को जारी किया गया था। इसके अनुसार जिले में इस स्ट्रेंथ के अनुसार एक पद प्रशासी पदाधिकारी के लिए, कुल स्ट्रेंथ का 5% पद ऑफिस सुपरीटेंडेंट के लिए, 20% पद प्रधान लिपिक के लिए, 20% पद उच्च वर्गीय लिपिक के लिए तथा शेष निम्न वर्गीय लिपिक के लिए करनांकित करने का निर्देश जारी किया गया था। जिले में करनांकित पदों पर प्रमोशन देकर नियुक्ति देने की प्रक्रिया कोविड, आचार संहिता आदि कारणों से लंबित चल रही थी। विस्तार से प्रक्रियाओं को संपादित करने के बाद समिति द्वारा 332 में से एक पद प्रशासी पदाधिकारी के लिए जिला के वरीय लिपिक के लिए करनांकित करने का निर्णय लिया गया। ऑफिस सुपरीटेंडेंट के पद पर एक माह पहले 5 लोग कार्यरत थे, 11 वैकेंसी चल रही थी। समिति द्वारा वैकेंसी को भी पूर्ण करने का निर्णय लिया गया। प्रधान लिपिक के पद पर 30 और उच्च वर्गीय लिपिक पद पर 66 तथा शेष अन्य पदों के पदों के लिए सभी को प्रमोशन देते हुए उनके वित्तीय लाभ को समिति द्वारा तय किया गया। इसके अतिरिक्त अनुकंपा के आधार पर सामान्य के 6 मामले समिति के समक्ष आए। विचार विमर्श के बाद समिति के द्वारा चार मामलों को स्वीकृति दी गई, एक अभ्यावेदन को समिति द्वारा अस्वीकृत किया गया जबकि एक में विभाग से संबंधित दस्तावेज मांगने का निर्देश दिया गया। उग्रवाद हिंसा से संबंधित एक मामले में भी आवश्यक आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी रांची सदर, अपर समाहर्त्ता रांची, निदेशक डीआरडीए, प्रभारी जिला स्थापना उप समाहर्ता, प्रभारी उप समाहर्त्ता सामान्य शाखा, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, रांची एवं संबंधित विभाग के पदाधिकारी/प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बीएलबीसी की बैठक में केसीसी और किसान योजनाओं की हुई समीक्षा




**खूंटी।** प्रखंड विकास पदाधिकारी ने गुरुवार को विभिन्न बैंकों की केसीसी योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदन और लाभुकों को स्वीकृत किये गये लोन की स्थिति सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा की। सभी कृषक मित्रों को अपने क्षेत्र में किसानों को योजना के संबंध में जागरूक करने के निर्देश दिए गए। मौके पर केसीसी योजना के तहत ऋण स्वीकृत करने की गति में तीव्रता लाने का निर्देश दिया गया। केसीसी योजना के तहत ऋण के लिए आवेदन प्राप्त करने और स्वीकृत करने के कार्य को मिशन मोड में करने के लिए पंचायतों में शिविर लगाया जा रहा है। ग्राम स्तर पर बैठक आयोजित कर लोगों को इस संबंध में जागरूक करने तथा उन्हें योजना से जोड़ने के निर्देश दिए गए। बैठक में अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी।

### 10 लाख बूथों पर एक साथ ऑनलाइन के माध्यम से जुड़ेंगे प्रधानमंत्री

**रांची।** 30 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल का 9 साल पूरा हो रहा है, जिसको लेकर उनके उपलब्धियों को और युग परिवर्तन करने वाले मोदी सरकार के द्वारा गरीब असहाय लोगों तक बुनियादी सुविधा पहुंचाने एवं उनके किए गए कार्यों के बारे में पूरे देश भर में कार्यकताओं द्वारा उन कार्यों को बताया जाएगा। साथ ही इस दौरान 23 जून को वर्ल्ड का सबसे बड़ा ग्लोबल ऑनलाइन देश के 10 लाख बूथों पर एक साथ ऑनलाइन के माध्यम से जुड़ेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जयंती पर अभिनय प्रयोग करते हुए देश के लोगों से जुड़ेंगे और लोगों को संबोधित करेंगे जो कि अब तक का डिजिटल के माध्यम से सबसे बड़ा प्रसारण होगा।

## 2024 की तैयारियों को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस मिशन मोड़ पर

# 30 हजार पदाधिकारियों का किया चयन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी के दृष्टिगत संगठन सशक्तिकरण अभियान और इसके सत्यापन को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर बेहद गंभीर हैं और स्वयं सभी जिलों का दौरा कर रहे हैं। इस आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बताया की जिला समितियों के पुनर्गठन के उपरांत संबद्ध जिला में प्रखंड कमिटी एवं मंडल कमिटी का भी गठन किया गया है ' पूरे प्रदेश में जिला प्रखंड एवं मंडल समितियों में लगभग 30 हजार पदाधिकारियों का चयन किया




गया है अब वार्ड एवं बूथ स्तर पर स्थायी समिति के गठन की प्रक्रिया चल रही है प्रत्येक बूथों पर दस यूथ का चयन किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया की प्रदेश कॉंग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे के मार्गदर्शन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में संबद्ध जिलों के प्रभारी कार्यकारी अध्यक्ष एवं जिला प्रभारी महासचिव गणों लगातार जिलों में प्रवास हो रहा है निरंतर सभी जिलों में बैठकों का आयोजन हो रहा है इसी कड़ी में स्वयं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर का अब तक छह जिलों का दौरा संपन्न हो चुका है। विगत ग्यारह एवं बारह तारीख को पूर्वी सिंहभूम सरायकेला खरसावां पश्चिमी सिंहभूम एवं खूंटी जिलों में जिला की विस्तारित कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई। गुरुवार को धनबाद एवं बोकारो जिला की विस्तारित कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा की आज पूरा देश कॉंग्रेस की ओर आशा भरी निगाह से देख रहा है।

### नीलगाय के मांस के साथ आरोपित गिरफ्तार

**गिरिडीह।** गावां थाना क्षेत्र के धनेता गांव में वन विभाग की टीम ने जंगली नील गाय के मांस के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गुरूवार को उसे जेल भेजा जायेगा। गिरफ्तार शुक्रर उर्फ गुड्डू धनेता का ही ?हने वाला है। बताया जाता है कि जंगल से नील गाय के बच्चा को मारकर धनेता के एक झोपड़ी में उसका मांस बेच रहा था। सूचना के बाद वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी अनिल कुमार के निर्देश पर वनकर्मियों को भेजा गया। मौके से लगभग ढाई किलो मांस, खाल आदि के साथ ही शुक्रर को गिरफ्तार कर लिया गया। बरामद मांस को टीम ने वन प्रक्षेत्र कार्यालय गावां ले जाया गया। इस बाबत प्रभारी वनपाल पवन चौधरी ने कहा कि बुधवार देर शाम ही आरोपित को गिरफ्तार किया गया है।

## नेहा पटवारी बनी अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की राष्ट्रीय संयोजिका

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



मारवाड़ी युवा मंच महिला समर्पण रांची शाखा की पूर्व अध्यक्ष सह झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की पूर्व मुख्यालय उपाध्यक्ष नेहा पटवारी को रक्तदान कमेटी में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच का राष्ट्रीय संयोजिका नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र भट्टड़ ने चतुर्दशम राष्ट्रीय सत्र 2023- 25 को ऊर्जा एवं गति प्रदान करने के भाव से नेहा पटवारी को राष्ट्रीय संयोजका का नियुक्त करते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि आपके सक्रिय एवं कुशल योगदान से मारवाड़ी युवा मंच परिवार का गौरव व मान बढ़ेगा। मारवाड़ी युवा मंच रांची जिला के अध्यक्ष अमित चौधरी ने बधाई देते हुए कहा है कि नेहा पटवारी राष्ट्रीय पटल पर झारखंड का नाम स्वर्णिम अक्षरों में अंकित करेगी। पूर्व में भी नेहा पटवारी ने पूरे राष्ट्रीय में सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष रांची समर्पण तथा लगातार दो वर्षो तक झारखंड प्रांतीय मुख्यालय उपाध्यक्ष के सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय पुरस्कार अपने नाम अंकित किया है। बधाई देने वालों में-झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल, महामंत्री रवि शर्मा, अरुण बुधिया, राहुल मारू, सुभाष पटवारी, संजय सर्राफ आदि शामिल है।

## सुनवाई झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ पर फिर छिड़ी बहस

# बदल गई है पांच जिलों की डेमोग्राफी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के पांच जिलों में बांग्लादेशियों की घुसपैठ के मुद्दे पर एक बार फिर बहस छिड़ गई है। इस बार यह मामला एक जनहित याचिका के जरिए झारखंड के हाईकोर्ट में है। हाईकोर्ट ने बुधवार को इसपर सुनवाई करते हुए केंद्र और राज्य की सरकारों से जवाब मांगा है। दोनों सरकारों से कोर्ट ने पूछा है कि बांग्लादेशियों की घुसपैठ के बारे में उन्हें जानकारी है या नहीं? अगर जानकारी है तो इसे रोकने के लिए क्या कार्रवाई की गई? दरअसल, यह मुद्दा काफी पहले से उठता रहा है। इसे लेकर सियासी आरोप-प्रत्यारोप भी होते रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसी साल बीते 7 जनवरी को झारखंड के चाईबासा और इसके बाद 4 फरवरी को चाईबासा में रैली थी और इस दौरान उन्होंने राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ का मसला प्रमुखता से उठाते हुए इसके लिए



राज्य की मौजूदा हेमंत सोरेन सरकार को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने हेमंत सोरेन को आदिवासियों का विरोधी बताते हुए कहा था कि वोट बैंक के लालच में वे यहां की जनसांख्यिकी बदल रहे हैं। यहां घुसपैठियों की संख्या बढ़ रही है। आदिवासियों और पिछड़े वर्ग की जनसंख्या कम हो रही है। घुसपैठिए आदिवासियों की जमीन हड़प रहे हैं। वे यहां की बहू-बेटियों पर अत्याचार कर रहे हैं। साहेबगंज, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, जामताड़ा में खुलेआम घुसपैठ हो रहा है और हेमंत सोरेन इसपर रोक लगाने के बजाय सब कुछ मुस्कुरा कर देख रहे हैं। इस मुद्दे पर भाजपा नेता और अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने भी पिछले साल सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इसमें बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करने, उन्हें डिटेन करने और वापस बांग्लादेश भेजने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को निर्देश देने की मांग की गई थी। इस पीआईएल पर अदालत से नोटिस मिलने के बाद राज्य सरकार ने पिछले साल मई में 15

**आदिवासियों और पिछड़े वर्ग की जनसंख्या कम हो रही है। घुसपैठिए आदिवासियों की जमीन हड़प रहे हैं**

पन्नों वाले हलफनामे के साथ अपना जवाब दाखिल किया था। झारखंड की सरकार ने अपने जवाब में कहा था कि यह पीआईएल में हालात को अलार्मिंग बताया गया है, लेकिन यह गलत धारणाओं और अनुमानों पर आधारित है। झारखंड पुलिस की विशेष शाखा के आईजी प्रशांत कुमार की ओर से दाखिल जवाब में यह भी कहा गया था कि अवैध अप्रवासियों या विदेशी नागरिकों को प्रतिबंधित करने के लिए विभिन्न राज्यों में डिटेंशन सेंटर, होल्डिंग सेंटर और शिविर स्थापित करने के लिए पहले से ही एक तंत्र है। झारखंड सरकार ने हजारीबाग में इसके लिए एक मॉडल डिटेंशन सेंटर भी बनाया है।

### राज्य सरकार से बिजली आपूर्ति में सुधार करने की मांग

**रांची।** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश प्रवक्ता संजय सर्राफ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक पत्र प्रेषित कर झारखंड राज्य में बिजली की समस्या एवं कटौती पर चिंता व्यक्त करते हुए बिजली आपूर्ति में सुधार करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि राज्य में पड़ रहे भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त - व्यस्त है। भीषण गर्मी में बिजली की कटौती से आम लोगों को जीना दुर्लभ एवं हाल बेहाल हो गया है। राज्य में जनता बिजली के लिए त्राहिमाम कर रही है। विगत कई दिनों से लगातार हो रही बिजली में कटौती से बच्चे, अभिभावकों, बुजुर्गों एवं मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रात में भी घंटो तक बिजली कटी रहती है। चाहे वह शहर हो या गांव भीषण गर्मी में बिजली कटौती लगातार की जा रही है। गांव में लोगों को मात्र 8 से 10 घंटे बिजली मिल पा रहा है। शहरों में भी कमोबेश यही स्थिति है। बिजली कटौती से उद्योग व्यापार धंधा में भी अनुकूल प्रभाव पड़ रहा है। छोटे-छोटे दुकानदारों से लेकर सभी विभागों के दफ्तरों मे भी बिजली समस्या को लेकर लोग परेशान हैं।

# पवित्रम संस्कार वाटिका का दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** पवित्रम सेवा परिवार व पवित्रम मातृ शक्ति द्वारा बच्चों के भविष्य को पवित्रम संस्कार वाटिका के माध्यम से अपने संस्कारो से,अपने देश से,अपनी संस्कृति से,अपनी मिट्टी से जोड़ा जाएगा। पिछले वर्षो की तरह इस वर्ष भी पवित्रम मातृशक्ति के तत्वधान में 5 वर्ष से 15 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए 20 - 21 मई को दो दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। पवित्रम मातृशक्ति की संरक्षिका रीता सिंह ने बताया कि पवित्रम संस्कार वाटिका समर कैम्प के अंतर्गत 5 साल से 15 तक के बच्चों को योगा, क्रिएटिविटी, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, वैदिक शिक्षा, सेवा कार्य, पर्यावरण, अग्निहोत्र,गो महत्ता, देश भक्ति, दैनिक जीवन के श्लोक सहित अनेक विषयों की शिक्षा दी जाएगी। तथा इन विषयों से जुड़ने के लिए संस्कार सिखाए जाएंगे। यह सर्वश्रेष्ठ समय है उनके निर्माण का बच्चों को जिस दिशा में मोड़ा जाएगा। उसी दिशा में वह भविष्य में आगे बढ़ेंगे उनमें सकारात्मकता का निर्माण होने से



वो देश समाज और परिवार के लिए भी उपयोगी सिद्ध होंगे, उन्होंने बताया कि इस वर्ष पवित्रम संस्कार वाटिका दो दिवसीय कैम्प का आयोजन सर्वप्रथम 20 मई एवं 21 मई को धनबाद में राजकमल शिशु विद्या मंदिर में किया गया है उसके बाद अन्य शहरों में भी करने की योजना है। पवित्रम सेवा परिवार पिछले कई वर्षों पश्चिम बंगाल,झारखण्ड एवं मध्यप्रदेश में संस्थापक अजय भरतिया के मार्गदर्शन में शिक्षा, पर्यावरण, आयुर्वेद चिकित्सा, पञ्चगव्य चिकित्सा, प्राकृतिक चिकित्सा जैविक खेती, महिला स्वाबलंबन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य कर रहा है। पवित्रम सेवा परिवार का महिला आयाम पवित्रम मातृशक्ति धनबाद इस वर्ष इस कार्यक्रम को आयोजित कर रहा है। पवित्रम संस्कार वाटिका कार्यक्रम पिछले तीन वर्षों से चल रहा है जिसमें बच्चों को खेल खेल में संस्कार सिखाए जाते है तथा भारतीय संस्कृति की शिक्षा दी जाती है। पवित्रम सेवा परिवार के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया है कि समर कैंप को सफल करने के लिए पवित्रम मातृशक्ति की रीता सिंह, सीमा मित्तल, पूनम अग्रवाल, सास्वती सेन, मीना डोकानिया, रानी लुहारूका, रीता बंसल, विभा अग्रवाल, अनिता डोकानिया, अध्यक्ष संजय भरतिया, आलोक डोकानिया ने योगदान दे रहे हैं।

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 15 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 19 मई 2023 • वर्ष-24 • अंक- 105 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

'दहाड़' में अपने रोल के लिए ली बोली से लेकर ... पेज 12 पर



नमाज कक्ष का विवाद

## झारखंड विधानसभा ने 7 विधायकों की कमेटी बनाई, 31 जुलाई तक देगी रिपोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा में नमाज पढ़ने के लिए अलग कक्ष आवंटित करने पर खड़ा हुए विवाद के मद्देनजर सात विधायकों की एक सर्वदलीय कमेटी बनाई गई है। यह कमेटी इस बारे में स्टडी कर रही है कि देश के अलग-अलग राज्यों की विधानसभाओं में इस तरह की व्यवस्था है या नहीं? यह कमेटी आगामी 31 जुलाई तक अपने मंतव्य के साथ स्टडी रिपोर्ट विधानसभा को सौंप देगी। यह बात झारखंड विधानसभा की ओर से



हाईकोर्ट में दायर शपथ पत्र में बताई गई है। दरअसल इस मामले को लेकर अजय कुमार मोदी नामक शख्स ने जनहित याचिका दाखिल की थी, जिसपर गुरुवार को चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच ने सुनवाई की। इसके पहले बीते 2 मई को हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने विधानसभा से मौखिक तौर पर यह जानना चाहा था कि यह व्यवस्था किस आधार पर की गई? विधानसभा ने इसपर शपथ पत्र दायर कर अपना पक्ष रखा। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 22 जून को मुकर्रर की है।

झारखंड विधानसभा के भवन में अल्पसंख्यकों के लिए नमाज पढ़ने के लिए वर्ष 2021 में कमरा आवंटित किया गया था। इसके लिए बकायदा विधानसभा सचिवालय की ओर से ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर


## राज्य में एक जून से 75 पैसे प्रति यूनिट तक बढ़ेंगी बिजली दर

### 4 वित्तीय वर्ष से नहीं बढ़ी है बिजली दर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में एक जून से बिजली की दरें बढ़ जाएंगी। जेबीवीएनएल ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के बिजली टैरिफ पर जनसुनवाई सहित अन्य सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली है। मई के अंतिम सप्ताह में किसी भी दिन झारखंड विद्युत नियामक आयोग नया बिजली टैरिफ ऑर्डर जारी कर देगा। यह बढ़ोतरी वर्तमान बिजली दर से 25 पैसे लेकर 75 पैसे प्रति यूनिट तक हो सकती है।

झारखंड में अभी वित्तीय वर्ष 2019-20 का ही बिजली टैरिफ लागू है। वित्तीय वर्ष 2020-21 में



आयोग ने कोरोना को देखते हुए जेबीवीएनएल के बिजली टैरिफ पर कोई बढ़ोतरी नहीं की थी। इसके बाद जेबीवीएनएल हर साल नवंबर में विभिन्न वित्तीय वर्ष के लिए बिजली टैरिफ बढ़ाने का प्रस्ताव देते रहा। वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 का टैरिफ अभी आयोग के पास लंबित है। चूंकि लगातार दो साल तक आयोग पूरी तरह डिफंक्ट था, इसलिए आयोग ने कोई निर्णय नहीं लिया। इस साल चेयरमैन और मेंबर बहाल होने के बाद वित्तीय वर्ष 2021-22 के बिजली टैरिफ पर आयोग ने कार्यवाही शुरू की। स्टेट एडवाइजरी कमेटी की बैठक सहित जनसुनवाई आयोजित हुई। अब 2021-22 के बिजली टैरिफ पर आयोग अपना निर्णय लेने को तैयार है।

### शेष बचे दो वित्तीय वर्ष पर आयोग इन बिंदुओं पर ले सकता है फैसला

**वित्तीय** वर्ष 2021-22 के टैरिफ जारी होने के बाद नियामक आयोग शेष बचे दो वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 पर जल्द फैसला ले सकता है। इस संबंध में आयोग के टेक्निकल मेंबर अतुल कुमार ने बताया कि 2021-22 का टैरिफ प्रोजेक्टेड एकाउंट के आधार पर लिया जा रहा है। चूंकि यह 1 जून 2023 से लागू होगा, इसलिए इसमें शेष बचे वित्तीय वर्ष का प्रोजेक्ट एकाउंट का लेखा-जोखा शामिल होगा। जेबीवीएनएल से ऑडिटेड एकाउंट मांगी गयी है। अगर समय से सही ऑडिटेड एकाउंट मिल गया, तो शेष बचे दो वित्तीय वर्ष के टैरिफ पर कार्यवाही हो सकती है। नहीं तो फिर आयोग जेबीवीएनएल द्वारा नवंबर में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए दाखिल किए जाने वाले नया बिजली टैरिफ को मिलाकर समेकित रूप से फैसला ले सकता है। बतातें चलें कि हर वर्ष 30 नवंबर तक नए वित्तीय वर्ष का जेबीवीएनएल द्वारा बिजली टैरिफ आयोग में फाइल करना अनिवार्य है।

**NEWS इन ब्रीफ**

### गर्वनर ने यूपी के सीएम से की मुलाकात



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास में मुलाकात की। बताया जाता है कि दोनों की मुलाकात शिष्टाचार मुलाकात थीं।

### आचार संहिता उल्लंघन मामले में चमरा लिंडा बरी

**रांची।** रांची एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश अनामिका किस्कू की अदालत ने सरकारी आदेश और आचार संहिता उल्लंघन मामले में आरोपित बिशुनपुर के विधायक चमरा लिंडा को गुरुवार को बरी कर दिया है। सुनवाई के दौरान झामुमो पार्टी के विधायक चमरा लिंडा कोर्ट के समक्ष सशरीर उपस्थित थे। इससे पूर्व मामले में विधायक के खिलाफ आरोप गठित हुआ था। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत में फैसले की तिथि गुरुवार को निर्धारित की थी।

### बस और दो बाइक की टक्कर में दो की मौत

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज-औरंगाबाद मुख्य पथ एनएच 98 पर गुरुवार की सुबह औरंगाबाद की ओर से डालटनगंज जाने के क्रम में सर्विस बस बाबा भोलेनाथ के द्वारा दो अलग-अलग बाइक सवार युवक को जोरदार धक्का मारने से घटनास्थल पर ही दोनों बाइक सवार की मौत हो गई है। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने औरंगाबाद-डालटनगंज मुख्य पथ को जाम कर दिया है। सूचना मिलने पर नावा बाजार पुलिस मौके पर पहुंची है और प्रदर्शनकारियों को समझाने में जुटी हुई है।

### हत्या : मामूली विवाद मे भाई ने की भाई की हत्या आरोपी गिरफ्तार

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के खिंडा भंडार टोली में गुरुवार को दिन के लगभग 2:30 बजे मामूली विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई की हत्या लाठी से मारकर कर दी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक डेवीड मिंज उम्र लगभग 32 बर्ष पिता रिमिश मिंज निवासी खिंडा भण्डार टोली का विवाद अपने बड़े भाई तारसीयूस मिंज के साथ किसी बात को लेकर हो गया। इसी बीच आवेश में तारसीयूस मिंज ने पास में रखे मोटे लाठी से मृतक के माथे पर जोरदार प्रहार कर दिया जिससे मौके पर ही डेवीड मिंज की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी मुन्ना रमानी, एसआई रमेश कुमार दल बल के साथ धटना स्थल पहुंच कर शव अपने कब्जे में करते हुए आवश्यक कानूनी प्रक्रिया में जुट गये वहीं हत्या के आरोपी तारसियूस मिंज को गिरफ्तार करते हुए हत्या में प्रयुक्त लाठी को बरामद कर लिया।

# 3469 माध्यमिक शिक्षकों को आज सौपेंगे नियुक्ति पत्र

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जेएसएससी ने पूरी की प्रक्रिया, सीएम देंगे ज्वाइनिंग लेटर

**सुप्रीम कोर्ट के आदेश से हो रही नियुक्ति**

**शिक्षकों को भी दी जाएगी ट्रेनिंग**

**23 मई से शुरू हो रहा शिक्षकों की ट्रेनिंग**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आज राज्य के माध्यमिक स्कूलों में चयनित 3469 शिक्षकों को ज्वाइनिंग लेटर दिया जाएगा। यह लेटर सीएम हेमंत सोरेन देंगे। खेलगांव स्थित टानाभगत इंडोर स्टेडियम में दिन एक बजे नियुक्ति पत्र देने का कार्यक्रम रखा गया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से इस कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। बता दें कि जिन आवेदन के तहत शिक्षकों को अब नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है, वह 2016 में निकाला गया था। तब राज्य में 13 अनुसूचित और 11 गैर अनुसूचित



जिले वाली नियोजन नीति लागू थी। उस समय अनुसूचित जिलों में 8,423 और गैर अनुसूचित जिलों में 9,149 पदों पर कुल 17,572 शिक्षकों के लिए वेकेंसी निकाली गई थी। इस नियुक्ति प्रक्रिया को सोनी कुमारी ने चुनौती दी थी। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जहां सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव को तीन महीने में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने को कहा।

इन नव नियुक्त शिक्षकों के प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की है। ऐसा पहली बार होगा जब नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र के साथ ही प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण जिला स्तर पर होगा। इसमें शिक्षकों को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, प्राथमिक शिक्षा निदेशालय, प्रमंडल स्तर पर क्षेत्रीय संयुक्त शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, जिला शिक्षा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### नीति आयोग की बैठक में शामिल होंगे सीएम

**राष्ट्रीय** नीति आयोग की 27 मई को दिल्ली में होने वाली बैठक में झारखंड से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मुख्य सचिव सुखदेव सिंह शामिल होंगे। इसमें झारखंड सरकार का बकाया, कोयला रॉयल्टी सहित कई मुद्दों को फिर से गंभीरता से रखा जाएगा। सात महीने पहले हुई नीति आयोग के उपाध्यक्ष के साथ बैठक में भी झारखंड सरकार ने कई मुद्दों को उठाया था लेकिन इसको लेकर अभी तक कोई पहल केंद्र सरकार ने नहीं की है। इसलिए यह बैठक काफी अहम है। झारखंड सरकार की कई परियोजनाएं केंद्र सरकार के पास लंबित हैं। सरकार ने जल्द से जल्द इन परियोजनाओं पर सहमति की मांग की है, ताकि झारखंड के विकास की रफ्तार तेज हो सके। साथ ही केंद्र सरकार से बकाया चुकाने की मांग की जाएगी।

### झारखंड के चार विश्वविद्यालयों में होगी कुलपति की नियुक्ति

**रांची।** झारखंड के चार विश्वविद्यालय में कुलपति की नियुक्ति होगी। इसके अलावा प्रो-वाइस चांसलर की नियुक्ति के लिए भी विज्ञापन जारी हो चुका है।

राज्यपाल सचिवालय ने कहा है कि विनोबा भावे यूनिवर्सिटी, हजारीबाग के अलावा सिदो कान्हो मुर्मू यूनिवर्सिटी, दुमका, नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी, पलामू और कोल्हान यूनिवर्सिटी, चाईबासा में वीसी की नियुक्ति की जानी है। इसके लिए ऑनलाईन आवेदन करने होंगे। इसके अलावा रांची विश्वविद्यालय के साथ साथ विनोबा भावे यूनिवर्सिटी, हजारीबाग, नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय, पलामू और कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा के लिए प्रो- वीसी की नियुक्ति होनी है। एकेडमिक, एडमिनिस्ट्रेटिव और अन्य जरूरी अनुभव रखने वाले कैंडिडेट वीसी, प्रो- वीसी के पदों के लिए निर्धारित वेबसाइट http://www.jharkhanduniversities.nic.in या http://www.rajbhavanjharkhand.nic.in की मदद से ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य में अगले माह जून के अंत तक पांच कुलपति व दो प्रति कुलपति का कार्यकाल समाप्त होने को हैं।

## रिश्वत लेना मनी लॉन्ड्रिंग के तहत एक अपराध है

**आरएनएम। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय के एक फैसले से, पहले से ही खतरनाक व केन्द्रीय सत्ता द्वारा दुरूपयोग के लिए चर्चित हो चुकी ईडी को और ज्यादा ताकत मिल गई है। जस्टिस कृष्ण मुरारी व जस्टिस वी रामसुब्रमण्यम की बेंच ने तमिलनाडु से जुड़े भ्रष्टाचार के मुद्दे में अपने नए फैसले में कहा है कि रिश्वत लेना मनी लॉन्ड्रिंग के तहत एक अपराध है। इस तरह के मामलों में ईडी पीएमएलए के तहत एक्शन ले सकती है। अभी तक करप्शन के मामलों में प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट 1988 की धारा 7 के तहत पब्लिक सर्वेंट के खिलाफ कार्रवाई की जाती है।सर्वोच्च न्यायालय डीएमके विधायक व तमिलनाडु के मंत्री सेंथिल बालाजी के खिलाफ दर्ज केस की सुनवाई कर रही थी। उन पर आरोप है कि 2011-15 के बीच स्टेट ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन में हुई भर्तियों के मामले में रिश्वत ली गई थी। ये रकम उन लोगों से ली गई थी जो नौकरी हासिल करना चाहते थे। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में फिर से जांच का आदेश भी दिया। इस मामले में मद्रास हाईकोर्ट ने सेंथिल के खिलाफ ईडी की जांच पर स्टे लगा दिया था। सुप्रीम कोर्ट



में हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी। जस्टिस रामसुब्रमण्यम ने फैसले फैसले में लिखा कि ये पता लगाने के लिए किसी रॉकेट साइंस की जरूरत नहीं है कि अगर कोई पब्लिक सर्वेंट रिश्वत लेता है तो वो अपराध करता है। उसके बाद उन्होंने मनी लांड्रिंग के सेक्शन 3 की परिभाषा बताई। उनका कहना था कि इसके तीन हिस्से हैं। पर्सन, प्रोसेस ऑफ एक्टिविटी और प्रोडक्ट। उन्होंने फैसले में लिखा कि पर्सन और प्रोसेस को लेकर कहीं कोई शक नहीं है। लेकिन प्रोडक्ट के लिए सेक्शन 2(1)(व) को समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सेक्शन 3 में अपराध की छह तरह की आपराधिक गतिविधियां बताई गई हैं। ये कंसीलमेंट, पजेशन, एक्विजिशन, यूज, प्रोजेक्टिंग एज अनटेंटेड मनी, क्लेमिंग एज अन टेंटेड मनी हैं। इसमें तीसरी गतिविधि कुछ भी हासिल करने से जुड़ी है।

## पत्नी-बच्ची से मिलने को ले आईएएस छवि रंजन ने कोर्ट से मांगी इजाजत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जमीन घोटाले मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस छवि रंजन की ओर से पीएमएलए कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। छवि रंजन अपनी पत्नी और बच्ची से सप्ताह में दो दिन मिलना चाहते हैं। इसकी अनुमति देने के लिए उन्होंने कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इसपर गुरुवार को अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान छवि रंजन के अधिवक्ता ने कोर्ट से आग्रह किया कि उन्हें सप्ताह में दो दिन परिवारवालों से मिलने दिया जाए। इस पर ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका ने इसका विरोध करते हुए दलील दी कि न्यायिक हिरासत में रह रहे किसी



भी व्यक्ति को विशेष सुविधा नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक आरोपित जेल में है, उसे जेल मैनुअल के मुताबिक ही सुविधा मिलती है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने छवि रंजन की याचिका पर आदेश के लिए 22 मई की तिथि निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि बीते चार मई को पूछताछ के दौरान ईडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को गिरफ्तार किया था।

### शाह पर राहुल गांधी की टिप्पणी मामले में दो हफ्ते बाद सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में गुरुवार को भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी करने से जुड़े चाईबासा कोर्ट में दर्ज केस को निरस्त करने को लेकर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की याचिका की आंशिक सुनवाई हुई। मामले में वादी राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता दीपांकर ने समय की मांग की। इसपर कोर्ट ने दो सप्ताह का समय वादी को प्रदान किया है। प्रतिवादी प्रताप कुमार की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार सिन्हा, अधिवक्ता विनोद कुमार साहू एवं अधिवक्ता कुमार हर्ष ने पैरवी की।

## न्यायिक हिरासत में कुख्यात गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव

### कड़ी सुरक्षा के बीच लाया गया अदालत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड एटीएस के द्वारा गिरफ्तार किए गए कुख्यात गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को न्यायिक हिरासत में रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया गया है। इससे पहले अमन पर प्रतिद्वंदी गैंग के हमले की आशंका को देखते हुए गुरुवार को उसे बेहद गोपनीय तरीके से रांची सिविल कोर्ट में पेश किया गया और फिर उसे कड़ी सुरक्षा के बीच रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया गया।

गुरुवार को एटीएस ने कड़ी सुरक्षा के बीच एटीएस मुख्यालय से अमन



को निकालकर अदालत ले गई उस दौरान अदालत में सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी कर दी गई थी। पेशी के दौरान उच्च कोटि के सुरक्षा मानकों का ध्यान रखा गया जिसके बाद अदालत ने अमन को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। अदालत के आदेश के बाद एटीएस की टीम ने कड़ी सुरक्षा के बीच अमन को रांची ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### खौफ की कमाई के निवेश और आर्म्स को लेकर होगी पूछताछ

झारखंड एटीएस के द्वारा मुंबई से गिरफ्तार किए गए गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को रिमांड पर लेने की तैयारी है। इससे पहले अमन से हुई पूछताछ में एटीएस को अमन गिरोह के सक्रिय सदस्यों, मददगार सफेदपोश जिसमे राजनेता और पुलिस वाले भी शामिल है उनके सम्बंध में जानकारी हासिल हुई है।वही अमन के द्वारा की गई खौफ की कमाई को बाजार में इन्वेस्ट करने वालो के नाम भी उजागर हुए है। एटीएस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अमन श्रीवास्तव अपने कुछ खास गुर्गों के ही संपर्क में रहा करता था। श्रीवास्तव गिरोह के सक्रिय सदस्यों में फिरोज खान, मिनहाज, मुकेश सिंह कर्मवीर उर्फ शिवा शामिल है ये तीनो फिलहाल जेल से बाहर निकल चुके है और लगातार अमन के संपर्क में थे और अमन के इशारों पर काम किया करते थे।वही जेल में बंद श्रीवास्तव गिरोह का प्रमुख शूटर शिव शर्मा भी अमन के संपर्क में था। एटीएस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रिंस श्रीवास्तव नाम का एक व्यक्ति जो अमन का बेहद करीबी है। वह अमन के द्वारा की गई ब्लैक मनी को निवेश करने का काम किया करता था। इस मामले में जल्द ही एटीएस प्रिंस श्रीवास्तव से भी पूछताछ करने वाली है।

**उद्घाटन** अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय एक्सपो-2023 का किया शुभारंभ

## भारतीय संग्रहालयों का व्यापक सर्वेक्षण है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली के प्रगति मैदान में अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय एक्सपो-2023 का उद्घाटन कर शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदर्शनी का निरीक्षण भी किया। आजादी के अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में 47वें अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस का जश्न मनाने के लिए इस अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष के लिए अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस का विषय 'संग्रहालय, स्थिरता और कल्याण' रखा गया है। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी, मीनाक्षी लेखी और अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद रहे। मेघवाल



को आज ही उनके मौजूदा मंत्रालयों के साथ-साथ कानून और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री के तौर पर स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने नॉर्थ एवं साउथ ब्लॉक में बनने वाले राष्ट्रीय संग्रहालय के वर्चुअल वॉकथ्रू का भी उद्घाटन किया। यह संग्रहालय भारत के अतीत से संबंधित उन ऐतिहासिक घटनाओं, व्यक्तित्वों, विचारों और ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### स्वदेशी तकनीक का निर्माण कर देश-दुनिया में आगे बढ़ रहा भारत : पीएम

**प्रधानमंत्री** ने गुरुवार को कहा कि पहले के मुकाबले गुरुवार 'न्यू इंडिया' तकनीक का निर्माण स्वदेशी रूप से कर रहा है और उसे देश के कोने-कोने में पहुंचा रहा है। 'वंदे भारत' ट्रेन भी भारत ने अपने बलबूते पर बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ओडिशा में 8,200 करोड़ रुपये की कई रेल परियोजनाओं का शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पित किया। परियोजनाओं में पुरी और हावड़ा के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाना, पुरी और कटक रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए आधारशिला रखना, ओडिशा में रेल नेटवर्क के 100 प्रतिशत विद्युतीकरण, संबलपुर-टिटलागढ़ रेल लाइन का दोहरीकरण, अंगुल-सुकिंदा के बीच नई ब्रॉड गेज रेल लाइन, मनोहरपुर-राउरकेला-झारसुगुड़ा-जमगा को जोड़ने वाली तीसरी लाइन और बिछुपाली-झरतरभा के बीच नई ब्रॉड-गेज लाइन शामिल है। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल के दिनों में भारत ने अत्यंत विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपने विकास की गति को बनाए रखा है। इसके पीछे एक बड़ा कारण है कि इस विकास में हर राज्य की भागीदारी है और देश हर राज्य को साथ लेकर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने कोरोना जैसी महामारी की स्वदेशी वैक्सीन तैयार कर दुनिया को चौंका दिया था। उन्होंने कहा कि इन सब प्रयासों में समान बात यह है कि सारी सुविधाएं किसी एक शहर या राज्य तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि सबके पास तेजी से पहुंचीं। हमारी 'वंदे भारत ट्रेनें' भी अब उत्तर से लेकर दक्षिण तक, पूरब से लेकर पश्चिम तक देश के हर किनारे को स्पर्श करती हैं।

## किस कारण सिद्धारमैया को बनाना पड़ा मुख्यमंत्री



**कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली**

कांग्रेस के सामने ऐसी कौन सी मजबूरी है जिसके चलते सिद्धारमैया को बनाना पड़ा है कर्नाटक का मुख्यमंत्री। जबकि संसाधन से लगायत अपने लोगों सहित सबसे ज्यादा मेहनत किया राज्य कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने। इसके बावजूद डीके शिवकुमार को मुख्यमंत्री नहीं बनाकर, उप मुख्यमंत्री बनाया गया है। तर्क दिया जा रहा है कि डीके शिवकुमार पर आय से अधिक संपत्ति से संबंधित मामले चल रहे हैं। कर्नाटक में सत्ता जाने से तिलमिलाई केंद्र की भाजपा सरकार लोकसभा चुनाव के पहले राज्य के सभी बड़े कांग्रेस नेताओं के पीछे ईडी व सीबीआई को लगाएगी। कई को जेल में भी डाल सकती है। क्योंकि कांग्रेस के नेताओं को जेल में नहीं डाला गया, उनको व उनके संसाधन को घेरा नहीं गया, तो 10 माह बाद होने वाले 2024 के लोकसभा में, राज्य में भाजपा की लोकसभा सीटें जितनी मिली हैं, उसकी आधी हो जाएंगी। इसीलिए तो कर्नाटक के उस पुलिस अफसर को सीबीआई प्रमुख बनाया गया है, जो राज्य में बड़े पद पर रहते हुए डीके शिवकुमार व अन्य कई कांग्रेसी नेताओं के पीछे पड़े हुए थे। जिसके बारे में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

NEWS इन ब्रीफ

## जमशेदपुर में पिकअप वैन और बस की टक्कर में सात मजदूर घायल

**जमशेदपुर।** बहरागोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-49 पर बेला चौक के समीप बुधवार देर रात को सोना चांदी बस (डब्ल्यूबी 76ए 5500) ने धान से लदे पिकअप वैन (जेएच 05बीएक्स 2951) को जोरदार टक्कर मार दिया। इस टक्कर में पिकअप वैन के चालक समेत सात मजदूर घायल हो गए। घायलों में पश्चिम बंगाल के बाबू भगत (28), काठि दोलाई (20), भाटू भोक्ता (20), अशीत प्रामाणिक (18), संजय बेरा(28), अधीन बेरा (26) तथा पलाश प्रामाणिक (44) हैं। घायलों को तत्काल स्थानीय लोगों की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लाया गया। यहां सभी का प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए 108 एंबुलेंस से पीआरएम मेडिकल कॉलेज बारीपदा रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

## खूंटी में महिला की हत्या आरोपित गिरफ्तार

**खूंटी।** खूंटी थाना क्षेत्र स्थित बारुडीह गांव में कैरी मुंडू की हत्या कर दी गई। बताया जाता है कि आपसी विवाद में इस घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम राजन मुंडू है और बारुडीह गांव का ही रहने वाला है। इस मामले में पुलिस ने खून से लगा डंडा भी बरामद किया है।

## फायरिंग ट्रेनिंग में 13 वायरलेस इंस्पेक्टर हुए पास

**रांची।** फायरिंग ट्रेनिंग में 13 वायरलेस इंस्पेक्टर पास हो गये हैं। इनमें रौशन कुमार उरांव, विकास प्रसाद, रिंकी कुमारी, धनिष कुमार सिंह, दीनबंधु हांसदा, लीना कुमारी सोरेन, विकाश कुमार, देवकुमार, मृगेंद्र शनि, राखो हरि मुंडा, अंशु कुमारी सिंह, दुर्गेश कुमार और मो निजामुद्दीन शामिल हैं। गुरुवार को पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इससे पूर्व पुलिस वायरलेस के नवनियुक्त 13 प्रशिक्षु इंस्पेक्टर फायरिंग की परीक्षा में फेल हो गये थे। इसके बाद इन सभी इंस्पेक्टर का 28 अप्रैल को एसआईआरबी -दो ने खूंटी में ट्रेनिंग आयोजित किया था । ट्रेनिंग के बाद सभी 13 इंस्पेक्टर फायरिंग की परीक्षा में पास हो गये।

## गिरिडीह में सड़क हादसे में महिला की मौत

गिरिडीह। बेंगाबाद-गिरिडीह मार्ग पर गुरुवार को नवडीहा बारोटांड़ में बांस की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। बताया जाता है कि नबडीहा निवासी सुनील वर्मा पत्नी के साथ बेंगाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बच्ची के इलाज के लिए जा रहे थे। घर से कुछ दूर मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे एक व्यक्ति द्वारा बांस तोड़ने के क्रम में सुनील की बाइक से बांस से टकरा गई।

# जहां नक्सलियों का था उत्पात , अब आया बदलाव




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
जिला मुख्यालय से सटा दलित व आदिवासी बाहुल्य कोगड़ी गांव जिस गांव के ठीक पीछे नक्सलियों ने कभी बड़ी घटना को अंजाम दिया था। जहां के लोग विकास की बाट जोहते थे, अब वहां की तस्वीर बदल चुकी है। चार वर्ष पूर्व ही बदहाल पहुंच पथ बेहतरीन सड़क में तब्दील हो गई। गांव के खम्भों में लगे तार में करंट दौड़ पड़ा तो घरें भी बिजली से रौशन हो गई लेकिन सबसे बड़ी राहत पेयजल ने यहां के लोगों को दी है। दशकों से पेयजल की घोर समस्या झेल रहे इस गांव के घर घर तक पाइपलाइन पहुंच चुका है। गलियों में नल के माध्यम लोगों को पानी मिल रहा है। यह खबर पढ़कर आप सोच रहे होंगे कि इस तरह पानी की व्यवस्था कई गांव में हो चुकी है तो आखिर इसमें विशेष क्या है, विशेष यहां की समस्याओं का निदान ही है।गिरिडीह के कोगड़ी गांव में पेयजल की समस्या काफी विकराल रही है। यहां पर ना चापाकल था और ना ही जलापूर्ति को व्यवस्था। ऐसे में इस गांव की महिलाएं व बच्चे पौ फटते ही पानी की खोज में निकल पड़ते। गांव के पास अवस्थित नदी-नाले में पहुंच कर कमर तक चुआं खोदते उसके बाद कटोरी से पानी निकाल-निकालकर बड़े बर्तनों में भरा जाता। घंटों की मेहनत के बाद एक दो बड़े बर्तन में पानी जमा होता और फिर इसे लेकर लोग घर पहुंचते थे। यह समस्या सालों भर रहती लेकिन सबसे अधिक दिक्कत गर्मी व बरसात में होती। बरसात में स्वच्छ पानी के लिए यहां के लोगों को काफी लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। यह स्थिति पिछले वर्ष तक बरकार थी लेकिन इस गर्मियों में यहां के लोग पानी के लिए निश्चित हैं। इस बार यहां के लोगों को चुआं नहीं खोदना पड़ा है। लोगों के घर तक पानी पहुंच चुका है। इससे यहां के लोगों खासकर महिलाओं में काफी खुशी देखी जा रही है। स्थानीय महिला गुड़िया देवी व बिमली देवी बताती हैं कि जब से वो इस गांव में आई हैं तभी से पानी की समस्या से दो चार होना पड़ता था। सालों भर नदी नाले पर ही निर्भर रहना पड़ता था। हर वर्ष गर्मियों में जब वे लोग चुआं खोदकर पानी निकालती। यहां जब भी पत्रकार पहुंचते और अखबार में उनकी बदहाली की तस्वीर भी छपती। उनकी समस्या पर ध्यान दिया गया और अंततः उनके घरों तक पानी पहुंचा।

## जैक जल्द जारी करेगा मैट्रिक और इंटर का रिजल्ट

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) मैट्रिक और इंटर की परीक्षा का परिणाम जल्द जारी करेगा। इसकी तैयारियों पूरी कर ली गई हैं। जैक की आधिकारिक वेबसाइट पर मैट्रिक और इंटर साइंस का रिजल्ट एक ही दिन जारी होगा। इसके तुरंत बाद स्टूडेंट्स स्कोर कार्ड डाउनलोड भी कर पायेंगे। इस वर्ष रिकॉर्ड समय सीमा के भीतर कॉपी की जांच हुई है। रिजल्ट 20 या 21 मई को जारी होने की संभावना है। जैक से मिली जानकारी के मुताबिक झारखंड बोर्ड की ओर से जल्द ही रिजल्ट की तारीख और समय की घोषणा कर दी जायेगी। पहले 10वीं के रिजल्ट जारी होंगे और उसके बाद इंटर साइंस के परीक्षा परिणाम भी घोषित कर दिये जायेंगे। जैक ने परीक्षा परिणाम का डायरेक्ट लिंक जारी भी कर दिया है। परीक्षा परिणाम की आधिकारिक घोषणा के बाद छात्र-छात्राओं को स्कोर कार्ड डाउनलोड करने की सुविधा भी एक्टिवेट कर दी जायेगी। उल्लेखनीय है कि जैक ने इस वर्ष 14 मार्च से तीन अप्रैल के बीच मैट्रिक और इंटर की परीक्षा आयोजित की थी।

## झारखंड हाई कोर्ट ने निगम और आरआरडीए से नक्शा पास करने पर लगायी रोक हटायी

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस रत्नाकर भेंगरा की खंडपीठ ने गुरुवार को नक्शा पास करने के लिए अवैध वसूली करने मामले में स्वतः संज्ञान से दर्ज जनहित याचिका पर सुनवाई की। हाई कोर्ट सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम और आरआरडीए से नक्शा पास किये जाने पर लगी रोक हटा दी है। हाई कोर्ट के इस फैसले के बाद रांची एवं आसपास के लोगों को बड़ी राहत मिली है। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन और अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पक्ष रखा। इसमें नक्शा पास करने के लिए निर्धारित राशि से तीस प्रतिशत अधिक राशि की वसूली की जाती है। पूर्व में सुनवाई के दौरान अदालत ने नगर निगम में नक्शा पास करने पर रोक लगाई थी।

## 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम का ट्रायल रांची में

**रांची।** 13 वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम का ट्रायल 27 मई को रांची के एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम बरियातू गर्ल्स हाई स्कूल में किया जाएगा। चैंपियनशिप 12 से 22 जून 2023 तक राऊलकेला ,उड़ीसा में आयोजित होगा। चयन ट्रायल में झारखंड के कोई भी पुरुष हॉकी खिलाड़ी भाग ले सकते हैं, जिनका जन्म तिथि एक जनवरी 2004 एवं उसके बाद का हो । ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपने साथ नगर निगम और ग्राम पंचायत द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा जिन खिलाड़ियों का हॉकी इंडिया में पूर्व से निबंधन नहीं है, वह हॉकी इंडिया द्वारा जारी किए गए हैं। साथ ही फॉर्मेट में डॉक्टर द्वारा उम्र पात्रता प्रमाण पत्र और विद्यालय में वर्तमान में पढ़ाई कर रहे है उस विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा निर्गत बोनोफाईड प्रमाण पत्र साथ में लाना अनिवार्य है। यह जानकारी गुरुवार को हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर ने दी।

## पंचायत सचिव पद के लिए चयनित उम्मीदवारों का 19 मई को होगा डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन

**रांची।** पंचायत सचिव पद के लिए चयनीत उम्मीदवारों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 19 मई को होगा। इस संबंध में रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि पंचायत सचिव उम्मीदवारों का 19 मई सुबह 11 बजे से कचहरी रोड स्थित विकास भवन में डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन होगा। उम्मीदवारों को अपने साथ दो फोटो और डॉक्यूमेंट लाना अनिवार्य है। पंचायत सचिव के 1633 चयनित अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 24 मई को नियुक्ति पत्र देंगे। पंचायती राज विभाग ने नियुक्ति से संबंधित निर्देश जारी कर दिया है। पूर्व में जिन उम्मीदवारों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन पूरा हो चुका है, उनसे जिला का प्रेफरेंस मांगा गया था। इसके बाद उन्हें जिला अलॉट किया गया। अभी भी कुछ उम्मीदवारों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन चल रहा है। ऐसे में शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जांच 22 मई से पहले पूरा करने को कहा गया है।

## हत्या मामले में गिरफ्तार बेगुनाह को कोर्ट ने किया बरी

**रांची।** अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत ने बेगुनाह सूरज कुमार सोनी को हत्या के आरोप से बरी कर दिया है। पुलिस की लापरवाही से वह 19 माह तक जेल में रहा। अभियोजन पक्ष की ओर से 11 गवाह पेश किए गए। पुलिस ने गवाही में कहा कि यह वह युवक नहीं हैं, जो हत्या का आरोपित है। सूरज की ओर से अधिवक्ता राहुल पांडेय और राकेश तिवारी ने बहस की। उल्लेखनीय है कि नौ सितंबर, 2021 को विमल महतो की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में नगड़ी थाना की पुलिस ने 12 अक्टूबर, 2021 को कल्लू उर्फ सूरज सोनी के बदले दूसरे युवक सूरज सोनी और एक अन्य युवक को जेल भेज दिया था। मुख्य आरोपित अब भी फरार है।

## हाई कोर्ट ने अभिषेक झा की अग्रिम जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत में गुरुवार को मनरेगा घोटाले से अवैध कमाई करने के मनी लांड्रिंग करने के मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। इसके बाद कोर्ट ने मामले को मैं फैसला सुरक्षित रख लिया। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा एवं विभास सिन्हा ने कोर्ट को बताया कि इस मामले में ईडी ने अनुसंधान पूरा करते हुए उनके चार्जशीट दाखिल कर दी है। ऐसे में उन्हें अग्रिम जमानत दी जाए। पूर्व में पांच नवंबर, 2022 को ईडी की विशेष अदालत में अभिषेक झा की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया था, जिसके बाद उनकी ओर से हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका की गुहार लगाई गई है। मनरेगा घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में निलंबित आईएएस पूजा सिंघल उनके पति अभिषेक झा और सीए सुमन कुमार सिंह समेत सात लोगों को आरोपित बनाया है।

## झारखंड से चलने वाली कई ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त कोच

**रांची।** झारखंड में गर्मी की छुट्टी व लगन के सीजन में ट्रेनों में भारी भीड़ उमड़ रही है। ऐसे में अधिकांश ट्रेनों में लंबी वेटिंग चल रही है। कई ट्रेनों तो रेलवे वे बुकिंग लेना बंद कर दिया है। इस वजह से कई यात्री यात्री अपने टिकट को कंफर्म कराने के लिए परेशान हैं। ऐसे में भीड़ को देखते हुए रेलवे ने धनबाद, गोमो, बोकारो होकर चलने वाली कई ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़ने की घोषणा की है। हावड़ा और सियालदह के साथ रांची से नई दिल्ली जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच जोड़े जाएंगे। धनबाद, गोमो, बोकारो समेत आसनसोल व जसीडीह रूट से चलने वाली ट्रेनों के साथ हावड़ा और सियालदह से चलने वाली कुल 29 ट्रेनों में स्लीपर और एसी कोच जुड़ेंगे। 18624 हटिया - इस्लामपुर एक्सप्रेस में 19 और 20 को एक अतिरिक्त स्लीपर व एक अतिरिक्त थर्ड एसी कोच, 12825 रांची - आनंदविहार झारखंड संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में 18 व 22 को एक अतिरिक्त स्लीपर कोच।

### जिस जेल का सुपरिटेंडेंट होने पर लेते थे सलामी

# अब कैदी बनकर मुश्किल में गुजर रही रात




**नवीन मेल संवाददाता। साहिबगंज**
मंडल कारा में बंद आईएएस अनिल कुमार वर्ष नवंबर 2009 से अक्टूबर 2010 तक जेल सुपरिटेंडेंट हुआ करते थे। इनका शासन कैदियों पर चला करता था। आज समय का रुख ऐसा हुआ कि जिसे जेल के लोग कैदी या अन्य कर्मी सलामी देते थे आज वो जेल में कैदी बनकर पहुंचे हैं। अनिल कुमार तीन साल तक साहिबगंज कार्यपालक दंडाधिकारी के पद पर कार्यरत थे। इस पद पर रहते कई पद पर प्रभार पर थे। जिसमें जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पंचायती पदाधिकारी, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सहित अन्य पदों पर प्रभार में रहकर काम कर रहे थे। जेल में बंद आईएएस अनिल कुमार की रात बड़ी मुश्किल से कट रही है। रात को देर रात होने पर सोने की कोशिश करते है। जेल प्रबंधक के द्वारा खाना दिया जाता है तो खाना आधा अधूरा खाकर छोड़ देते हैं। अनिल कुमार ने डायबिटीज और इंसुलिन बढ़ने की शिकायत की है। भोजन में चावल और आलू नहीं देने की जेल अधीक्षक से गुजारिश की है। संभवतः आज डॉक्टर से हेल्थ चेकअप कराया जाएगा। परहेज के तौर पर भोजन में क्या क्या चाहिए। जेल प्रशासन को डॉक्टर के द्वारा रिपोर्ट सौंपी जाएगी।गौरतलब है कि पिछले साल अनिल कुमार का प्रमोशन आईएएस के रुप में हुआ था। पलामू में बंदोबस्त पदाधिकारी के पद पर कार्यरत थे। अपने कार्यकाल के दौरान शिक्षक नियुक्ति मामले में पंजी गायब करने का मामला प्रकाश में आया था। तत्कालीन डीसी ने क्लर्क दिलीप पांडे की नियुक्ति संबंधी मामले में जांच तत्कालीन डीएसओ अनिल कुमार को दिया गया था। एक व्यक्ति ने सूचना अधिकार अधिनियम के तहत सूचना मांगी तो फाइल डीईओ कार्यालय तक नहीं पहुंचा था। मामला राज्य सूचना आयोग तक पहुंचा। तत्कालीन डीईओ भलेरियन तिर्की ने तत्कालीन डीईओ सुशील कुमार राय और दिलीप पांडे समेत पांच लोगों पर केस दर्ज कराया। पुलिस के अनुसंधान में डीएसओ अनिल कुमार का केस में नाम जोड़ा गाय। इसके बाद साहिबगंज न्यायालय ने गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किया था।

## हाई कोर्ट में तन हाईट्स बिल्डिंग सोसाइटी की याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश शंकर की कोर्ट में गुरुवार को रतन हाईट्स बिल्डिंग सोसाइटी की याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में हाई कोर्ट के प्रतिवादी बिल्डर वीकेएस रियलिटी की ओर से बहस की गयी। शुक्रवार को मामले की फिर सुनवाई होगी। कोर्ट ने 46 कट्ठा पर बनाये जाने वाले जी प्लस 5 भवन के निर्माण कार्य पर रोक जारी रखी है। पूर्व की सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से बहस पूरी हो गयी थी। मामले में कोर्ट के आदेश के आलोक में बिल्डर वीकेएस रियलिटी ने पूर्व में रिटेनिंग वॉल को लेकर अंडरटेकिंग दिया था। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रोहित रंजन सिन्हा ने पक्ष रखा।

# सालखन मुर्मू ने आदिवासियों को एकजुट होने का किया आह्वान




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आदिवासी सेंगल अभियान के अध्यक्ष सालखन मुर्मू ने आदिवासियों को एकजुट होने का आह्वान करते हुए विभिन्न मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और कई पार्टियों का पुतला दहन किया। इसके साथ ही 30 जून को कोलकाता में होने वाले विश्व सरना धर्म कोड जनसभा में आदिवासियों से महाजुटान की अपील की है। आदिवासी सेंगल अभियान के अध्यक्ष सालखन मुर्मू आदिवासियों के हक को लेकर लगातार अभियान चला रहे हैं। इसी के मद्देनजर राजधानी रांची में भी गुरुवार को सालखन मुर्मू ने आदिवासियों के विभिन्न मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके तहत सालखन मुर्मू और उनके कार्यकर्ताओं ने विभिन्न सरकारों के पुतले को दहन कर आदिवासियों के जायज मांग को पूरा करने की मांग की। आदिवासी सेंगल अभियान के द्वारा बीजद, टीएमसी, जेएमएम और कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन किया गया। सालखन मुर्मू ने जानकारी देते हुए बताया कि पुतला दहन का मुख्य उद्देश्य यह है कि मुख्यमंत्री किसी भी मामले पर जवाब नहीं देते। इसलिए मुख्यमंत्री से मांग किया गया है कि वह जवाब दें, नहीं तो गद्दी छोड़ने का काम करें। सालखन मुर्मू ने कहा कि आदिवासी सरना धर्म कोड को लेकर अभी तक मुख्यमंत्री कुछ भी जवाब नहीं दे रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सिर्फ आदिवासियों को ठगने का काम कर रहे हैं। सालखन मुर्मू ने मुख्यमंत्री से सवाल करते हुए कहा कि पारसनाथ मामले में भी आदिवासियों को मुंह की खानी पड़ी। मुख्यमंत्री ने पारसनाथ में मरांगबुरू के पहाड़ को जैन धर्म के लोगों के हाथों में सौंपने का काम किया है। इसके अलावा उन्होंने संताली भाषा को राज्य की प्रथम राजभाषा का मान्यता नहीं देने पर भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जवाब मांगा है।

**वश्व सरना धर्म कोड जनसभा में आदिवासियों से महाजुटान की अपील की है**

जानकारी

### प्रशिक्षण में जिले के 19 पशु पालक किसानों ने लिया भाग

# व्यावसायिक रूप से बकरी पालन कर बनें आत्मनिर्भर




**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
जिले के विभिन्न प्रखंडों के लिए आर सेटी की ओर से आयोजित 10 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण का समापन हो गया। प्रशिक्षण में जिले के 19 पशु पालक किसानों ने भाग लिया। रांची से आये प्रशिक्षिक अशोक कुमार ने प्रशिक्षुओं के साथ पशुपालन से जुड़ी सभी जानकारियां साझा की तथा व्यावसायिक तौर पर बकरी पालन करने की बात कही। प्रशिक्षण के दौरान बकरी पालन बैच को टीकाकरण का व्यावहारिक ज्ञान देने के लिए रनिया प्रखंड के रेबेद गांव ले जाया गया, जहां उन्हें बकरियों के टीकाकरण की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के अंत में प्रशिक्षण का मूल्यांकन और प्रमाणीकरण नेशनल अकादमी ऑफ रुडसेटी के सुरेन्द्र कुमार सिंह और संतोष राणा द्वारा किया गया। बताया गया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सभी प्रशिक्षुओं को बकरी पालन की पूरी जानकारी देना था, ताकि वे अपने अपने कार्य क्षेत्रों में जाकर अनुभव साझा करें और सेवा प्रदान करें। साथ ही खुद व्यवसाय से जुड़क आत्मिर्भर बन सकें। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न नस्ल की बकरियों, क्रॉस ब्रीडिंग, बकरी पालन से जुड़े व्यावसायिक लाभ तथा उनसे जुड़ी बीमारियां, उनका निवारण, दवा का सही उपयोग आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दीग गई। संस्थान के संकाय सदस्य सुशील कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को व्यवसाय से जुड़े सभी पहलुओं से अवगत कराया। इनमें प्रमुख्तः एक सफल उद्यमी बनने के गुण, बाजार प्रबंधन, समस्या समाधान प्रबंधन, बैंकिंग, बीमा योजना, प्रोजेक्ट रिपोर्ट की तैयारी, विभिन्न सरकारी बैंक संबंधी योजनाओं और कौशल विकास आदि से संबंधित जानकारी साझा की गई। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक आरसेटी जशन कुजूर उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और हौसला अफजाई करते हुए प्रशिक्षुओं को सकारात्मक और संयमी बनकर सफल उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया।

## केसीसी कार्य का मिशन मोड में संचालन के निर्देश

**खूंटी ।** खूंटी प्रखंड में बीएलबीसी की बैठक आयोजित की गई। बीएलबीसी की बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी, खूंटी द्वारा विभिन्न बैंकों के केसीसी योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदन एवं लाभुकों को स्वीकृत किये गये लोन की स्थिति सहित अन्य बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा की गई। साथ ही सभी कृषक मित्रों को अपने क्षेत्र में किसानों को योजना के संबंध में जागरूक करने के निर्देश दिए गए। मौके पर केसीसी योजना के तहत ऋण स्वीकृत करने की गति में तीव्रता लाने का निर्देश दिया गया। केसीसी योजना के तहत ऋण के लिए आवेदन प्राप्त करने और स्वीकृत करने के कार्य को मिशन मोड में करने हेतु पंचायतों में शिविर लगाया जा रहा है। इसे लेकर विशेष रूप से कृषक मित्रों को लगाए जा रहे शिविर के माध्यम से योग्य किसानों को लाभान्वित करने के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही ग्राम स्तर पर बैठक आयोजित कर लोगों को इस संबंध में जागरूक करने तथा उन्हें योजना से जोड़ने के निर्देश दिए गए। बैठक में विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी।

# हाई कोर्ट में झारखंड विधानसभा में नमाज कक्ष आवंटन मामले की हुई सुनवाई



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को झारखंड विधानसभा में नमाज कक्ष के रूप में एक रूम को नोटिफाइड किए जाने को चुनौती देने वाली अजय कुमार मोदी की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में झारखंड विधानसभा की ओर से दायर शपथ पत्र कोर्ट के रिकॉर्ड में नहीं आ सका था, जिस पर कोर्ट ने याचिकाकर्ता को फिर से जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 22 जून को निर्धारित की है।
विधानसभा के शपथ पत्र में बताया गया है कि विधानसभा में सात विधायकों की सर्वदलीय कमेटी बनाई गई है, जो विधानसभा में नमाज कक्ष के बारे में 31 जुलाई तक अपनी रिपोर्ट देगी। विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि देश के अलग-अलग राज्यों के विधानसभा से नमाज कक्ष को लेकर एक रिपोर्ट मंगाई गई है। उनकी रिपोर्ट के आधार पर कानूनी पक्ष को देखते हुए इस संबंध में कमेटी अपना रिपोर्ट देगी। यह देखा जा रहा है कि देश के किन- किन राज्यों के विधानसभा में नमाज कक्ष की व्यवस्था है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा में नमाज कक्ष आवंटित करने का यह मामला साल 2021 का है। झारखंड विधानसभा में सत्र शुरू होते ही कमरा नंबर टीडब्ल्यू-348 आवंटित किया गया। इससे संबंधित आदेश दो सितंबर 2021 को जारी किया गया था। आदेश की कॉपी में विधानसभा के उपसचिव नवीन कुमार का हस्ताक्षर भी है। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र महतो के निर्देश पर विधानसभा सचिवालय की ओर से जारी पत्र के बाद विपक्षी दलों के इसका विरोध शुरू कर दिया था। विशेष रूप से भाजपा ने कड़ा विरोध किया था।

## बीएयू ने किसानों को निः शुल्क कृषि उपकरण व वमीबेंड का किया वितरण

# कुलपति ने किसानों की उन्नति पर दिया जोर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह की पहल पर विवि संस्थापक स्व. कार्तिक उरांव के गुमला जिला में स्थित पैतृक गांव करौंदा लिटाटोली एवं समीपवर्त्ति टोला में लघु कृषि उपकरण एवं वमीबेंड का निः शुल्क वितरण किया गया। मौके पर बीएयू वैज्ञानिक डॉ. बन्धनु उरांव द्वारा कुल 220 जनजातीय किसानों को किसानोपयोगी लागु उपकरण तथा 10 जनजातीय किसानों वमीबेंड प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम प्रधान चंदन उरांव, समाजसेवी बुद्धेश्वर उरांव एवं पूर्व वार्ड सदस्य कमलेश्वर मिंज ने सहयोग दिया।

इस दौरान बीएयू वैज्ञानिक डॉ बन्धनु उरांव ने बताया कि बीएयू कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह के मार्गदर्शन में झारखंड के शहीदों के गांव के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए किसानों को लघु कृषि उपकरण एवं वमीबेंड उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कृषि यंत्र एवं मशीनों के उपयोग से कम समय में कम श्रम के साथ तथा कम लागत से अधिक पैदावार ली जा सकती है। कुलपति ने किसानों की उन्नति के लिए हर तरह के सहयोग की बात कही। उन्होंने कहा कि देश के किसान सर्वोपरि हैं, इन्हें पूरी सुविधा देने से फसल की अच्छी उपज कर सकते हैं। जब हमारे देश में सफल की उपज अच्छी होगी तभी हमारा देश उन्नति करेगा। हमारा देश एक क़ृषि प्रधान देश है, यहां फसल की अच्छी पेदावार होती और लोग शान से जीते हैं। इसके अलावा मूल्यवान कृषि निवेश जैसे बीज, उर्वरक, पानी, कृषि रक्षा दवाओं आदि का उपयोग भी इन्हीं कृषि यंत्रों एवं मशीनों की मदद से किया जाता है। डॉ बन्धनु उरांव ने कहा कि वर्मी/वर्म बेड आम तौर पर मल्टीलेयर कंटेनर होते हैं, जिनमें लाल कृमि (केंचुए) कार्बनिक पदार्थ खाते हैं और पोषक तत्वों से भरपूर खाद का उत्पादन करते हैं। वर्मी बेड को आपकी रसोई और अन्य हरे कचरे को अत्यधिक उपजाऊ जैविक खाद में बदलने के लिए डिजाइन किया गया है। एक वर्मी बेड, कम्पोस्ट बिन का बड़ा रूप है, जिसमें मिट्टी के लिए लाभकारी सूक्ष्मजीव पैदा करने के लिए अधिक जगह होती है और अतिरिक्त खाद के उत्पादन के लिए अधिक स्थान भी होता है। इससे आसानी से और किफायती दरो में केंचुआ की खाद बना सकते है। वमीबेंड की आयु 10 साल की होती है।



**कुलपति ने किसानों की उन्नति के लिए हर तरह के सहयोग की बात कही। उन्होंने कहा कि देश के किसान सर्वोपरि हैं**

## बीएयू में आज निः शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का होगा आयोजन

**रांची।** बीएयू के विश्वविद्यालय अस्पताल में शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से निः शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में विवि मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ यूएस वर्मा के अलावे आयुष्मान अस्पताल के मेडीसिन, सर्जरी एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक सेवा प्रदान करेंगे। मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ यूएस वर्मा ने बताया कि निरोगी जीवन जीने की राह में नियमित अंतराल पर स्वास्थ्य जांच कराया जाना जरुरी है। कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों के लिए इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य जांच से रोगों के लक्षण एवं अग्रिम पहचान से बीमारी का ईलाज आसान होता है। इस शिविर में विवि के सभी डीन, डायरेक्टर, एसोसिएट डीन, पदाधिकारी, वैज्ञानिक, शिक्षक, कर्मचारी, आकस्मिक कर्मी, छात्र-छात्राएं और पारिवारिक सदस्य निः शुल्क स्वास्थ्य जाँच का लाभ ले सकते है।

## झारखंड के प्रवीण अखिल भारतीय ग्रैपलिंग विकास सलाहकार बोर्ड में शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के प्रवीण कुमार को अखिल भारतीय ग्रैपलिंग विकास सलाहकार बोर्ड में जगह मिली है। इसके अलावा बोर्ड में हरियाणा के प्रवीण शर्मा, उत्तर प्रदेश के संजय राय, चंडीगढ़ के मनोज टूल, असम के हजारिका, महाराष्ट्र के प्रशांत नवगिरे और छत्तीसगढ़ के उमेश साहू को भी जगह मिली है।भारतीय ग्रैपलिंग कमेटी ने अखिल भारतीय ग्रैपलिंग विकास सलाहकार बोर्ड का गठन किया। बोर्ड में सात सदस्यों को शामिल किया गया है, जो ग्रैपलिंग खेल और इससे जुड़ी गतिविधियों के साथ-साथ खेल के विकास को लेकर सलाह देंगे। अखिल भारतीय ग्रेपलिंग विकास सलाहकार बोर्ड में प्राथमिक तौर पर इसमें सात सदस्य होते हैं लेकिन आवश्यकता पड़ने पर और बेहतर ढंग से कार्यों का निष्पादित करने के लिए बोर्ड सदस्यों की एक कोर कमेटी भी काम करती है। यह कोर कमेटी योजनाबद्ध तरीके से लिखित रूप में अध्यक्ष या सचिव को सुझाव देते हैं। ये बोर्ड किसी भी राज्य समिति या उसके मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेंगे। ये केवल राज्यों के लिए योजना बनायेंगे और अंतरराष्ट्रीय टूनामेंटों और राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन के लिए हर माह दूसरे शनिवार को बैठक कर समस्याओं पर चर्चा करेंगे।

## झारखंड के विश्वविद्यालयों में आधी हुईं छुट्टियों पर शिक्षकों ने जताई नाराजगी, कहा-

# इससे रिसर्च, सेल्फ स्टडी भी बाधित होगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के सरकारी विश्वविद्यालयों में गर्मी छुट्टियों में कटौती और वार्षिक छुट्टियों के नए कैलेंडर पर शिक्षकों को सख्त ऐतराज है। छुट्टियों का नया कैलेंडर झारखंड के राज्यपाल, जो कि विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति भी होते हैं, की पहल पर आगामी एक जून से लागू किया जा रहा है। नए कैलेंडर के मुताबिक सालाना 87 की जगह अब 43 छुट्टियां होंगी। अलग-अलग विश्वविद्यालयों में शिक्षकों ने छुट्टियों की कटौती के विरोध में बैठक कर, धरना देकर और विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन देकर विरोध जताया है। राज्य के विश्वविद्यालयों में गर्मी की छुट्टी 27 दिन से एक महीने के बीच होती थी, लेकिन अब नए कैलेंडर के अनुसार 20 दिन छुट्टी मिलेगी। इसी प्रकार अन्य छुटिट्यों में भी कटौती की गई है। इसके अलावा अनेक पर्व-त्योहारों पर भी छुट्टियों के दिन घटाए गए हैं। राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन के निर्देश पर उनके ओएसडी जे मुकुलेशन नारायण ने आरयू के वीसी प्रो. अजीत कुमार सिन्हा, डीएसपीएमय के वीसी प्रो. तपन कुमार शांडिल्य समेत अन्य विवि अधिकारियों के साथ अवकाश को लेकर बैठक की थी। इसमें सभी विश्वविद्यालयों के अवकाश में समानता लाने और छुट्टियों के दिन कम करने पर सहमति बनी थी। रांची विश्वविद्यालय के शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने इस नए कैलेंडर की व्यवस्था पर विरोध जताते हुए वाइस चांसलर अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। रांची स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी के शिक्षकों ने भी इस मुद्दे पर बैठक की। शिक्षकों का कहना है कि यूजीसी की गाइडलाइन के अनुसार विश्वविद्यालयों में 180 दिन पढ़ाई होनी चाहिए। अब तक जो व्यवस्था लागू है, उसमें 225 दिनों की पढ़ाई का कैलेंडर लागू है। इसके बाद भी छुट्टियों में कटौती की नई व्यवस्था कतई उचित नहीं है। शिक्षकों का यह भी कहना है कि पूर्वनिर्धारित गर्मी छुट्टियों के हिसाब से कई शिक्षकों ने देश-विदेश के भ्रमण के लिए प्लान पहले से बना रखा है। अचानक से नई व्यवस्था आ जाने से उनके सामने विकट स्थिति पैदा हो गई है।





## झारखंड हाई कोर्ट ने जेयूवीएनएल पर लगाया एक लाख का जुर्माना

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच में गुरुवार को जेयूवीएनएल (झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड) पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। राज कुमार भदानी की नियुक्ति से जुड़े मामले में सुनवाई के दौरान अदालत ने जुर्माना लगाया है। राज कुमार भदानी ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि स्विच बोर्ड ऑपरेटर के पद पर उनकी नियमित नियुक्ति वर्ष 2016 में हुई थी लेकिन नियुक्ति के एक वर्ष बाद उन्हें यह कहकर हटा दिया गया कि उनकी डिग्री सेवा के अनुरूप नहीं है। सुनवाई के दौरान राजकुमार के अधिवक्ता धनंजय पाठक ने अदालत को बताया कि जिस पद पर नियुक्ति की गई है, उसी पद पर पिछले आठ वर्ष से ज्यादा समय से राजकुमार संविदा पर कार्य कर रहे हैं। सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने जेयूवीएनएल को आदेश दिया कि राजकुमार को दोबारा बहाल किया जाए।

# दिव्यांग बच्चों को शिक्षा से वंचित रखने वाली याचिका पर हुई सुनवाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने गुरुवार को दिव्यांग बच्चों को झारखंड के सरकारी स्कूलों में शिक्षा से वंचित रखने को लेकर दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई हुई। छाया मंडल ने जनहित याचिका दायर की है। मामले में हाई कोर्ट ने सरकार के जवाब को देखते हुए याचिका निष्पादित कर दी। राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा विभाग की ओर से शपथ पत्र दायर कर कर बताया गया कि दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने के लिए स्पेशल इंस्ट्रक्टर की नियुक्ति के रूल बनाने की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही स्पेशल इंस्ट्रक्टर की नियुक्ति कर ली जाएगी। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि दिव्यांग बच्चों के लिए स्पेशल इंस्ट्रक्टर की नियुक्ति प्रक्रिया छह माह में पूरी कर ली जाए। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अभय प्रकाश ने पैरवी की। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि याचिकाकर्ता छाया मंडल ने अपने दिव्यांग बच्चे का एडमिशन रांची के सरकारी स्कूलों में कराने की कोशिश की थी लेकिन उनके बच्चे का एडमिशन नहीं लिया गया। बाद में उन्हें पता चला कि राज्य के सरकारी स्कूल में दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षक नहीं है। इसके बाद इनकी ओर से हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई।



## प्रदीप यादव-बंधु तिर्की दल-बदल मामला

# स्पीकर न्यायाधिकरण में गवाही कराने पर जमकर हुई बहस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दल-बदल मामले में फंसे विधायक प्रदीप यादव और बंधु तिर्की के मामले में गुरुवार को विधानसभा न्यायाधिकरण में सुनवाई हुई। पूर्व निर्धारित समय दोपहर 3 बजे से हुई सुनवाई के दौरान स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो की मौजूदगी में दोनों पक्षों की ओर से सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान वादी पक्ष की ओर से इस मामले में गवाही कराकर जल्द से जल्द फैसला देने का आग्रह किया गया। प्रदीप यादव और बंधु तिर्की की ओर से पक्ष रख रहे अधिवक्ता सुमित गड़ौदिया ने इस दौरान गवाही का विरोध करते हुए न्यायाधिकरण से बाबूलाल मरांडी केस में जिस तरह से न्यायाधिकरण ने वगैर गवाही कराए सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रखा है इसी तरह इस केस में भी गवाही नहीं कराने का आग्रह किया। न्यायाधिकरण में इस केस में गवाही हो या नहीं हो इस मुद्दे पर दोनों पक्षों की ओर से जमकर बहस हुई। इन सबके बीच इस केस के याचिकाकर्ता सरोज सिंह ने न्यायाधिकरण में अपनी लिखित गवाही सुपुर्द कर अन्य लोगों की भी गवाही कराने का आग्रह किया। दोनों पक्षों की ओर से करीब 45 मिनट तक चली सुनवाई के बाद न्यायाधिकरण ने अगली तारीख तक के लिए सुनवाई स्थगित करने की घोषणा की।



## अनुकंपा समिति की बैठक में लिए गए कई निर्णय

**रांची।** उपायुक्त सह अनुकंपा समिति के अध्यक्ष राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को जिलास्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति ने सामान्य और उग्रवाद से संबंधित अभ्यावेदनों पर चर्चा की। साथ ही जिले में तृतीय एवं चतुर्थ संवर्ग के कार्यरत कर्मचारियों के एसीपी, एमईसीपी, अनुकंपा, प्रमोशन इत्यादि से संबंधित मामलों की विस्तार से समीक्षा करते हुए कई निर्णय लिए गए। अनुकंपा के आधार पर सामान्य के छह मामले समिति के समक्ष आए। विचार-विमर्श के बाद समिति ने चार मामलों को स्वीकृति दी। एक अभ्यावेदन को समिति ने अस्वीकृत कर दिया जबकि एक में विभाग से संबंधित दस्तावेज मांगने का निर्देश दिया। उग्रवाद हिंसा से संबंधित एक मामले में भी आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा प्रधान लिपिक के पद पर 30 और उच्च वर्गीय लिपिक पद पर 66 तथा शेष अन्य पदों के लिए सभी को प्रमोशन देते हुए उनके वित्तीय लाभ को समिति की ओर से तय किया गया।

## मेकॉन के नाम एक और कामयाबी

# मेकॉन निर्मित एकीकृत सेमी-क्रायोजेनिक इंजन परीक्षण सुविधा का संचालन शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इसरो प्रोपल्शन कॉम्पलेक्स (आईपीआरसी-इसरो) में नव-स्थापित अर्ध-क्रायोजेनिक एकीकृत इंजन का पहला परीक्षण सफल रहा है। इस कामयाबी के साथ ही मेकॉन ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। 10 मई को तमिलनाडु के महेंद्रगिरी में जिस टेस्ट स्टैंड पर इस सेमी क्रायोजेनिक इंजन स्थैतिक हॉट टेस्ट किया गया उसका निर्माण मेकॉन ने किया है। सेमी-क्रायोजेनिक प्रोपल्शन सिस्टम पर इस तरह के परीक्षण के लिए मेकॉन द्वारा बनाई गई यह अपनी तरह की पहली परीक्षण सुविधा है। ये कामयाबी न केवल अन्तरिक्ष मानव मिशन के भारत के सपनों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि प्रधान मंत्री के आत्मनिर्भर भारत के सपनों को साकार करने की दिशा में एक लंबी छलांग भी है। इससे आने वाले दिनों में लॉन्च वाहनों के लिए इसरो की पेलोड क्षमता को बढ़ाने का रास्ता साफ होगा। इसे तैयार करने में अगर मेकॉन की भूमिका की बात करें तो डिजाइनिंग से लेकर इंजीनियरिंग, खरीद सेवाएं, शॉप फैब्रिकेशन, साइट फैब्रिकेशन, निर्माण, निरीक्षण और परीक्षण से लेकर सिस्टम की कमीशनिंग तक शामिल है। इसमें मुख्य रूप से सुपर स्ट्रक्चर, लोडिंग फ्रेम्स, फोल्डिंग प्लेटफॉर्म्स, स्विंग डोर्स, मूविंग प्लेटफॉर्म्स, एस्केप च्यूट, मटेरियल हैंडलिंग इक्विपमेंट और इलेक्ट्रिकल सिस्टम्स को तैयार करने के काम शामिल हैं।



## रांची में फर्जी पत्रकारों पर नकेल कसने की तैयारी

**रांची।** रांची पुलिस ने फर्जी पत्रकारों पर नकेल कसने की तैयारी शुरू कर दी है। इस संबंध में सिटी एसपी ने रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि प्राप्त सूचना के अनुसार झारखंड में ऐसे कई यूट्यूब न्यूज चैनल, न्यूज पोर्टल, न्यूज एप, इंटरनेट वेबसाइट हैं, जो सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से सूचीबद्ध नहीं हैं। इस तरह के चैनल में 4-5 लोग काम करते हैं और उस चैनल का आईडी कार्ड धारण कर क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हैं। इनका कोई भी पंजीकृत कार्यालय नहीं होता है। ये लोग अपने आप को चैनल का पत्रकार एवं संपादक बताते हुए विधि-व्यवस्था, शांति व्यवस्था के लिए डयूटी पर तैनात पदाधिकारियों पर दबाव भी डालने का प्रयास करते हैं। इनके द्वारा कई बार भ्रामक और गलत ढंग से खबरों को प्रकाशित करने की बात सामने आयी है। इस विषय पर विचार-विमर्श के लिए सिटी एसपी ऑफिस में उपस्थित होने का कष्ट किया जाये।

## दर्दनाक मौत | पति को मारने के लिए गूगल सर्च पर ढूंढती थी जहर की दवा

# धतूरे का बीज खिलाकर बेहोशी में धारदार हथियार से कर दी हत्या

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी के रातू थाना क्षेत्र में रहने वाले जमीन कारोबारी राजकुमार शाही की हत्या के आरोप में राजकुमार की पत्नी और साले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। राजकुमार शाही की हत्या की प्लानिंग उसकी पत्नी सोनी देवी के द्वारा पिछले छह महीने से की जा रही थी। छह महीने से गूगल पर सर्च कर रही थी जहरः राजकुमार शाही हत्याकांड में कई तरह के चौंकाने वाले खुलासे हुए। घर से भागकर और समाज के खिलाफ जाकर सोनी देवी ने 11 साल पहले राजकुमार शाही से प्रेम विवाह किया था। लेकिन उसी सोनी देवी ने राजकुमार शाही की हत्या करने के लिए पिछले 6 महीने से साजिश रच रही थी। पुलिस की तफ्तीश में यह खुलासा हुआ है कि पति से संबंध खराब होने के बाद सोनी देवी ने अपने ही पति राजकुमार शाही की हत्या की प्लानिंग कर डाली। सोनी देवी यह चाहती थी कि उसके पति कुछ इस तरीके से मारा जाए ताकि उसकी मौत बीमारी जैसा लगे। अपनी साजिश को अंजाम देने के लिए सोनी देवी ने गूगल सर्च कर कई तरह के देसी जहर के बारे में जानकारियां जुटाई। सोनी देवी कई तरह के देसी जहर राजकुमार को खाने में मिलाकर दे दी गई थी लेकिन उसका असर राजकुमार पर नहीं हुआ। सोमवार रात मटन में डाला धतूरे का बीजः गूगल पर सर्च के दौरान ही सोनी देवी को यह जानकारी मिली कि अगर धतूरे के कच्चे बीज को खाने में मिलाकर दिया जाए तो धीरे-धीरे व्यक्ति की मौत हो जाएगी। सोमवार रात राजकुमार शाही ने घर में बनाने के लिए मटन लाया था। सोनी देवी को यह भी पता था कि अगर खाने में कच्चा धतूरे का बीज डाला जाए तो वह ज्यादा असर करता है। ऐसे में उसने मटन को पकाने के बाद उसमें कच्चा धतूरे का बीज मिला दिया।मटन खाने के बाद मंगलवार की सुबह तक राजकुमार शाही बेहोश पड़ा रहा लेकिन उसके सांसे चल रही थी।



### मारने की साजिश में सोनी के भाई ने भी दिया साथ

पुलिस की जांच में यह बात भी सामने आई है कि राजकुमार शाही हत्याकांड को अंजाम देने की साजिश में सोनी देवी का भाई सचिंद्र नाथ भी शामिल था। राजकुमार शाही की हत्या करने के बाद सबसे पहला फोन सोनी देवी ने अपने भाई को ही किया था ताकि लाश को ठिकाने लगाया जाए। लेकिन खून से लथपथ लाश को देखकर सचिंद्र नाथ ने उसे ठिकाने लगाने से मना कर दिया। इससे पहले जहर खोजने में सचिंद्र भी अपनी बहन की मदद करता था। मामला खुलने के बाद राजकुमार शाही हत्या के आरोप में उसकी पत्नी सोनी देवी और हत्या की साजिश में शामिल रहने वाले सोनी देवी के भाई सचिंद्र नाथ मिश्रा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पैसे को लेकर शुरू हुआ था विवादः पुलिस की तफ्तीश में यह बात सामने आई है कि प्रेम विवाह करने वाले राजकुमार और सोनी के रिश्ते शादी के दो साल बाद ही खराब होने शुरू हो गए थे। सोनी देवी बेहद पढ़ी-लिखी महिला थी और उसकी अपनी महत्वाकांक्षा थी कि वह घर से बाहर निकलकर नौकरी करे और पैसे कमाए।

## मारवाड़ी कॉलेज के 16 विद्यार्थियों का गांधी फेलोशिप में चयन

**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में गुरुवार को आयोजित कैंपस ड्राइव में मनोविज्ञान, कॉमर्स, विज्ञान, फाइन आर्ट्स, मैनेजमेंट और ह्यूमिनीटीज के 16 विद्यार्थियों का गांधी फेलोशिप में चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में सौरभ कुमार सोनी, अतुल कुमार, अंजलि कुमारी, ममता कुमारी, सत्यम कुमार, कृति कुमारी, नेहा कुमारी, श्वेत कुमार सुमन, अनिकेत शर्मा, अंजलि कुमारी, अनुप्रिया, रुचिता कुमारी, सिमरन कुमारी, रौशन कुमार, नीलम कुमारी और मेघा कुमारी गुप्ता शामिल हैं। इन सभी 16 चयनित छात्रों को वर्क लोकेशन राजस्थान, मध्य प्रदेश, मणिपुर, गुजरात और ओडिशा दिया गया है। चयनित छात्रों का साक्षात्कार दो अलग-अलग चरणों में हुआ था। पहला साक्षात्कार 12-13 फरवरी और दूसरा 18-19 अप्रैल को मारवाड़ी कॉलेज में हुआ।

## विद्यालय में ऊर्जा संरक्षण पर सेमिनार

# संजना कुमारी को मिला प्रथम स्थान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांके रोड स्थित बिरसा उच्च विद्यालय में गुरुवार को विवेकानंद युथक्वेक फाउंडेशन की ओर से ऊर्जा संरक्षण पर सेमिनार का आयोजन किया गया। साथ ही देश के प्रधानमंत्री की ओर से दिये गए पंच प्रण पर युवा संवाद पर सेमिनार और भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया । इसमें प्रथम स्थान संजना कुमारी ,द्वितीय स्थान नेहा कुमारी और तृतीय स्थान हिमांशु कुमार को मिला। इस कार्यक्रम का अध्यक्षता विवेकानंद युथक्वेक फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल और धन्यवाद ज्ञापन फाउंडेशन के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप बिरसा उच्च विद्यालय की प्राचार्या डॉ सुषमा तिवारी रही। इस कार्यक्रम में ऊर्जा का संरक्षण पर सभी ने विचार रखे। 2047 तक भारत में युवाओ को कैसे विकसित किया जाए इस पर विशेष चर्चा हुई।

# सरकारी स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव बना बच्चों के लिए वरदान

## वार्षिकोत्सव स्कूली बच्चों के लिए हर्ष और उल्लास का पर्व : बीईईओ




**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** लोगों ने वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन अमूमन निजी विद्यालयों में देखा होगा, लेकिन जिले के झुमरीतिलैया के स्लम क्षेत्र अवस्थित वार्ड 4 स्थित सरकारी उत्क्र. प्राथमिक विद्यालय तिलैया बस्ती में धूमधाम से वार्षिक सह मातृत्व दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। अल्प संसाधन एवं प्रतिकूलता के बावजूद 95 फीसदी अनुसूचित जाति के बच्चों से नामांकित स्कूल के शिक्षकों की दृढ़ इच्छा शक्ति एवं बच्चों की लगन व मेहनत से विद्यालय में होने वाले मां को समर्पित भव्य वार्षिकोत्सव जिले भर के लिए प्रेरणा बनी, वही बच्चों के लिए वरदान साबित हुआ। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जगरनाथ प्रसाद, बीपीओ उपेंद्र कुमार, समाजसेवी प्रकाश अंबेडकर, ब्लॉक कार्यालय के सभी सीआरपी व बीआरपी ने संयुक्त रूप से किया। स्वागतम गान पर नृत्य के साथ मां की भावना से ओतप्रोत बच्चों के एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम ने उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। बच्चों ने मां के सम्मान में शायरी और कविता कह कर लोगों को चौंका दिया। सरकारी स्कूल के बच्चों की ऐसी प्रतिभा देख उपस्थित पदाधिकारी समेत अन्य लोगों ने दांतों तले उंगलियां दबा ली। वार्षिकोत्सव किसी भी विद्यालय की उन्नति और प्रगति का परिचायक होता जिसे शिक्षा विभाग से आए तमाम अधिकारियों ने देख सराहना करते रहे। बतौर मुख्य अतिथि सरकारी विद्यालय के वार्षिकोत्सव में पहुंचे प्रखंड बीईईओ कार्यक्रम की झलक देख गदगद हुए। उन्होंने कहा की जब मुझे कार्यक्रम के लिए फोन किया गया तो मैं सरकारी विद्यालय में वार्षिकोत्सव की बात सुनकर हैरान हुआ। मुझे नहीं लग रहा है कि मैं किसी सरकारी विद्यालय में आया हूं। बच्चों की योग्यता, प्रतिभा और कार्यकुशलता निजी विद्यालयों के बच्चों से कम नहीं है। उन्होंने वार्षिकोत्सव को बच्चों की हर्ष एवं उल्लास का पर्व बताते हुए शिक्षकों की हौसला अफजाई कर छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं विद्यालय के शिक्षकों ने कहां की शिक्षा के साथ-साथ ऐसी गतिविधियों से बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव होता है। यह प्रयास बच्चों की प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए किया गया है, इसके लिए विभाग स्कूलों में संसाधन व राशि मुहैया करें तो ऐसे कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष किया जा सकता है। कार्यक्रम का बखूबी संचालन शिक्षक अमित कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व वार्ड पार्षद नीलम पासवान, बीआरपी मिथिलेश कुमार, सीआरपी अमित श्रीवास्तव, निरंजन सिन्हा, अभिषेक मंडल, समाजसेवी उमा शंकर दास, आलोक सिन्हा, कैलाश दास, अरुण दास, सचिव राजकुमारी देवी, वीणा कुमारी, मीता कुमारी, अनुराग विश्वकर्मा, पंकज सोनी, सन्नी लहरी के अलावे भारी संख्या में अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित हुए।

## झुमरी तिलैया : वाईडीसी इंदरवा ने अप्रिशिएबल क्लब परसाबाद को 116 रन से हराया



**झुमरी तिलैया।** रमेश प्रसाद यादव मेमोरियल सीनियर क्रिकेट लीग के आखिरी लीग मैच मे गुरुवार को चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में वाईडीसी इंदरवा और दी अप्रिशिएबल क्लब परसाबाद के बीच मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वाईडीसी इंदरवा ने 18.1 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 272 रन बनाए। जिसमें अमित कुमार ने 102 रन ,चंदन ने 48 रन, प्रीत सुशांग ने 39 रन और संदीप ने 28 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए अप्रिशिएबल क्लब की ओर से रंजीत ने 3 विकेट एवं अरविंद और पीयूष ने दो-दो विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी अप्रिशिएबल क्लब 156 रन ही बना सकी। अप्रिशिएबल क्लब की ओर से विकास ने सर्वाधिक 74 रन और प्रवीण ने 26 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए वाइडीसी इंदरवा की ओर से दीपक ने 3 विकेट और बीरमल ने दो विकेट लिए। बेहतरीन खेल के लिए अमित कुमार को मैन ऑफ द मैच मिला। मैच अंपायर बसंत सिंह और सपन कुमार एवं स्कोरर सत्यम कुमार थे। मौके पर केडीसीए के सचिव दिनेश सिंह, मनोज सहाय पिंकू, आलोक पांडे, सोनू खान, ओम प्रकाश, सुमन कुमार ,आशीष यादव, अमित जायसवाल सहित अन्य खेल प्रेमी मौजूद थे।

# वट सावित्री व्रत आज



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** पति की लंबी उम्र की कामना लिए शुक्रवार को विवाहित महिलाएं वट सावित्री व्रत पूजा करेंगी। इसको लेकर गुरुवार देर शाम तक महिलाएं पूजन सामग्री की खरीदारी करती रहीं।जिस तरह वट वृक्ष की आयु सैकड़ों वर्ष की होती है, महिलाएं उसी तरह अपने सुहाग की लंबी उम्र की कामना लिए इस वृक्ष की साविधि पूजा करती हैं। इसके लिए बांस का हाथ पंखा, चना, लीची, आम सहित अन्य फल व अन्य पूजन सामग्री की बिक्री सिमडेगा के महावीर चौक सहित विभिन्न पूजा सामग्री की दुकानों में होती रही । सोमनाथ मिश्रा ने बताया कि वट वृक्ष की छांव में देवी सावित्री ने अपने पति सत्यवान को लेकर पूजा की थी। इनके पूजन से प्रसन्न होकर यमराज ने इनके पति को पुनः जीवित किया था। तभी से इस दिन वट वृक्ष पूजा का विधान चला आ रहा है। उन्होंने ने कहा कि हिदू धर्म में वट वृक्ष को उनके दीघार्यु व अमरत्व के नाते स्वीकार किया जाता है। इनमें देवी-देवताओं का वास होता है। वट-वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और भगवान शिव वास करते हैं। इस वृक्ष में जो बड़ी-बड़ी शाखाएं नीचे की ओर लटकी होती हैं उन्हें देवी सावित्री का रूप माना जाता है। राम जानकी मंदिर के पुजारी आचार्य वासुदेव गौतम ने कहा कि इस दिन महिलाएं बरगद वृक्ष की विधि-विधान पूर्वक पूजन कर पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना करती हैं। इससे हर तरह के कलह और संतापों का नाश होता है।सुहागन वट वृक्ष की सात बार परिक्रमा कर कच्चा सूत लपेटती हैं। प्रसाद में लीची, आम सहित अन्य मौसमी फल अर्पित किया जाता है। बांस के बने हाथ पंखे से वट वृक्ष को हवा की जाती है। जिन महिलाओं के विवाह के बाद पहली बार यह पर्व आता है, वे विस्तृत ढंग से यह पूजा करती हैं। अगर वे मायके में होती हैं तो उनकी ससुराल से सारी पूजन सामग्री और वस्त्र आदि आते हैं। पूजन के पश्चात वे अन्य विवाहित महिलाओं संग नमक रहित भोजन करती हैं। मान्यता है कि इस व्रत को रखने से महिलाएं अखंड सौभाग्य प्राप्त करती हैं।

## जन वितरण प्रणाली दुकान का निरीक्षण

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के ठेठईटांगर स्थित जन वितरण प्रणाली दुकान का प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने किया ।मौके पर जो कार्डधारी है, जो लाभुक हैं, उनसे जानकारी ली जहाँ पर उन्होंने सही राशन मिल रहा है कि नहीं गेहूं की क्वालिटी एवं अनाज सही मात्रा में लाभुकों के बीच उपलब्ध कराया जा रहा है या नहीं इन सभी चीजों को लेकर पूछताछ की जहां पर सभी लाभुकों ने संतोषजनक जवाब दिया मौके पर डीलर को निर्देश देते हुए कहा कि गरीब जनता को सही तरीके से सही चीज मुहैया कराइए ,सही वजन से दीजिए ताकि किसी को कोई परेशानी ना हो ।उन्होंने कार्ड धारियों एवं वहां मौजूद जनता से अपील किया कि अगर किसी प्रकार का कोई परेशानी होती है कोई गड़बड़ी होती है तो मुझे तुरंत इसकी सूचना दें ताकी आप लोगों को सरकार के द्वारा जो लाभ मिलना चाहिए वह सही तरीके से मिल सके इसके लिए मैं निरंतर आपकी सेवा में लगा हूं और आगे भी लगा रहूंगा।

# बानो में दो एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव को मिली अनुमति

## 21 को हरी झंडी दिखा रवाना करेंगे अर्जुन मुंडा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के प्रयास से बानो क्षेत्र सहित सिमडेगा जिला वासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हुई बानो रेलवे स्टेशन में 21835/12836 हटिया बेंगलुरू एक्सप्रेस एवं 13424/13426 मालदा सूरत एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की अनुमति रेल मंत्रालय से मिली है।गौरतलब है कि काफी दिनों से क्षेत्र की जनता इन दोनों ट्रेनों के ठहराव की मांग कर रही थी, क्षेत्र की जनता की मांग पर पिछले दिनों केंद्रीय मंत्री ने रेल मंत्री से मिलकर इन ट्रेनों के ठहराव की मांग की थी ।मांग पूरी होने पर क्षेत्र की जनता ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए खुशी जाहिर की है और कहा कि हमारी बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हुई।बताया गया कि 21 मई दिन रविवार समय शाम 7:10 बजे केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा बानो रेलवे स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे इसे लेकर रेल मंत्रालय एवं भाजपा कार्यकताओं ने तैयारी शुरू कर दी है।

## झुमरी तिलैयाः प्रांतीय कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता के लिए योजना बैठक



**झुमरीतिलैया।** विद्या विकास समिति के तत्वाधान में आयोजित प्रांतीय कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता हेतु आज कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर के माननीय समिति पदाधिकारियों के साथ आचार्यों की योजना बैठक संपन्न हुई। यह ज्ञात है कि यह खेलकूद समारोह 17-19 जून के बीच कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर के परिसर में होना है समिति के माननीय पदाधिकारियों का परिचय प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू के द्वारा कराया गया पश्चात उन्होंने विभिन्न संचो का गठन कर प्रमुख का दायित्व वितरित किए बैठक की अध्यक्षता कर रहे समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह ने कहा कि यह प्रांतीय कार्यक्रम सफल हो इस हेतु जहां कम वहां हम का चिंतन रखना होगा शांति मंत्र के साथ बैठक का समापन हुआ । इस मौके पर विद्यालय के सचिव सह कार्यक्रम संयोजक अनुराग सिंह, उपाध्यक्ष अरविंद चौधरी, सह सचिव सुषमा सुमन, कोषाध्यक्ष नवल कुमार, सदस्य बृजनंदन शर्मा, मुंशी यादव विद्यालय के आचार्य मनोज कुमार सिंह, प्रदीप कुमार, रामानुज पांडे, विजय मिश्रा, नीरज कुमार, वीरेंद्र प्रसाद, वीरेंद्र मिश्रा, दीपक कुमार विश्वकर्मा, पवन शर्मा, शर्मिष्ठा साहा, अर्चना सिन्हा, संजय कुमार सिंह, टिंकू कुमार, धीरज पांडे, प्रभात सौरभ आदि उपस्थित थे।

## झुमरी तिलैया : जरूरत मंदों की सहायता करना मयूम को उद्देश्य : सौरभ




**झुमरी तिलैया।** मारवाड़ी युवा मंच झुमरीतिलैया के तत्वधान में बुधवार को गर्मी को देखते हुए शहर के कई इलाकों में फुटपाथ पर बैठने वाले दुकानों को छाता उपलब्ध कराया गया। स्थानीय सब्जी बाजार, झंडा चौक पर भीषण गर्मी और बरसात को देखते हुए शहर के जरूरतमंद के बीच छाता बांटा गया। इस मौके पर अध्यक्ष राज पाचिसिया ने कहा जरूरत मंदों को सहायता करना मारवाडी युवा मंच का उद्धेश्य है। सेवा परियोजना पर लगातार काम जारी है और युवा शक्ति राष्ट्र शक्ति होती है। ऐसे में युवओं को आगे आने की जरूरत है। उन्होने कहा कि गर्मी में इंसान तो इंसान पशु पक्षी इस गर्मी से बेहाल है ऐसे में हमें जगहह्यजगह पर अस्थायी पियाउ घडा लगाकर लोगों को पानी मुहैया कराने की जरूरत है तथा बेजुवान पशु पक्षियों के लिए सिकोरा एवं ड्रम छतों एवं शहर के कई इलाकों में रखने की जरूरत है। मंच भी इसको लेकर कई स्थलों पर उक्त कार्य किया है। वहीं सचिव आशीष जोशी ने कहा कि मंच हमेशा ही गरीबों और असहाय लोगो कि मदद करता है। अभी जहाँ भीषण गर्मी पड़ रही है और तापमान 40/45 डिग्री तक पहुंच जा रहा है। ऐसे मे दूर दराज से आये सब्जी फल विक्रेता गर्मी कि तपिश मे फल, सब्जी आदि बेचते है उन्ही के तकलीफा को देखते हुए मंच नेज उन लोगों के बीच छाता का वितरण किया गया ताकि उन्हें धूप और बरसात से राहत मिल सके। इस मौके पर सदस्य शिवेश पच्चीसिया महावीर खैतान अजय शर्मा आशीष केडिया विपुल चौधरी विकास जैन आदि उपस्थित थे।

# जंगली हाथियों का आतंक जारी फसलों को किया नुकसान



**नवीन मेल संवाददाता**

बानो :बानो प्रखण्ड के बडकाडुईल पंचायत क्षेत्र में एक बार फिर से जंगली हाथियों का आतंक शुरू हो गया है जंगली हाथियों के झुंड द्वारा लोगों के फसलों के साथ-साथ घरों को भी नुकसान करने का काम कर रहे हैं जिसके कारण ग्रामीणों में दहशत का माहौल है बताया गया कुसुम नवागांव में जंगली हाथियों ने धान को रौंद डाला बताया गया।प्रखण्ड के ग्राम कुसुम में बीते रात जंगली हाथियों ने खेतो में जम कर उत्पात मचाया है। खेतों में लगे सब्जी तथा खेतो में लगे गर्मा धान के फसल को रौंद डाला।मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कुसुम के पीटर लोमगा, सुशील लोमगा, जेम्स लोमगा ,जॉन लुगुन आशा लुगुन के खेतों में फसल को बर्बाद कर डाला। इधर ग्राम नवागांव में मंगल कंडुलना, पूसा खड़िया ,फिरू बड़ाईक ,जगदेव सिंह ,फगुवा सिंह चन्द्र प्रसाद सिंह ,किशुन सिंह आदि लोगो के खेतों में लगे फसल को बर्बाद कर दिया ।उप मुखिया सूरज बड़ाईक ने बताया कि किसान काफी मेहनत कर धान की खेती किये थे जिसे जंगली हाथियों ने बर्बाद कर दिया । बन बिभाग से मुवावजा की मांग किया गया है।

## जोराम के रायबहार में नवनिर्मित चर्च का किया गया उद्घाटन

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर प्रखंड के जोराम रायबहार गांव में बेथेल जीईएल चर्च का उद्घाटन विधिवत तरीके से किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जीईएल चर्च मॉडरेटर रांची के जोहान डांग एवं विशिष्ट अतिथि खुंटीटोली पास्टोरेट बिशप मूरेल बिलुंग एवं कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोगाड़ी उपस्थित हुए। सर्वप्रथम नवनिर्मित चर्च का विधिवत रिबन काटकर उद्घाटन किया गया जिसके बाद विशेष चर्च प्रार्थना एवं प्रभु भोज दिया गया जिसकी अगुवाई मॉडरेटर जोहन डांग,विशप मुरेल बिलुंग पादरी विभव केरकेट्टा एवं स्थानीय मंडली के ग्रुप के द्वारा संपन्न किया गया। विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने कहा चर्च भवन आराधना करने के लिए बहुत जरूरी है आप लोगों ने कड़ी मेहनत एवं लगन एवं ईश्वर से प्रार्थना में मांगकर यह चर्च भवन को बनाया है।

# लाखों रुपए मनरेगा में मेट्रियल के नाम पर हुआ निकासी

**नवीन मेल संवाददाता**

सिमडेगा। मनरेगा में दिन-प्रतिदिन भ्रष्टाचार आपको लगातार जिले में देखने को मिल रहा है लेकिन कहीं-कहीं पर तो भ्रष्टाचार की चरम सीमा लांग ली गई है जिसके कारण कहीं ना कहीं सरकारी राशि का बंदरबांट और सरकार को धूल झोंकने का काम किया जा रहा है। मनरेगा की वजह से ही राज्य की सबसे जाने-माने आईएस पूजा सिंघल आज सलाखों के पीछे हैं और अरबों रुपए की संपत्ति उनकी प्रवर्तन निदेशालय के द्वारा जप्त कर ली गई इतना सब कुछ होने के बावजूद भी मनरेगा में जो भ्रष्टाचार है वो रुकने का नाम नहीं ले रहा है। कहीं पर मरे हुए व्यक्ति के नाम पर मास्टर रोल बनाकर पैसा निकाला जा रहा है तो कहीं पर नाकाम ना काज फिर भी पूरे पैसे की निकासी। इससे पता चलता है कि सिमडेगा में मनरेगा के नाम पर लूट मची हुई है और अधिकारियों की संलिप्तता की वजह से इस प्रकार हो रही है।

### क्या कहते है बीडीओ

इधर इस मामले में बीडीओ पंकज कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी मिली है और इस मामले में छानबीन की जा रही है। और जैसे ही जो भी जानकारी मिलेगी इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मामला भूमि विवाद का भी बताया जा रहा है जिस वजह से राशि निकल गई लेकिन योजना धरातल पर नहीं आ पाई।

### क्या है मामला

मामला ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत केरया पंचायत के भंडार टोली का है जहां पर ऊपर बस्ती में सीमेंट कंक्रीट रोड निर्माण जिस की कार्य योजना 2020-21 है इसमें जनवरी महीने में ही दो अलग-अलग किस्तों में जिनमें 102653 रुपए तथा दूसरे किस्त में ?189869 की राशि सानिया इंटरप्राइजेज के नाम पर निकासी कर ली गई है।

**जागरूकता** संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

# हम सब प्राकृतिक से जुडेंगे तभी विकास होगा




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा के वाणिज्य विभाग तथा अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा ह्भारत में स्टार्ट अप ईकोसिस्टम : संभावनाएँ और चुनौतियाँह् विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम सामटोली स्थित गिरजाघर के संत जोशेफ हॉल में किया गया। मुख्य वक्ता के तौर पर झारखंड प्रोधोगिकी विश्वविद्यालय के रेजिस्ट्रार डॉ अमर कुमार चौधरी, डॉ.फा प्रदीप केरकेट्टा, सहायक निदेशक, एक्स आई एस एसह्यइसके अलावा एक्स आई एस एस के प्राध्यापक डॉ अमर तिग्गा तथा स्थानीय स्टार्ट उप मोर मिट्टी के सभी संस्थापक छात्रों को सम्बोधित किया।डॉ अमर कुमार चौधरी ने कहा वाणिज्य तथा अर्थशास्त्र विभाग के बच्चों के द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया है मुझे बहुत खुशी हुआ झारखंड का आत्मा है सिमडेगा और यहां पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया । उन्होंने कहा स्टार्टअप क्या होता है ,सुने हैं, और आप आज उसे जानेंगे की स्टार्टअप क्या होता है। कि आप जहां पर है वहां पर हमें स्टार्टअप को कैसे आगे बढ़ाना है। झारखंड का स्थापना 2000 ई को हुआ है यह जान को आपको आश्चर्य होगा कि झारखंड में पूरे भारत का 40% लोग रात में भूखा सोता है अगर आप लिस्ट में देखेंगे की बीपीएल में सबसे नीचे झारखंड का नाम आता जिस प्रदेश में इतनी संभावनाएं हैं, इतनी अवसर है लेकिन फिर भी कौन सा चैलेंज है जो हम नीचे के पैदान पर है।अगर झारखंड का विकास कराना है तो झारखंड के प्रकृति और व्यवहार से के साथ विकास करना होगा उन्होंने कहा कि जब तक हम यहां के संस्कृति से नहीं जुड़ेंगे, जब तक यहां कि सभ्यता से नहीं जुड़ेंगे ,जब तक यहां का प्राकृतिक नहीं जुड़ेंगे तब तक यहां का विकास नहीं होगा।कार्यक्रम में उपस्थित प्रिंसिपल डॉ फा.एफ्रेम बा , वाइस प्रिंसिपल राजेश सांडिल, फादर ब्रूनो टोप्पो,प्रो गौरव श्रीवास्तव ,प्रो अमित कुमार गुप्ता ,प्रो अनूप श्रीवास्तव , एवं अन्य प्रोफेसर उपस्थित थे।

# समर कैंप के तीसरे दिन किड्जी स्कूल के छात्रों ने म्यूजिक और इबोंस पेंटिंग का लुफ्त उठाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** विशुनपुर रोड स्थित किड्जी विद्यालय में समर कैंप के तीसरे दिवस के कार्यक्रम के अंतर्गत तीसरे दिन यानी दिनांक 18 मई 2023 दिन गुरूवार को कक्षा पीजी से 10 तक के विद्यार्थियों को एंब्रोस पेंटिंग, फैंसी ड्रेस, म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट , चित्रकला क्रियाकलाप, नृत्य क्रियाकलाप, योगा ,क्राफ्ट द्वारा वॉल हैंगिंग सिखाया गया । निजी विद्यालय के विद्यार्थियों ने समर कैंप के तीसरे दिन म्यूजिक का पूरा लुत्फ उठाया तथा इनबोस पेंटिंग के द्वारा विद्यार्थियों को एक नया क्रियाकलाप जानने को मिला। वही किड्जी विद्यालय में समर कैंप के चौथे दिन विद्यार्थियों को स्केटिंग और लिप्पन आर्ट से संबंधित क्रियाकलापों का अध्ययन करवाया जाएगा। जिसमें विद्यार्थियों को लिफ पेस्टिंग के द्वारा पेपर क्राफ्ट तितली कैसे बनाया जाए वह सिखाएं गया। वही कक्षा जूनियर केजी और सीनियर केजी में चित्रकला, योग ,डांस, गेम और पेपर के द्वारा हाथी कैसे बनाया जाए इससे संबंधित विद्यार्थियों को क्राफ्ट सिखाया गया। वही कक्षा एक तथा दो में राइटिंग, ड्राइंग, गेम्स जैसे म्यूजिकल चेयर योग नृत्य तथा पेपर से टेडी बेयर कैसे करवाया जाए इससे संबंधित क्राफ्ट सिखाया गया। वहीं शिक्षक तथा शिक्षिकाओं में , बबीता सिंह, प्रिय मोदी, निकिता सिंह , पम्मी सिन्हा, नरगिस नाज, अंकित कपसीमे ,अखिलेश सर, सूरज सर, प्रिया बरनवाल, सृष्टि मैम ,नीतू सिन्हा, अमृता कुमारी, रिंपा सिंह, प्रिया शर्मा ,नीतू कुमारी, श्वेता कुमारी, जूली मैम ,मासूम कुमारी, अर्चना कुमारी, सानिया कुमारी इत्यादि मौजूद थे।

# मझिगावां पंचायत सचिवालय में आवास दिवस का आयोजन



**खरौंधी (गढ़वा)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को खरौंधी प्रखंड के सभी पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। मझिगावां पंचायत सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड़ कोडिनेटर रविरंजन कुमार ने उपस्थित आवास लाभुकों को आवास निर्माण कार्य जल्द शुरू करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा की ऐसे लाभुक जो पहली किस्त और दुसरी किस्त की राशि का भुगतान होने के बाद भी आवास निर्माण कार्य शुरू नहीं किये है वो एक सप्ताह के भीतर आवास निर्माण कार्य पूरा करें। अन्यथा उनसे राशि रिकवरी कराई जायेगी। वहीं बीडीओ गणेश महतो ने कहा की आवास लाभुक दोनों किस्त की राशि भुगतान होने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं कर रहे हैं वैसे लाभुकों को सरकारी योजनाओं से वंचित कर दिया जायेगा। उन्होंने आवास लाभुकों को जल्द आवास निर्माण कार्य पुर्ण कराने को कहा। मौके पर मुखिया बिंदा देवी, बीडीसी कृष्णा राम, मुखिया प्रतिनिधि सतीश राम, पंचायत सेवक केश्वर सिंह, रोजगार सेवक धर्मेंद्र कुमार, स्वयंसेवक महेंद्र मोची, सतेंद्र बैठा, रीता देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# बंशीधर पलटन कबड्डी टीम देवघर के लिए हुई रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**




देवघर कबड्डी प्रीमियर लीग सीजन-2 का आयोजन 21 मई से 27 मई तक बाबा नगरी देवघर जिला के केकेएन स्टेडियम में कबड्डी प्रीमियर लीग का आयोजन होने जा रहा है। यह आयोजन कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड से मान्यता प्राप्त देवघर जिला कबड्डी संघ के तत्वाधान में हो रहा है। इस प्रीमियम लीग में कुल छह टीमें भाग लेंगी। इस संबंध में गढ़वा जिला कबड्डी संघ के सचिव अजय गुप्ता ने बताया कि गढ़वा जिला का बंशीधर पलटन टीम में शामिल है। एस्टीम के ऑनर युवा समाजसेवी सह जेएमएम नेता दीपक प्रताप देव साथ में टीम के सहयोगी है। वहीं दीपू गुप्ता, सुनील मेहता और रणविजय शाह है। सभी खिलाड़ियों एवं कोच टीम मैनेजर को देव ने कबड्डी किट प्रदान किया और कहा कि आप सभी जी जान से बंसीधर पलटन के लिए गेम खेलिए और चैंपियन बनिये। खासकर मैं गढ़वा जिला कबड्डी संघ के सचिव व कोच अजय कुमार गुप्ता को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं क्योंकि आज इन्हीं की बदौलत गढ़वा जिला में कबड्डी का नाम सबसे ऊंचा है। इनके ही बदौलत आज गढ़वा जिला के बालिका टीम लगातार स्टेट चैंपियनशिप में चैंपियन बन रही है। आज मुझे पूर्ण विश्वास है की बंशीधर पलटन टीम भी इनके नेतृत्व में देवघर जिला में चैंपियन बनकर आएगी। मौके पर जे एम एम नेत्री किरण देवी ने सभी खिलाड़ियों को जीत की शुभकामना दी। मौके पर दीपू गुप्ता, मुखियाअनिल गुप्ता सहित अन्य ने जीत के लिए शुभकामना दी। गढ़वा जिला कबड्डी संघ के सचिव अजय गुप्ता ने बताया कि देवघर कबड्डी प्रीमियर लीग का लाइव प्रसारण यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा।

### बंशीधर पलटन टीम में ये खिलाड़ी हैं शामिल

बंशीधर पलटन टीम में राजू कुमार सिंह कैप्टन, हरेंद्र पासवान उपकप्तान, सर्वोत्तम कुमार विषम यादव, रंजन कुमार रजक, अभिमन्यु कुमार, प्रामित कुमार, मंटू कुमार, भोला सिंह मुंडा, अभिषेक कुमार, विकास कुमार और रोहित कुमार मिश्रा, मेंटर मुकेश कुमार, कोच अजय कुमार गुप्ता, असिस्टेंट कोच उपेंद्र कुमार और फिजियो प्रणव कुमार टीम के साथ रवाना हुए।

## NEWS इन ब्रीफ

### ग्रामीण बैंक कर्मचारी संघ का अधिवेशन 27 को रांची में

**बरवाडीह।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक कर्मचारी संघ का राज्य स्तरीय द्वितीय त्रिवार्षिक अधिवेशन 27 मई को पूर्वाह्न 10 बजे से गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल, पी पी कंपाउंड, रांची के सभागार में होगा। इसकी जानकारी झारखंड राज ग्रामीण बैंक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कौशिक मलिक एवं महासचिव रंजन कुमार सहाय ने दी है। मुख्य अतिथि प्रेम मित्तल, निदेशक, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, कॉमरेड प्रशांत चौधरी (अध्यक्ष - नेशनल फेडरेशन ऑफ आरआरबी एम्पलाइज, अरेबिया), शिवकरण द्विवेदी, महासचिव (नेशनल फेडरेशन ऑफ आरआरबी एम्पलाइज -अरेबिया ) एवं एम एल सिंह, केंद्रीय समिति सदस्य, बैंक एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया होंगे।

### रोगियों का होगा मुफ्त इलाज : डॉ जुबेर

**बरवाडीह।** गुरुवार को इम्पेक्ट इंडिया फॉउंडेशन के द्वारा रोगियों को बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से चंदवा के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। चिकित्सक डॉ. जुबेर अहमद ने कहा कि 16 से 21 मई को मोतियाबिंद की सर्जरी, 22 से 26 मई तक कान की जांच, 23 से 27 मई तक ऑपरेशन, 28 मई 30 तक मुड़े पैर का परीक्षण और 29 से 31 मई तक ऑपरेशन, 30 मई से 4 जून तक दांत की जांच की जायेगी।

### कमेटी शोकाकुल परिजनों से मिली

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत मुरपा पंचायत के ओकिया ग्राम के पास बीते दिनों एक सड़क दुर्घटना में एक 41 वर्षीय युवक राजकिशोर यादव की मृत्यु हो गई थी, जिसे मुरपा पंचायत के सद्भावना कमेटी ने मृतक के घर पहुंच उनके परिजनों को ढाढ़स बंधवाया। इस दौरान सद्भावना कमेटी ने कुछ नकद राशि एवं खाद्य सामग्री देकर पीड़ित परिजनों की मदद की।

### आग उगलती गर्मी में पावर कट से लोगों की परेशानी बढ़ी

# कभी हिल स्टेशन का अहसास कराने वाला बालूमाथ भी तपा

**अजित कुमार। बालूमाथ**



इन दिनों पूरा उत्तर भारत प्रचंड गर्मी की चपेट में है। लू के थपेडों ने आम आदमी का जीना मुहाल कर दिया है। कभी आग उगलती गर्मी में भी नियंत्रित तापमान के लिए प्रसिद्ध रहा बालूमाथ इस बार बढ़े हुए तापमान से अछूता नहीं है। भीषण गर्मी में भी हिल स्टेशन का एहसास कराने वाले बालूमाथ में गुरुवार को इस गर्मी का उच्चतम तापमान 41 डिग्री सेल्शियस रिकॉर्ड किया गया। अभी इसके और भी बढ़ने का अनुमान है।

पारा बढ़ने से एक तरफ जहां जलाशय सूख्ते जा रहे हैं, तो दूसरी तरफ आम आदमी के साथ-साथ मवेशियों को भी पीने की पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। किसानों पर खेती की मार के साथ-साथ जानवरों को पानी मुहैया कराना बड़ी चुनौती हो गया है। बिजली विभाग की उदासीनता ने आम लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी है। पिछले एक सप्ताह के दौरान औसत पावर सप्लाई 6 से 8 घंटे की रही है। पावर कट से जनजीवन पर प्रतिकूल असर पड़ा है। पंखे, एसी, कूलर, फ्रीज का समुचित इस्तेमाल नहीं होने से राहत नहीं मिल पा रहा है। गर्मी से होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं से अस्पतालों में रोगियों की तादाद में भी इजाफा हुआ है। लू लगने, उल्टी, दस्त, बदहजमी की समस्याओं से ग्रसित मरीजों की संख्या इसमें सर्वाधिक है। शीतल पेय के साथ-साथ फल, खीरे व हरी सब्जियों की मांग के साथ-साथ इनकी कीमतों में भी इजाफा हुआ है। देसी फ्रीज यानी मटका व अन्य मिट्टी की बर्तनों की डिमांड बढ़ने से इस पेशे से जुड़े लोगों को गर्मी में भी ठंडक का एहसास हो रहा है। कुछ ही वर्षों में हुए इस पर्यावरण असंतुलन का बड़ा कारण जंगलों की तेजी से हो रही कटाई के साथ-साथ खनन में नियमों का पालन नहीं करना बताया जा रहा है। सीसीएल के द्वारा बालूमाथ व आसपास के क्षेत्र में कोयले की आधा दर्जन खदान संचालित हो रही है। साथ ही पत्थर के भी कई खदान संचालित हो रहे हैं। तापमान की वृद्धि में ये भी एक अहम कारण माने जा रहे हैं। बहरहाल, समय रहते अगर हम नहीं चेते व भविष्य की योजना बनाकर उस पर अमल नहीं किये तो स्थिति के और भी भयावह होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

# मंत्री जोबा पहुंचीं बेतला पार्क, चिल्ड्रेन पार्क और जंगली जानवरों को देखा

### खरवान ने छिपादोहर को प्रखंड बनाने की मांग रखी

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह/ लातेहार**



प्रदेश के महिला बाल विकास सामाजिक सुरक्षा मंत्री जोबा मांझी के बरवाडीह प्रवास के दौरान छिपादोहर प्रखंड निर्माण संघर्ष समिति के देवनाथ सिंह खरवार ने मांग पत्र देकर छिपादोहर को प्रखंड बनाने की मांग रखी। प्रदेश के सामाजिक कल्याण मंत्री जोबा मांझी बुधवार को मेदनीनगर में अपने कार्यक्रम के उपरांत स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह के साथ बेतला पहुंचे हुए थे. इस दौरान छिपादोहर निवासी झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता सह छिपादोहर प्रखंड निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष देवनाथ सिंह खरवार ने जोबा मांझी से मुलाकात कर छिपादोहर को प्रखंड बनाने की मांग रखी।

खरवार ने मंत्री से कहा कि छिपादोहर प्रखंड बनने की सारी शर्त पूरी करता है। कहा कि 10 वर्षों से अधिक समय से छिपादोहर को प्रखंड बनाने की मांग जोर-शोर से उठाई जा रही है। खरवार ने इसके साथ ही छिपादोहर के जमतिया में नीलांबर पीतांबर स्मृति पार्क एवं शिबू सोरेन खेल मैदान निर्माण की मांग रखी। महिला मंत्री ने उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी, हरेश्वर उरांव समेत अन्य कई लोग मौजूद थे। इससे पहले मांझी ने चिल्ड्रेन पार्क और जंगली जानवरों को देखकर बेतला नेशनल पार्क को बेहतर बनाने को लेकर सरकार से बात करने की बात कही। वहीं मंत्री का मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह, जेएमएम नेता सह बीस सूत्री सदस्य शशीभुषण तिवारी ने स्वागत किया और क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया। कहा कि इस क्षेत्र में बेतला नेशनल पार्क पूरे देश में जाना जाता है। अगर इस पार्क का बेहतर विकास कर दिया जाए तो बेतला के युवकों को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

# आरटी आई से भ्रष्टाचार का बड़ा खुलासा

**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी।** पलामू जिले के उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत करकटा पंचायत के पूर्व मुखिया द्वारा क्रय की गयी सामग्री पंचायत भवन में मौजूद नहीं है। आरटीआई कार्यकर्ता ने उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत करकटा पंचायत से संबंधित वर्ष 2010 से 2015 तक की सूचना की माँग की थी सःसमय सूचना उपलब्ध नहीं होने पर अपीलीय पदाधिकारी आदेश के बाद आधी अधूरी सूचना उपलब्ध करायी गयी। शेष सूचना उपलब्ध नहीं होने की सत्यापित प्रति दी गयी है । जो भ्रष्टाचार को उजागर करती है। वहीँ उपलब्ध कराई गयी सूचना में पूर्व मुखिया उपेंद्र कुशवाह द्वारा लगभग 3 लाख का सामान क्रय किया गया। सामग्री पंचायत सचीवालय में उपलब्ध नहीं है जो भ्रष्टाचार का बड़ा सबूत है। वहीं दिये गए दस्तावेज में मुखिया ने स्वंय के नाम से चेक काट कर समाग्री ढुलाई का भुगतान भी




किया है, यहाँ सोचनीय विषय यह है की जो समाग्री पंचायत सचीवालय में मौजूद ही नहीं है उसकी ढुलाई और पैमेंट कैसे हुआ। इन सभी मामले की जाँच हेतु उपयुक्त पलामू, उप विकास आयुक्त पलामू और प्रखंड विकास पदाधिकारी उंटारी रोड को लिखित आवेदन दिया गया है। देखना यह है कि ऐसे भ्रष्ट मुखिया और संबंधित लोगों पर करवाई होगी या नहीं।

# कव्वाली मुकाबले की तैयारी पूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद शहर स्थित दाता नगर के मैदान में 21 मई को पांरपरिक रुप में इस वर्ष भी कव्वाली का शानदार मुकाबला कराने की सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। इस कार्यक्रम के आयोजनकर्ता हैदरनगर के बलडीहरी गांव निवासी व मुंबई के व्यवसायी इब्राहिम सेठ ने प्रेसवार्ता में बताया कि कव्वाली कार्यक्रम के एक दिन पूर्व 20 मई की शाम दाता पीर बक्श रहमैतुल्लाह अलैह की मजार पर चादरपोशी की जायेगी। दूसरी रात सलाना उर्स के मौके पर मशहूर टीवी कलाकार कव्वाल शाहरुख साबरी व कव्वाला रीना प्रवीन के बीच कव्वाली मुकाबला होगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में आने की दोनों




कलाकारों से सहमति मिल गयी है व आयोजन समिति दिन रात कार्यक्रम को सफल बनाने में जुट गई है। संरक्षक एजाज हुसैन उर्फ छेदी, संयोजक सैयद शम्मू हुसैन के अलावा एसएम अकरम, डॉ. एजाज आलम, अली असगर, मुस्लिम खान, इजहार अंसारी, इसरार खान, घिनू कुमार, हेसाम अंसारी के अलावा कई कार्यकर्ता जलसा व कव्वाली कार्यक्रम को लेकर तैयारी में जुटे हैं। इब्राहिम सेठ ने कहा कि हर वर्ष यह कार्यक्रम वह निजी खर्च से करते रहे हैं। इस बार भी उन्होंने कव्वाली कार्यक्रम के खर्च का जिम्मा लिया है। उन्होंने कहा कि दाता पीर बक्श की मजार पर मांगी गई मुरादें पूरी होती हैं। कार्यक्रम के संयोजक सैयद शम्मू हुसैन ने बताया कि दाता नगर मैदान में आयोजित कार्यक्रम के लिए अनुमंडल के अधिकारियों से सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व की तरह वोलेंटियर भी पर्याप्त रहेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन व अन्य अतिथियों को आमंत्रित करने का जिम्मा एजाज हुसैन उर्फ छेदी, डॉ. एजाज आलम, एसएम अकरम,बड़ा बाबू व सैयद शम्मू हुसैन को सौंपा गया है।

**पहल** भवन के जीर्णोद्धार का काम डेढ़ साल पहले ही पूरा हो चुका है

# गांधी पुस्तकालय को पुनः खोलने की कवायद शुरू

**अजय सिन्हा। लातेहार**

शहर के बीचों बीच मेन रोड स्थित गांधी पुस्तकालय भवन के जीर्णोद्धार का काम डेढ़ साल पहले ही पूरा हो चुका है, बावजूद इसके गांधी पुस्तकालय को यहां स्थानांतरित नहीं किया जा रहा है। तत्कालीन डीसी अबु इमरान के निर्देश पर ग्रामीण विशेष प्रमंडल ने साल 2021 में गांधी पुस्तकालय भवन के जीर्णोद्धार के लिए निविदा प्रकाशित करायी थी। उसके बाद इस भवन की मरम्मत करायी गयी। बता दें कि गांधी पुस्तकालय का भवन जर्जर होने के कारण इसे धर्मपुर स्थित बहुदेश्यीय भवन में स्थानांतरित कर दिया गया था, लेकिन यहां भी कई सालों से पुस्तकालय बंद है।



### 60 के दशक में की गयी थी पुस्तकालय की स्थापना

बता दें कि स्थानीय लोगों के सामूहिक प्रयास से 60 के दशक में गांधी पुस्तकालय की स्थापना की गयी थी। दस साल तक यह पुस्तकालय जन सहयोग व चंदा से चलता रहा। 70 के दशक में पलामू शिक्षा विभाग ने इसका अधिग्रहण किया और यहां पुस्तकों की आपूर्ति की जाने लगी। शिवशंकर प्रसाद को पुस्तकालय अधीक्षक बनाया गया था। वो काफी कम पैसे में इस पुस्तकालय का संचालन करते थे। उस समय पुस्तकालय भवन में बिजली नहीं थी। लोगों को शाम में लालटेन की रौशनी में किताबें पढ़नी पड़ती थी। पुस्तकालय में बैठने के लिए तीन टेबल व आठ से दस कुर्सी थी। पुस्तकों को रखने के लिए पर्याप्त रैक व आलमीरा नहीं थे। जब पुस्तकालय अधीक्षक शिवशंकर प्रसाद सेवानिवृत्त हो गये तो गायत्री देवी ने पुस्तकालय में केयर टेकर के रूप अपनी सेवा दी। लेकिन बहुत ही कम व अनियमित मानदेय पर गुजारा करना मुश्किल हो रहा था तो उन्होंने पुस्तकालय चलाने में असमर्थता जाहिर कर दी। उसके बाद पुस्तकालय बंद हो गया।

### तत्कालीन डीसी ने पुस्तकालय को किया था स्थानांतरित

साल 2011-12 में तत्कालीन डीसी राहुल कुमार पुरवार ने इस पुस्तकालय का निरीक्षण किया। पुरवार के निर्देश पर पुस्तकालय को शहर के धर्मपुर स्थित बहुदेश्यीय भवन की दूसरी मंजिल पर शिफ्ट कर दिया गया, जहां पुस्तकालय को फर्नीचर उपलब्ध कराये गये और एक सरकारी शिक्षक को यहां केयर टेकर के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया। लेकिन शहर से दूर वीरान में स्थित होने के कारण यहां पाठकों की तादाद बहुत ही कम थी। बाद में पाठकों की संख्या शून्य हो गयी। यहां प्रतिनियुक्त शिक्षक कई महीनों तक पुस्तकालय खोल कर पाठकों की बाट जोहते रहे। आखिरकार बाद में इसे बंद कर दिया गया। साल 2021 में तत्कालीन डीसी अबु इमरान ने गांधी पुस्तकालय भवन का निरीक्षण किया और इसका जीर्णोद्धार करने के लिए निविदा प्रकाशित किया। विडंबना यह है कि जीर्णोद्धार के बाद भी पुस्तकालय को यहां स्थानांतरित नहीं किया जा रहा है।

# प्रखंड की सभी पंचायतों में आवास लाभुक दिवस मनाया गया

**बारियातु।** गुरुवार को सभी पंचायतों में आवास लाभुक दिवस मनाया गया। इस मौके पर उपस्थित लाभार्थियों को ससमय आवास बनाने के लिए जागरूक किया गया। आवास बनाने में किसी तरह की परेशानी नहीं हो इसके लिए बालूभांग, फुलसु, डाढ़ा, बारियातु, साल्वे, टोंटी, शिबला व गोनिया पंचायत सचिवालय भवन परिसर में संबंधित मुखियाओं ने लाभुकों से सीधा संवाद किया गया। प्रखंड के सभी नौ पंचायतों में आवास लाभुक दिवस के मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रखंडकर्मी मौजूद रहे। आवास कार्य को प्रगति में लाने के उद्देश्य से पीएम आवास प्रखंड समन्यवक शशि पूनम कुजूर, प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा शाहदेव ने सभी क्षेत्रों जाकर आवास लाभुक दिवस की गतिविधि की जानकारी ली। अमरवाडीह में पंकज पांडेय व अजाद वर्मा, बालुभांग में अनेश्वर प्रसाद व रेखा कुमारी, बारियातु में संतोष यादव व प्रभात उरांव, डाढ़ा में रवि यादव व शिव प्रसाद, गोनिया में अरविंद पांडेय, फुलसु में शशि कुजुर व रामबिलास उरांव, साल्वे में रामदेव नगेसिया व ईम खान शिबला में प्रदीप भगत व अविनाश रंजन, टोंटी में निशांत कुमार व राजदेव सिंह को नियुक्त किया गया है। आवास दिवस कार्यक्रम में मुखिया केदार गंझु, तेतरी देवी, सुरेश उरांव, सरिता देवी, राजीव भगत, शांति देवी, सुशिला देवी, सुरेश उरांव, रानो देवी, उप मुखिया बिनोद यादव, जितेंद्र प्रसाद,रामकृष्ण गंझु,संबंधित पंचायत के स्वयंसेवक सहित जनप्रतिधि मौजूद थे।



ज्ञान की बात

**'आपके बड़े से बड़ा दुश्मन भी आपको उतना नुकसान नहीं पहुंचा सकता, जितना नुकसान आपके अनियंत्रित विचार आपको पहुंचाते हैं'**
**– गौतम बुद्ध**

# जल बिन जीवन

***राजधानी*** रांची सहित झारखंड के कई जिलों को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। तपती धूप में लोगों खासकर, महिलाओं को लंबी दूरी तय कर, या घंटों लाइन में लगकर पेयजल लाना पड़ रहा है। इस विकट परिस्थिति की मुख्य वजह भूमिगत जलस्तर का नीचे जाना है, जिसके लिए सरकार और समाज, दोनों को समान रूप से जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। हालांकि, यह समस्या सिर्फ इस राज्य की नहीं, बल्कि देशव्यापी है और यह पहली बार भी नहीं है कि जब जीवन के आधार तत्व जल के लिए हाहाकार की स्थिति बन रही है। संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को की रिपोर्ट के अनुसार, 2025 तक भारत में पेयजल संकट बहुत बढ़ जायेगा। यहां पर ग्लेशियरों के पिघलने के कारण सिंधु, गंगा और ब्रह्मपुत्र जैसी प्रमुख हिमालयी नदियों का प्रवाह कम हो जायेगा। भारत में पेयजल की बात करें, तो पिछले कई दशकों से यहां वर्षा में कमी दर्ज की जा रही है। इस वजह से भूमिगत जल का स्तर भी घटता जा रहा है, लेकिन जब खपत की बात आती है, तो रिपोर्ट बताती है कि चीन और अमेरिका में जितना पानी का इस्तेमाल होता है, उससे काफी ज्यादा मात्रा में भारत अकेले खर्च करता है। हालांकि, भारत में भू-जल का केवल 8 फीसदी ही पेयजल के रूप में उपयोग किया जाता है, जबकि 80 फीसदी भाग सिंचाई में और शेष 12 फीसदी हिस्सा उद्योगों द्वारा उपयोग किया जाता है।

**राजधानी रांची सहित झारखंड के कई जिलों को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। इसकी मुख्य वजह भूमिगत जलस्तर का नीचे जाना है, जिसके लिए सरकार और समाज, दोनों जिम्मेदार हैं।**

मॉनसून में अच्छी बारिश नहीं होने के कारण भी अधिकांश राज्य प्रति वर्ष सूखे की चपेट में होते हैं। लिहाजा, मजबूरन खेती-किसानी के लिए उन्हें भूमिगत जल का इस्तेमाल करना पड़ता है। ऐसे में भू-जल स्तर का गिरना कोई आश्चर्य की बात नहीं है।

कुछ समय पहले आई कैग की रिपोर्ट के अनुसार, देश में जितना भी बारिश का पानी जमीन में अंदर जाता है, उसका 63 फीसदी पीने और सिंचाई-उद्योग कार्यों के लिए निकाल लिया जाता है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान में तो 100 फीसदी दोहन होने के कारण भू-जल का पूरी तरह खत्म हो जाने का खतरा है। इससे पहले यह परिस्थिति चेन्नई में उत्पन्न हो चुकी है। महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, मध्य प्रदेश जैसे कई राज्यों में जल का भारी संकट पैदा होने आंशका है। नीति आयोग की मानें, तो भारत के लगभग 600 मिलियन से अधिक लोग गंभीर जल संकट का सामना कर रहे हैं। रिपोर्ट में यह अंदेशा जताया गया है कि साल 2030 तक देश में पानी की मांग उपलब्ध आपूर्ति की तुलना में दोगुनी हो जायेगी। मनुष्यों द्वारा पर्यावरण के साथ निरंतर खिलवाड़ किये जाने का यह परिणाम हुआ कि आज झारखंड सहित देश की अधिकांश आबादी को स्वच्छ पानी मुहैया नहीं हो पा रहा है। तमाम खबरें व रिपोर्टें इस बात को चीख-चीखकर कह रही हैं कि यदि आज जल संसाधन का प्रबंध नहीं किया जाता है तो भावी पीढ़ी जल के एक-एक बूंद के लिए तरस जायेगी। इस संकट के निवारण के लिए तीन स्तरों पर विचार करने की जरूरत है। पहला यह कि अब तक जल का उपयोग किस तरह करते आ रहे थे? दूसरा यह कि भविष्य में इसका उपयोग कैसे करना है? और तीसरा एवं सबसे महत्वपूर्ण यह कि जल संरक्षण के लिए क्या कदम उठाये जाने चाहिए। जल संकट आज झारखंड ही नहीं, पूरे देश के लिए अहम चिंता का विषय है। ऐसे में चेतने और सोचने की जरूरत है कि अगर जल ही नहीं रहेगा, तो जीवन की कल्पना कैसी और सृष्टि का निर्माण कैसा?

# फूट चुका है न खाऊंगा न खाने दूंगा का 'गुब्बारा'





निर्मल रानी

***दो*** करोड़ रोजगार व सभी के खातों में 15 -15 लाख रुपए डालने जैसी तमाम बातें हवा हवाई साबित हो चुकी हैं। 15 -15 लाख रुपए खातों में डालने वाली चर्चा पर तो स्वयं गृह मंत्री ने यह कह कर विराम लगाने की कोशिश की थी कि 'यह तो एक जुमला ' था। तभी से कई आलोचक सरकार को 'जुमला सरकार' भी कहने लगे हैं। गंगा सफाई, सौ स्मार्ट सिटी बनाने जैसे अनेक वादों की तो कब की हवा निकल चुकी है। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण नारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया था,'न खाऊंगा न खाने दूंगा'। सरकार दावे भी करती है कि 2014 से लेकर अब तक भ्रष्टाचार में काफी कमी आई है। आए दिन विपक्षी दलों के नेताओं के ठिकानों पर पड़ने वाले ई डी,सी बी आई व इनकम टैक्स विभाग के छापे और कई जगहों पर होने वाली अकूत धन संपत्ति की बरामदगी से ऐसा सन्देश भी जाता है कि सरकार भ्रष्टाचार रोकने के लिये काफी गंभीर है। कुछ गोदी मीडिया भी ऐसी खबरों को बढ़ा चढ़ाकर पेश कर यह माहौल बनाना चाहता है कि सरकार भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रही है। परन्तु वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के अनुसार 'यू पी ए सरकार की तुलना में भ्रष्टाचारियों की सजा की दर इस सरकार में कम हो गयी है। तथ्य यह है कि 2013 में 1136 व्यक्तियों को भ्रष्टाचार के लिए दोषी ठहराया गया। जबकि 2014 में 993 ,2015 में 878 और 2016 में केवल 71 लोगों को दोषी ठहराया गया। कोई व्यक्ति झूठ बोल सकता है परन्तु तथ्य नहीं। आखिर भ्रष्टाचारियों को कौन बचा रहा। हकीकत तो यह है कि वर्तमान सरकार के दौर में सत्ता से जुड़े व सत्ता का संरक्षण प्राप्त कई भ्रष्टाचारियों के चेहरे बेनकाब हुए हैं । जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने स्वयं यह कहा कि नरेंद्र मोदी को भ्रष्टाचार से नफरत नहीं है। मलिक ने यह भी कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष उनके एक मंत्री और गोवा के मुख्यमंत्री से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले उठाये थे, जिस पर उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बजाय आनन-फानन में उनका तबादला करके मेघालय भेज दिया। यहां तक कि कश्मीर का राज्यपाल होते उन्होंने आर एस एस के वरिष्ठ नेता व प्रवक्ता रह चुके राम माधव का नाम लेकर भ्रष्टाचार के कई मामले उजागर किये। इससे ऊँचे स्तर पर भ्रष्टाचार की मिसाल और क्या हो सकती है? कर्नाटक चुनाव में भाजपा की पराजय का मुख्य कारण ही राज्य के भाजपा नेताओं पर लगने वाले भ्रष्टाचार के आरोप ही थे। राज्य में यह बात जन जन तक पहुँच चुकी थी कि किसी भी काम के लिये 100 में से 40 रुपए मंत्री-विधायक की रिश्वत निर्धारित थी। वह कर्नाटक ही था जहां चुनाव से कुछ ही समय पूर्व भाजपा के तत्कालीन विधायक मदल विरुपक्षप्पा के एक अधिकारी स्तर के पुत्र प्रशांत कुमार को 40 लाख रुपये घूस लेते रंगे हाथों गिरफ़्तार किया गया। भाजपा विधायक पुत्र प्रशांत कुमार कर्नाटक प्रशासनिक सेवा के 2008 बैच का अधिकारी है। उसने साबुन और अन्य डिटर्जेंट बनाने के लिए कच्चे माल को खरीदने की डील के लिए एक ठेकेदार से 80 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। परन्तु ठेकेदार ने इसकी शिकायत लोकायुक्त से कर दी। लोकायुक्त अधिकारियों ने विरुपक्षप्पा के बेटे प्रशांत कोकर्नाटक सोप एंड डिटर्जेंट लिमिटेड (केएसडीएल) कार्यालय में 40 लाख रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा और उसे गिरफ़्तार कर लिया। इसके बाद

**गंगा सफाई, सौ स्मार्ट सिटी बनाने जैसे अनेक वादों की तो कब की हवा निकल चुकी है। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण नारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया था,'न खाऊंगा न खाने दूंगा'।**

**इन दिनों**

लोकायुक्त ने के एस डी एल के कार्यालय व प्रशांत के घर पर छापा मारा तो वहाँ से 8 करोड़ रुपए नकद बरामद हुये। गौरतलब है कि भाजपा विधायक मदल विरुपक्षप्पा स्वयं के एस डी एल के प्रमुख थे जबकि उनका बेटा बंगलुरु जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड में मुख्य लेखाकार है। परन्तु विधायक पिता जिस सरकारी कंपनी का अध्यक्ष था उसका बेटा उसी कंपनी के काम के लिये रिश्वत लेता था। भ्रष्टाचार के इसतरह के और भी कई मामले कर्नाटक में ही उजागर हो चुके थे। अन्यथा जब चुनाव में भाजपा पर भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे थे उस समय वह इन आरोपों का सामना करने के बजाये बजरंगबली, 91 गालियां व साम्प्रदायिकता का जहर फैलाकर वोट न मांगती। गत वर्ष 30 अक्टूबर 2022 को गुजरात के मोरबी नगर में मच्छु नदी पर बना झूला पुल टूट गया था। इस हादसे में कम से कम 135 लोग अपनी जानें गँवा बैठे थे और करीब 200 लोगों को गंभीर चोटें आई थीं। यह घटना भी घोर भ्रष्टाचार का ही नतीजा थी। अभी कुछ दिनों पहले ही किरण पटेल नाम का एक गुजरात का ही व्यक्ति प्रधानमंत्री कार्यालय का फर्जी अफसर बनकर जम्मू कश्मीर में जेड प्लस सुरक्षा लेकर घूमते पकड़ा गया था। जब इस ठग को लेकर गुजरात मुख्यमंत्री कार्यालय के जनसंपर्क अधिकारी हितेश पंड्या के पुत्र अमित का बिजनेस पार्टनर होने की बात सामने आई उसी समय पांड्या ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। जनसंपर्क अधिकारी हितेश पंड्या लगभग 2 दशक से गुजरात के मुख्यमंत्री कार्यालय से जुड़े थे। आरोप है कि वे यहां बैठकर अपने एनजीओ नेशन फर्स्ट फाउंडेशन के लिए धन जुटाते थे। और इसी एनजीओ के माध्यम से किरण पटेल विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर बड़ी हस्तियों से सांठगांठ करता था। ये दोनों सीसीटीवी से जुड़ा व्यापार भी करते हैं। अहमदाबाद पुलिस में किरण पटेल के विरुद्ध एक वरिष्ठ नागरिक का बंगला हड़पने के मामले में प्राथमिकी भी दर्ज है। उसने बंगले का नवीनीकरण कराने के नाम पर एक बुजुर्ग से 35 लाख रुपए ऐंठ लिए तथा बाद में खुद ही उस मकान में कब्जा जमाकर रहने लगा। क्या ऐसे ठगों को बिना सत्ता संरक्षण के जेड प्लस सेक्युरिटी और तमाम सरकारी व पांच सितारा सुविधायें मिलना संभव हैं ? इन दिनों संजय राय शेरपुरिया नामकएक सफेद पोश ठग का नाम चर्चा में है। शेरपुरिया पर भारतीय स्टेट बैंक से 350 करोड़ रुपये का गबन करने का आरोप है। खबर तो यह भी है कि उसने रेस कोर्स रोड पर घर ले रखा था और उसका वाईफाइ नेटवर्क भी पीएमओ वाला ही था। आश्चर्य है कि शेरपुरिया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर लोगों को लूट रहा था और पीएम को पता तक नहीं चला? कहा तो यह भी जा रहा है कि जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस ठग से 25 लाख रुपये का कर्ज लिया है। यूपी एसटीएफ ने करोड़ों रुपये की ठगी के एक मामले में ठग संजय राय शेरपुरिया का भंडाफोड़ करते हुए उसे गिरफ़्तार किया है। अब इन रुपयों, और उसके कथित एनजीओ की जांच में केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय भी सक्रिय हो चुकी है। ईडी ने दिल्ली, बनारस, लखनऊ और गाजीपुर जैसे चार शहरों में संजय के ठिकानों पर छापेमारी की है।

## बोधि वृक्ष

### *आईए सुनें यम देवता की कथा*

***हिन्दू*** धर्म के अनुसार यमराज मृत्यु के देवता हैं। विश्वकर्मा की पुत्री संज्ञा और भगवान सूर्य के पुत्र में रूप में जन्मे यमराज का उल्लेख वेद शास्त्रों में भी आता है। इनकी जुड़वां बहन यमुना (यमी) थी। यमराज का वाहन महिष वाहन (भैंसे पर सवार) हैं। यमराज बोले तो धर्मराज जीवों के शुभाशुभ कर्मों के निर्णायक हैं।

**मृत्यु के देवता :** यमराज भगवान को दक्षिण दिशा के दिक्पाल कहा जाता हैं। यमराज को मृत्यु के देवता भी माना जाता हैं। दक्षिण दिशा के लोकपाल यमराज अशुभकर्मा प्राणियों के लिए बड़े ही भयंकर है। यमराज देवता यम, धर्मराज, मृत्यु, अन्तक, वैवस्वत, काल, सर्वभूतक्षय, औदुम्बर, दघ्न, नील, परमेष्ठी, वृकोदर, चित्र और चित्रगुप्त आदि चौदह नामों से जाने जाते है और इनकी आराधना होती है।

**यमलोक :** यमराज के देवता एक अलग लोक में विराजमान रहते है जिसे 'यमलोक' कहा जाता है। हिदुओं का विश्वास है कि मनुष्य मरने पर उसको शुभ और अशुभ कृत्यों का हिसाब देना पड़ता है और इसीलिए वो सब से पहले यमलोक में जाता है। वहाँ यमराज के देवता विचार करके उसे स्वर्ग या नरक में भेजते हैं। यह माना जाता है कि मृत्यु के समय यम के दूत ही आत्मा को लेने के लिये आते हैं।

**यमराज के जन्म की कथा :** यमराज विश्वकर्मा की कन्या संज्ञा और सूर्यदेव के पुत्र थे। उनके जन्म से पहले जब संज्ञा ने अपने पारी सूर्यदेव को देखा तो उनके तेज प्रकाश को देखकर वो भयभीत हो गई और सूर्य को देखकर भय से संज्ञा ने आँखें बंद कर ली।

**सूर्यदेवता :** इस बात से सूर्य देवता नाराज हो गये और सूर्य ने क्रुद्ध होकर संज्ञा को शाप दे दिया। शाप के अनुसार, सूर्य ने कहा तुम्हें जो भी पुत्र होगा, वह लोगों का संयमन करनेवाला अर्थात उनके प्राण लेनेवाला होगा। इसी कारणवश यमराज को मृत्य का देवता माना जाता है।

*(क्रमशः)*

# उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव में भाजपा की बड़ी लकीर



मृत्युंजय दीक्षित


***मुख्यमंत्री*** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश भगवा राजनीति का अजेय दुर्ग बन चुका है । 2014 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपने सहयोगी दलों के साथ पहली बार 73 सीटों पर विजय प्राप्त की थी। अब गोरक्षपीठ के महंत योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में जितने भी चुनाव हो रहे हैं, हर में भाजपा की लोकप्रियता का ग्राफ बढ़ रहा है। 2017 के नगर निगम चुनाव, 2019 के लोकसभा चुनाव, 2022 के विधानसभा चुनाव और अब 2023 के नगर निकाय चुनाव ने तो नया अध्याय लिख दिया है। निकाय चुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा ने सभी 17 नगर निगम और उसके बाद नगर पंचायत और पालिका चुनाव में सीट व वोट प्रतिशत के हिसाब से अब तक की सबसे बड़ी जीत अर्जित कर बड़ी लकीर खींच दी है। इसी समय हुए उपचुनाव में भाजपा ने सपा के मजबूत नेता आजम खां के अंतिम गढ़ को भी ध्वस्त कर दिया है। भाजपा की इस विजय से विपक्षी दलों के उत्साह पर पानी फिर गया है और वह 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी में पिछड़ गये हैं। भाजपा अपने सभी सहयोगी दलों के साथ सभी 80 सीटों पर विजय का शंखनाद करती हुई आगे बढ़ रही है। अब भाजपा को प्रदेश के नगर निगमों में संचालन के लिए निर्दलीयों का सहारा नहीं लेना पड़ेगा। इस विजय के नायक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं। उनकी नियत, नीति और कार्यशैली जनमानस को भा रही है। योगी आदित्यनाथ ने 13 दिन में 43 जिलों में 50 जनसभा और रोड शो कर अपार मेहनत की। उसका सुफल जनता भाजपा को दिया। उन्होंने प्रचार में विकास तथा कानून व्यवस्था का ही मुद्दा उठाया। विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री का बयान, 'मिटटी में मिला देंगे माफिया को' और उसके बाद कई खतरनाक माफिया पर हुई कार्रवाई ने आमजन का भरोसा बढ़ा दिया। मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले सपा, बसपा और कांग्रेस जैसे दलों को मुंह की खानी पड़ी। प्रदेश की जनता ने पहली बार नगर निकाय चुनाव में कानून व्यवस्था पर जमकर वोट दिया। कई मोहल्लों व गलियों में तो भाजपा को एकतरफा वोट मिला है। भाजपा कार्यकर्ता निगम चुनाव में मतदाता को यह समझाने में कामयाब हो गये कि कौन उनका सच्चा हमदर्द है। लखनऊ कमल तो खिला ही है पर अबकी बार पिछली बार से भी अधिक वोट प्राप्त हुए हैं और पार्षद जीतने में कामयाब रहे हैं। मुख्यमंत्री का मानना है कि निकाय चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत सुशासन, विकास और भयमुक्त वातावरण का नतीजा है। यह सच भी है। भारतीय जनता पार्टी ने इस चुनाव में धर्म की ध्वजा पर सवार होकर जातियों का चक्रव्यूह भेदने में सफलता हासिल की है। पार्टी के मतदाता सम्मेलनों का भी फायदा मिला है। कुछ सीटों पर बगावत भी हुई, पर वह असर नहीं दिखा सकी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मंत्रिमंडल सहयोगियों की दिन-रात की गई मेहनत ने विपक्ष के मंसूबों पर पानी

**योगी ने 13 दिन में 43 जिलों में 50 जनसभा व रोड शो कर कड़ी मेहनत की। उसका सुफल जनता भाजपा को दिया। प्रचार में विकास तथा कानून व्यवस्था का ही मुद्दा उठाया।**

**देश-विदेश**

फेर दिया है। 2023 में भाजपा ने 2017 के मुकाबले बहुत बढ़त बनाई है। वर्ष 2017 में भाजपा ने 14 नगर निगमों में जीत हासिल की थी। 198 नगर पालिका परिषद में 70 पालिकाओं में अध्यक्ष पद का चुनाव जीता था। इस बार भाजपा ने 199 में से 87 नगर पालिकाओं में अध्यक्ष पद का चुनाव जीता है। वर्ष 2017 में भाजपा ने 438 नगर पंचायतों में से 100 पर चुनाव जीता था और इस बार भाजपा ने 544 नगर पंचायतों में से 191 पंचायतों में अध्यक्ष पद का चुनाव जीता है।

**फोटो की दुनिया**



फेसबुक वॉल से




# मास्टरस्ट्रोक से पायलट व वसुंधरा राजनीति में किनारे लग गये



रमेश सर्राफ धमोरा

***मुख्यमंत्री*** अशोक गहलोत ने खुलासा किया था कि 2020 में सचिन पायलट द्वारा उनकी सरकार के खिलाफ बगावत करने के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे व उनके समर्थक विधायकों ने सहयोग कर उनकी सरकार को गिरने से बचाया था। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से अपने संबंधों को लेकर खुलासा क्या किया वसुंधरा राजे चुनाव से पहले ही परेशान नजर आने लगी हैं। राजस्थान में पिछले 25 वर्षों से एक बार अशोक गहलोत तो दूसरी बार वसुंधरा राजे मुख्यमंत्री बनते आ रहे हैं। इस बार वसुंधरा राजे फिर मुख्यमंत्री बनना चाहती हैं। मगर अशोक गहलोत ने बयान देकर उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया है। हाल ही में धौलपुर जिले में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने खुलासा किया था कि 2020 में सचिन पायलट द्वारा उनकी सरकार के खिलाफ बगावत करने के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे व उनके समर्थक विधायकों ने सहयोग कर उनकी सरकार को गिरने से बचाया था। गहलोत ने कहा था कि धौलपुर से भाजपा विधायक शोभा रानी कुशवाहा ने तो राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार प्रमोद तिवारी के पक्ष में क्रॉस वोटिंग कर खुले आम पार्टी नेतृत्व की अनदेखी की थी। शोभा रानी कुशवाहा वसुंधरा समर्थक विधायक मानी जाती रही हैं। इसके साथ ही गहलोत ने वसुंधरा समर्थक माने जाने वाले पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कैलाश मेघवाल का भी नाम लिया था। विधानसभा में बजट पास करवाने के दौरान मुख्यमंत्री गहलोत ने प्रदेश में 17 नये जिले बनाने की घोषणा की थी। जिसमें उन्होंने कैलाश मेघवाल के विधानसभा क्षेत्र शाहपुरा को भी जिला बनाया है। विधानसभा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कैलाश मेघवाल को शाहपुरा के जिला बनने पर बधाई देते हुए कहा था कि आप की मांग पूरी कर दी गई है। उस समय भी गहलोत के बयान की काफी चर्चा हुई थी तथा भाजपा बैकफुट पर आ गई थी। राजस्थान की राजनीति में लोगों की धारणा रही है कि अंदर खाने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे मिले हुए हैं। इसी के चलते जब कांग्रेस की सरकार बनती है तो अशोक गहलोत मुख्यमंत्री बन जाते हैं और जब भाजपा की सरकार बनती है तो वसुंधरा राजे मुख्यमंत्री बन जाती हैं। मुख्यमंत्री पद पर रहते दोनों नेता एक दूसरे के हितों का ख्याल रखते हैं तथा जरूरत पड़ने पर मदद भी करते हैं। दलित और आदिवासी वोटों को साध कर कांग्रेस की सत्ता में वापसी कराने के प्रयास में जुटे हैं गहलोत नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल तो खुलकर यह आरोप लगाते रहे हैं। पिछले कुछ महीनों से कांग्रेस नेता सचिन पायलट भी गहलोत को पत्र लिखकर वसुंधरा सरकार के दौरान हुए घोटालों की जांच की मांग कर रहे हैं। मगर मुख्यमंत्री गहलोत ने पायलट की मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं की। जबकि एक माह पूर्व सचिन पायलट ने अपनी इसी मांग को लेकर जयपुर में एक दिन का धरना भी दिया था। इसके बाद पायलट ने

**राजस्थान के मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मुख्यमंत्री से अपने संबंधों को लेकर खुलासा क्या किया वसुंधरा राजे चुनाव से पहले ही परेशान नजर आने लगी हैं।**

**देश-दुनिया**

इसी मांग को लेकर 5 दिनों तक अजमेर से जयपुर तक 125 किलोमीटर की जन संघर्ष पदयात्रा भी की है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा वसुंधरा राजे को लेकर किये गये खुलासे के बाद वसुंधरा राजे अपनी ही पार्टी के नेताओं पर के निशाने पर आ गई हैं। राजस्थान में वसुंधरा विरोधी खेमे के नेता गहलोत के बयान को लेकर मुखर हो रहे हैं। उनका कहना है कि वसुंधरा राजे समर्थक विधायकों के दम पर ही गहलोत बेखौफ होकर सरकार चला रहे हैं।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

# जिप सदस्य ने स्टेट सेकेंड टॉपर शुभांगिनी से मुलाकात कर बढ़ाया हौसला



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के झुरझुरी पंचायत अंतर्गत ग्राम गुंजरा निवासी रविकांत प्रसाद (इंजीनियर) एवं डॉ. शंकुतला (प्रोफेसर) की बेटी एवं सेवानिवृत्त शिक्षक नारायण प्रसाद की पोती शुभांगिनी उर्फ मानसी ने सीबीएसई बोर्ड 12वीं की साइंस ग्रुप में 98.2% अंक प्राप्त कर झारखंड स्टेट में सेंकेंड टॉपर बनी।जिसे जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया एवं समाजसेवी सी के पाण्डेय ने घर जा कर बधाई दी तथा उत्साहवर्धन किया। मौके पर जिप सदस्य ने कहा कि बरकट्ठा की बेटी शिवांगिनी ने हजारीबाग जिला के साथ साथ मेरे क्षेत्र का नाम पूरे झारखण्ड में रौशन किया है जो गर्व की बात है। साथ ही युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। हम सभी इनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना देते हैं। जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया से बातचीत के क्रम में शुभांगिनी ने बताया की लगन व कड़ी मेहनत से हमने यह सफलता प्राप्त की। वही हमारे मम्मी और पापा का इसमें बड़ा अहम योगदान रहा। इन्होंने मुझे अच्छा करने के लिए हमेशा प्रेरित किया ।

## खनन पदाधिकारियों ने किया पत्थर खदान का निरीक्षण

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के कोनहरा कला स्थित रेमकॉन पत्थर खदान का निरीक्षण जिला खनन पदाधिकारी अजीत कुमार और इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने किया।खनन पदाधिकारी ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा मुआवजे को लेकर शिकायत की गई थी। इसी निमित्त जांच किया गया। जिसमें रैयतों ने बताया कि हमलोगों को 2022 तक का मुआवजा का भुगतान हो गया है। वहीं कुछ रैयतों को 2023 तक का मुआवजा भी ले चुके हैं। वहीं खनन संचालक को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए रास्ते में पानी का छिड़काव करने का आदेश दिया। मौके पर उप मुखिया प्रतिनिधि रहमत अंसारी,जीवन यादव, सदर हफीज, लतीफ मियां आदि मौजूद थे।

# पैनिया आहर तालाब का होगा गहरीकरण, शिलान्यास संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** योजना मद 15वीं वित जिला परिषद की ओर से 11,88,000 रुपए की लागत से भंडारों पंचायत के पौनिया आहर तालाब का गहरीकरण किया जायेगा। उक्त कार्य कनीय अभियंता मो इरशाद की निगरानी में संवेदक रमजान अंसारी के द्वारा किया जाना है। जिसका शिलान्यास स्थानीय विधायक सह विस निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला ने किया। शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के समक्ष विधायक ने संवेदक को गुणवता पूर्ण कार्य करने की चेतावनी भी दिया। कार्यक्रम अल्पसंख्यक कल्याण मोर्चा के विधानसभा अध्यक्ष मो कयूम अंसारी, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव आदि मौजूद थे ।

## भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक कल

**रामगढ़ ।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ की जिला कार्यसमिति बैठक आगामी 20 मई को जिला कार्यालय रामगढ़ में पूर्वाह्न 11 बजे होगी। जिसमे भाजपा सांसद एवं विधायक के साथ मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य सचेतक झारखंड विधानसभा सह बोकारो विधायक विरंची नारायण उपस्थित रहेंगे। उक्त बातों की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी बताया की कार्यकारिणी बैठक में रामगढ़ भाजपा के सभी जिला पदाधिकारीगण,कार्यसमिति सदस्यगण,सभी मंडलों के अध्यक्ष एवं महामंत्रीगण, जिला में निवास करने वाले भाजपा के पदाधिकारी, सभी मोर्चों के प्रदेश पदाधिकारीगण साथ में महा-सम्पर्क अभियान की मंडल टोली के संयोजक एवं सह संयोजक की मुख्य रूप से उपस्थिति रहेगी। बैठक में केंद्र द्वारा निर्देशित महा-सम्पर्क अभियान कार्यक्रम पर विस्तृत रूप से चर्चा के साथ कार्यक्रम की सफलता हेतु कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिया जाएगा।

## बरकट्ठा में जिप सदस्य के प्रयास से तत्काल ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया



**बरकट्ठा।** जिप सदस्य कुमकुम देवी के प्रयास से गैपाहड़ी के चांदनी चौक में एक सौ केवी का ट्रांसफार्मर तत्काल उपलब्ध कराया गया। विदित हो कि दो दिनों पूर्व यहां का ट्रांसफार्मर पूरी तरह खराब हो गया था। इसकी सूचना कुमकुम देवी को मिली तो उन्होंने अविलंब विद्युत कार्यालय पहुंचकर सभी आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर ली। वही गांव के लोग विद्युत कार्यालय ट्रांसफार्मर लेने हेतु पहुंचे थे कि जिप सदस्य द्वारा ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया गया। वहीं कुमकुम की तत्परता से ग्रामीणों में काफी खुशी है तथा लोगों ने इस कार्य के लिए उनका आभार व्यक्त किया ।मौके पर वीरेंद्र प्रसाद ,खीरोधर प्रसाद ,रामदेव प्रसाद, नगीना प्रसाद,जागेश्वर प्रसाद, भुनेश्वर प्रसाद, बोधी महतो, हीरालाल प्रसाद समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# विवाहिता ने फांसी लगा की जीवन लीला समाप्त

## मुखिया ने मृतक के परिवार से मिलकर ढाढस बंधाया

### पुलिस कर रही छानबीन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के चेचकपी में विवाहिता रीता देवी पति अनिल सिंह ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना बुधवार के रात की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के पति मुंबई में मजदूरी करता है। मृतका के मोबाइल फोन से पता चला है कि उसके मायके विष्णुगढ़ के कोई दीपक कुमार के नाम से लगभग बुधवार के 12 बजे रात तक बात होने का कॉल रेकॉर्डिंग मिला है। जिसमें मृतका से कहा जा रहा है कि मेरी बात नहीं मानेगी तो तुम्हारा अश्लील वीडियो को वायरल कर देंगे। कहा जा रहा है कि इसी बात को लेकर इस महिला ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। वहीं पुलिस ने मृतका के मां सरस्वती देवी के आवेदन पर छानबीन में जुट गई है। घटना के बाद मुखिया रीता देवी और समाजसेवी डेगलाल साव घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों को ढाढस बंधाया। मुखिया समेत ग्रामीण कुलदीप सिंह, दशरथ सिंह, राजेश साव, मोहन साव, शंकर साव, भुनेश्वर सिंह, विरेंद्र मेहता, मनोज सिंह, अब्बास अंसारी, इसाक अंसारी, कयूम अंसारी, इम्तियाज अंसारी, केदार सिंह, पिंटू सिंह समेत आदि लोग मौजूद थे।

## हक की लड़ाई के लिए जनता को सड़कों पर आना होगा : अकेला

**बरही।** भीषण गर्मी और सूखते जलस्त्रोत ने बरही विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल के लिए कोहराम मचा रखा है। शिकायत के बाबजूद भी अधिकारी कुछ नही कर रहे है। बरही पूर्वी, पश्चिमी, पंचमाधव, रानीचुआ, कोल्हुआकाला आदि क्षेत्रों पेयजल की विकट समस्या है। नलकूप खराब हो चुके है। पंचमाधव पंचायत के कामेश्वर रविदास ने बताया की पड़ीरमा पानी की विकट समस्या है। पीएचईडी जेई को इसकी शिकायत की गई पर कोई समाधान नहीं हुआ है। संबंधित मामले पूछे जाने पर विधायक ने भी विधानसभा क्षेत्र में पेयजल समस्याओं की बात स्वीकारी है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में पीएचईडी के अधिकारियों को कई बार कहा गया परंतु वह इस दिशा में ध्यान नहीं देते। इसकी शिकायत मंत्री सत्यानंद भोक्ता से भी की गई है। उन्होंने दो टूक कहा कि जनता को अपने हक के लिए सड़कों पर आना होगा। इसके लिए वह सदैव उनके साथ हैं।

# खाद्य पदार्थों की दुकानों पर खाद्य विभाग ने की छापेमारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से राजधानी रांची से आई टीम ने बरही चौक सहित आसपास के विभिन्न होटल एवं खाद्य सामग्री बेचने वाले होटल व दुकान आदि का औचक निरीक्षण किया । जानकारी देते हुए जिला खाद सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी ने बताया कि राज्य सरकार के निदेर्शानुसार यह विशेष निरीक्षण किया जा रहा है इसके लिए राज्य से तीन अलग-अलग टीम पूरे दल के साथ औचक निरीक्षण कर रही है इसके लिए राखी लैब के विशेषज्ञ भी पूरे केमिकल व्यवस्था के साथ खाद्य सामग्रियों की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि जांच के क्रम में मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों में यूरिया, कास्टिक सोडा और अन्य अखाद्य तत्वों के मिलावट पर जांच किया जाना है । इस दौरान बरी के विभिन्न होटल एवं खाद्य सामग्री विक्रेताओं के दुकान से सैंपल संग्रह किया गया, जिसे जांच के लिए रांची भेजा जाएगा।

## बरकट्ठा : गंगपाचो पैक्स अध्यक्ष चुनाव के लिए तीन ने किया नामांकन

**बरकट्ठा।** प्रखंड के गंगपाचो पैक्स सहयोग समिति लिमिटेड के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पद के लिए तीन लोग नारायण प्रसाद,जय श्री प्रसाद और सतीश चौधरी ने नामांकन किया। वहीं कार्यकारणी सदस्य के लिए बालेश्वर प्रसाद,भीम महतो, विनोद प्रसाद, छोटेलाल पासवान, हेमराज प्रसाद, दामोदर प्रसाद, हेमिया देवी, निशा देवी और गीता कुमारी ने नामांकन किया। वहीं तीन लोगों सुन्दर महतो,सुरेश चौधरी,बचनदेव रविदास का नामांकन प्रपत्र में त्रुटि रहने के कारण रद्द किया गया। उक्त जानकारी निर्वाचन पदाधिकारी सह सहकारिता प्रसार पदाधिकारी कारु राम ने दी उन्होंने बताया कि प्रबंधन समिति का चुनाव पूर्व निर्धारित 30 मई को किया जाएगा।

## शिक्षा विभाग में विदाई समारोह का आयोजन




**रामगढ़ ।** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में जूनियर छात्रों की ओर से सीनियर छात्रों के लिए 18 मई को विदाई समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, शैक्षणिक प्रभारी डॉ. अंजनी कुमार मिश्रा एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अंजू तिवारी सहित सभी व्याख्यातागण द्वारा संयुक्त रूप से संस्था संस्थापक स्व. राधा देवी एवं स्व. गोविन्द साह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । समारोह के अवसर पर छात्रों द्वारा गीत एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई । इस मौके पर कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल ने सभी का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा की शिक्षक प्रशिक्षण की सार्थकता तभी है जब आप पूरी लगन एवं निष्ठा के साथ समाज के बीच अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करेंगे । विभागाध्यक्ष डॉ. अंजू तिवारी ने सभी का स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया और विदा लेनेवाले छात्रों को भविष्य में आनेवाली चुनौतियों से निपटने के लिए सदैव तत्पर रहने पर बल दिया । मौके पर डॉ. आशा प्रकाश, डॉ. करलुस टोप्पो, रंजना पाण्डेय, उषा किरण श्रीवास्तव, अनामिका कुमारी, उमेश चंद्र महतो, राकेश रंजन, अरबिन्द कुमार, अर्चना राणा, राहुल चंद्र मंडल, अनिल कुमार केशरी, बुद्धदेव महतो सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे ।

# बच्चों के सतरंगी कलाओं ने निखारा आईलेक्स का समर कैंप





**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** आईलेक्स पब्लिक स्कूल के बरही (पंचमाधव) सहित इसके अन्य बड़कागांव, गौरियाकरमा शाखा में समर कैंप का आयोजन किया गया. जिसमें विद्यालय के बच्चों फिंगर प्रिंट पेंटिंग, पाम प्रिंट पेंटिंग, कार्ड मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, फेस पेंटिंग, नेल आर्ट, मॉकटेल आईडिया, सैलड डेकोरेशन, फ्रूट चार्ट डेकोरेशन, मैंगो डे सेलिब्रेशन जैसी सतरंगी एक्टिविटी ने समर कैंप को यादगार बना दिया. निदेशक शैलश कुमार ने बताया कि अपने एक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए प्रत्येक बच्चो ने पूरा प्रयास किया. समर कैंप स्कूली जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा है. इसके माध्यम से बच्चो को अपनी कला प्रदर्शनी करने का मौका मिलता है. बच्चों के सैलड डेकोरेशन, नेल डेकोरेशन तो देखते ही लग रहे थे जो किसी ट्रेंड प्रोफेशनल से किसी भी तरह कम नही था । इस प्रकार की एक्टिविटी बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को निकालने में सहायक होती है।

## हजारीबाग : चार इंस्पेक्टर समेत 13 एसआई का तबादला

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के कई थानेदारों को एसपी ने फेरबदल कर दिया है। एसपी मनोज रतन चोथे ने गुरुवार को इसकी सूची जारी कर दी है। जिले के विभिन्न थानों में तैनात चार इंस्पेक्टर समेत 13 एसआई का तबादला किया गया है। पुलिस केंद्र में तैनात इंस्पेक्टर अनिल कुमार को बड़कागांव अंचल, जबकि अनिल कुमार मरांडी को सदर अंचल का पुलिस निरीक्षक बनाया गया है। थाना प्रभारी सदर यातायात रोहित कुमार सिंह को बरही का थानेदार बनाया गया है। पुलिस केंद्र में तैनात अमित कुमार लकड़ा को सदर थाना प्रभारी बनाया गया है। सदर थाना में तैनात इंस्पेक्टर गणेश सिंह को गोरहर थानेदार, बरकट्ठा थानेदार विक्रम कुमार को चरही और बड़कागांव थाना में तैनात एसआई प्रशांत कुमार मिश्रा को कटकमसांडी थानेदार बनाया गया है। कटकमदाग में तैनात एसआई दिनेश कुमार को बरकट्ठा थानेदार और बरही थाना में तैनात एसआई विपिन कुमार यादव को लोहसिंगना का थानेदार बनाया गया है। लोहसिंगना थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह, चरही थानेदार देवेंद्र कुमार और कटकमसांडी थानेदार आनंद आजाद को पुलिस केंद्र भेज दिया गया है।

# हत्यारोपी को पुलिस ने किया पकड़ा

**नवीन मेल संवाददाता**

**चौपारण।** चौपारण पुलिस ने जन्मदिन पार्टी में हुई हत्या के मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इनमे चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत रैंबो कर्मा के धर्मेन्द्र तुरी उर्फ चरपतिया और श्याम सुंदर तुरी का नाम शामिल हैं। दरअसल गांव में पूर्व से चल रहे आपसी विवाद को लेकर जन्मदिन पार्टी में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। इसमे एक व्यक्ति की मौत मौके पर ही हो गई थी। इस संबंध में चौपारण थाना प्रभारी शंभू नंद ईश्वर ने बताया कि मामला 15 मई की रात की थी. इस घटना में राजेन्द्र सिंह पिताः द्वारिका सिंह की मौत हो गई थी। इस संबंध में मृतक राजेन्द्र सिंह की पत्नी सुनीता देवी ने थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस मामले में एसपी के आदेश पर बरही एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। इस मामले में टीम ने दो अभियुक्तों धर्मेन्द्र तुरी उर्फ चरपतिया और श्याम सुंदर तुरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# 35 लोगों की हुई फ्लोरोसिसि की जांच



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ प्रभात के नेतृत्व में रामगढ़ जिला के सभी पंचायतों में एनपीपीसीएफ कार्यक्रम के तहत डॉ सविता वर्मा और उनकी टीम द्वारा फ्लोरोसिस बीमारी से संबंधित कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को दुलमी प्रखंड अंतर्गत इचातु पंचायत के पंचायत भवन में फ्लोरोसिस कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में सभी आयु वर्ग के कुल 35 व्यक्तियों की फ्लोरोसिस की जांच की गई । जिनमें 27 संदिग्ध व्यक्तियों की यूरिन जांच की गई एवं 3 व्यक्तियों में फ्लोरोसिस बीमारी की पुष्टि हुई। साथ ही सीएचओ अनुपमा कालखो एवं रूपा कुमारी द्वारा 30 वर्ष के ऊपर सभी लोंगो का मधुमेह एवं रक्तचाप आदि की जांच की गई। वहीं, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ सावन कुमार द्वारा कई व्यक्तियों की कुष्ट संबंधि जांच भी की गई। जिला नोडल पदाधिकारी डॉ सविता वर्मा द्वारा उपस्थित सभी को जानकारी देते हुए बताया गया कि यह बीमारी दांत एवं हड्डी प्रभावित करती है। इसमें हड्डियां टेड़ी हो जाती है एवं दांतो में भूरे धब्बे एवं क्षरण प्रारम्भ हो जाते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि फ्लोरोसिस बीमारी से बचने के लिए हमे अपने आहार में ज्यादा से ज्यादा पौष्टिक आहार शामिल करना चाहिए साथ ही नियमित व्यायाम करनी चाहिए।

## पूर्व सर्किल इंस्पेक्टर बने बरही के नए थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर, योगदान आज



**बरही ।** हजारीबाग के पुलिस निरीक्षक सह यातायात थाना प्रभारी और बरही क्षेत्र के पूर्व सर्किल इंस्पेक्टर रोहित कुमार सिंह को बरही थाना का नया थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर बनाया गया है. जानकारी के अनुसार नवपदस्थापित इंस्पेक्टर वर्तमान थाना प्रभारी ललित कुमार से शुक्रवार को अपना पदभार ग्रहण करेंगे। यह निर्देश एसपी मनोज रतन चौथे के निदेर्शानुसार निर्गत किया गया है । निर्देश के अनुसार बरही थाना के कनीय पुलिस निरीक्षक बिपिन कुमार यादव को लोहसिंघना थाना प्रभारी बनाया गया है ।

## आस्था

## भगवान राम की कथा मानव को मर्यादित व उत्तम बनाती है : शिवम शुक्ला

# हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में उमड़ रहे भक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के परबता में श्री श्री 1008 श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव अपने धर्म पत्नी के साथ यज्ञ मंडप में पहुंच कर पूजा अर्चना कर अमन चैन की कामना की। वहीं कथावाचक शिवम शुक्ला जी महाराज अयोध्या के द्वारा दिये जा रहे प्रवचन को सुनकर श्रद्धालु भक्ति विभोर हो गए। वहीं यज्ञ को लेकर मंदिर परिसर को भव्य तरीके से सजाया गया है। कथावाचक शिवम शुक्ला ने अपने प्रवचन में कहा कि राम मयार्दा पुरुषोत्तम हैं।उनकी कथा सुनने से ही लोग मर्यादित और उत्तम मानव बनते हैं। मर्यादित इस अर्थ में की उन्होंने जीवन भर मयार्दा में रहकर प्रत्येक कार्य किए। अपने माता,पिता, पत्नी,भाई और समाज के लोगों के साथ उन्होंने सर्वोत्तम व्यवहार किया । हम सब को उनके जीवन का अनुसरण करना चाहिए ,यही हमारी संस्कृति है। सनातन धर्म भी हमें यह सब सिखाती है। कहा की सुबह उठकर हमें अपने माता-पिता व गुरु को प्रणाम करना चाहिए। जब श्रद्धा और विश्वास का जन्म होता है तब भक्ति और भगवान प्रकट होते हैं।कहा कि सत्य की हमेशा जीत होती है अतः हम सबों को सत्य पर ही चलना चाहिए ।विदित हो कि देश प्रसिद्ध कथावाचक शिवम शुक्ला अयोध्या के साथ सहयोगी कथा वाचिका ज्योति शास्त्री, यज्ञाचार्य छोटे सरकार देवघर से हैं जो बेहतरीन कथा और भजन गाकर अपने मधुर भजनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। वहीं यज्ञ समिति अध्यक्ष महेश मंडल,बालकी यादव, छोटी यादव, दीपक राणा, रमेश यादव, सुशेन पाण्डेय समेत अन्य सदस्यों ने यज्ञ को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## बरहीः ट्रांसफार्मर के लिए आवेदन, सहायक विद्युत अभियंता से गुहार

**बरही ।** मलकोको पंचायत के बुंडू ग्राम वासियों ने बिजली विभाग के सहायक अभियंता के नाम आवेदन देकर अतिशीघ्र बिजली बहाल करने की गुहार लगाई है। जानकारी देते कि मुखिया विजय यादव ने बताया कि बीते शनिवार को उनके गांव में 100 केवीए का विद्युत ट्रांसफार्मर जल जाने से पूरा गांव अंधेरे में है। एक तो भीषण गर्मी से लोग त्रस्त हैं और ऐसे में ट्रांसफार्मर जलना ग्रामीणों के लिए अत्यंत कष्टकारी है। आवेदन में बुंडू ग्राम के किसुन पंडीत, लालो पंडीत, मुंशी यादव, महावीर यादव आदि सहित करीब चालीस ग्रामीण के हस्ताक्षर है। कोनरा इंटर कॉलेज का क्षेत्र भी अंधेरे में : पिछले कुछ दिनों से इंटर कॉलेज के समीप तुरिया टोला और आस पास का क्षेत्र ट्रांफोर्मर जलने से अंधेरे में है। इंटर कॉलेज के समीप रहने वाले रतन पंडीत ने बताया कि जेई को शिकायत की गई है, परंतु उन्होंने बिल जमा होने के बाद ही ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाने की बात कही है।

## हजारीबाग में 21 मई को हज यात्रियों के लिये लगेगा प्रशिक्षण कैंप

**हजारीबाग।** हजारीबाग में हज यात्रियों के लिये 21 मई को एक दिवसीय प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया जायेगा। अंजुमन रजा-ए-मुस्तफा ट्रस्ट की ओर से ये कैंप लगाया जायेगा। शहर के खीरगांव रॉयल बैंक्वेट मैरिज हॉल में सुबह 9 बजे से कैंप लगेगा। जहां सभी तीर्थ यात्रियों को हज के पवित्र यात्रा के रास्ते में आने वाली सभी कठिनाइयों से बचाव की जानकारी दी जायेगी। बिहार स्थित औरंगाबाद के हजरत मौलाना अबू अबुल कलाम साहब हजयात्रियों को प्रशिक्षण देंगे।

# एआई बिज को बढ़ावा देने के लिए कोर्स 5 ने 28 मिलियन डॉलर जुटाए



**नई दिल्ली।** एनालिटिक्स और एआई सॉल्यूशंस कंपनी कोर्स5 इंटेलिजेंस ने गुरुवार को कहा कि उसने लक्षित अधिग्रहण के लिए 2.8 करोड़ डॉलर जुटाए और डीप लर्निंग, कंप्यूटर विजन, नेचुरल लैंग्वेज और जनरेटिव एआई में अपने निवेश को बढ़ाया है। 360 ओएनई एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड (जिसे पहले आईआईएफएल एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) ने कोर्स5 में 28 मिलियन डॉलर का निवेश करके राउंड का नेतृत्व किया। कंपनी इस फंडिंग राउंड में कुल 55 मिलियन डॉलर जुटाने की योजना बना रही है। कोर्स5 इंटेलिजेंस ने कहा कि यह अगले वित्तीय वर्ष में 100 मिलियन डॉलर राजस्व पार करने के रास्ते पर है और 18 महीनों में अपना आईपीओ लॉन्च करने की योजना बना रही है। कोर्स5 इंटेलिजेंस के अध्यक्ष और सीईओ अश्विन मित्तल ने कहा, कोर्स5 की वृद्धि और ग्राहकों की जीत मुख्य रूप से एक विश्व स्तरीय प्रतिभा पूल के निर्माण, हमारे एआई लैब्स के माध्यम से नवाचार चलाने और हमारे द्वारा किए जाने वाले काम के माध्यम से व्यावसायिक प्रभाव पैदा करने पर ध्यान केंद्रित करने के कारण है। उन्होंने कहा, यह फंडिंग हमें अपने ग्राहकों के लिए अपने मूल्य प्रस्ताव को बढ़ाने में निवेश जारी रखने में सक्षम बनाएगी। कंपनी के एंटरप्राइज एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म पहले से ही ओपन एआई के जीपीटी मॉडल के साथ जेनेरेटिव एआई के लिए एकीकृत हैं और उद्यमों को नवीनतम प्रौद्योगिकी नवाचारों का तेजी से लाभ उठाने की क्षमता प्रदान करते हैं। 360 में फंड मैनेजर और वरिष्ठ ईवीपी चेतन नाइक ने कहा, कोर्स5 एक अग्रणी डेटा एनालिटिक्स और इनसाइट्स प्लेयर के रूप में उभरा है, इसमें मजबूत आईपी-आधारित समाधान और प्रौद्योगिकी, मीडिया और टेलीकॉम, लाइफ साइंस, कंज्यूमर पैकेज्ड गुड्स और रिटेल में गहन डोमेन ज्ञान है। 360 ओएनई एसेट अपने सभी व्यवसायों में 58,000 करोड़ रुपये से अधिक की प्रबंधन अधीन संपत्ति (एयूएम) का प्रबंधन करता है।

# शेयर बाजार में आई गिरावट





**एजेंसी। मुंबई**

आज यानी गुरुवार (18 मई) को शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 128 अंकों की गिरावट के साथ 61,431 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 51 अंक फिसलकर 18,129 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में गिरावट और 13 में तेजी देखने को मिली है। आज ख्क का शेयर 1.70% टूटा है। इसके बाद इसका शेयर 9.95 रुपए फिसलकर 576.35 रुपए पर आ गया। ख्क ने ख्कफंड्स मैनेजमेंट को ल्ॉक्क्ष् बैंक में 9.99% तक हिस्सा खरीदने की इजाजत दी। अब तक मर्जर के बाद नई कंपनी में 5% तक ही हिस्सा रखने की इजाजत थी। वहीं आज रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 22 पैसे कमजोर होकर 82.59 रुपए पर बंद हुआ। देश के सबसे बड़े बैंक ख्क ने वित्त वर्ष 2022-23 की मार्च तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे जारी कर दिए हैं। कंपनी को जनवरी से मार्च की अवधि में 16,694.5 करोड़ रुपए का प्रॉफिट हुआ है। पिछले साल समान तिमाही में बैंक को 9114 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। ब्याज से कमाई यानी ठक्क भी अनुमान से ज्यादा रहा, जोकि 40392 करोड़ रुपए रहा। सरकारी बैंक ने प्रति शेयर 11.30 रुपए का डिविडेंड का ऐलान किया है। इसके अलावा क्ष्ट्क्ष् सेक्टर की दिग्गज कंपनी क्ळ्ठ ने भी मार्च तिमाही के नतीजे जारी किए हैं। कंपनी को चौथी तिमाही में 5,086.9 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है, जोकि सालभर पहले की समान तिमाही में 4,190.9 करोड़ रुपए था।

# इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर पर सब्सिडी घटी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्र ने इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर पर सब्सिडी 15,000 से घटाकर 10,000 रुपए प्रति किलोवॉट ऑवर कर दी है। एक्स-फैक्ट्री मूल्य की अधिकतम सब्सिडी कैप 40% को भी घटाकर 15% कर दिया गया है। सरकार ने यह कदम इसलिए उठाया है, क्योंकि इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की सब्सिडी के लिए जितना पैसा रखा गया था, वह खत्म होने वाला है। कुल बजट की 80% राशि 10 लाख लोगों को दी जा चुकी है। वर्तमान में, ईवी निमार्ताओं को 17,000 से 66,000 रुपए तक प्रति टू-व्हीलर सब्सिडी दी जा रही है। नई अधिसूचना के बाद यह घटकर 15,000 से 20,000 रुपए रह जाएगी। लॉन्चिंग के समय फैम-2 के तहत 10,000 रुपए/किलोवॉटऑवर का प्रावधान था। बाद में इसे बढ़ाकर 15,000 रुपए कर दिया गया था। सूत्रों के मुताबिक, चूंकि इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर का बाजार गति पकड़ रहा है। ऐसे में सब्सिडी कम करने से पैसा बचेगा और उपभोक्ता व निमार्ता गैर-सब्सिडी वाले भविष्य के लिए तैयार हो सकेंगे। सरकार ने फेम-2 योजना अप्रैल 2019 में लॉन्च की थी। पांच साल के लिए थी। मार्च 24 में खत्म होनी है। योजना का कुल बजट 10,000 करोड़ रुपए था। हर साल 2000 करोड़ रुपए सब्सिडी देनी थी। फरवरी 2023 में पेश बजट में राशि बढ़ाकर 5,172 करोड़ रुपए कर दी थी। अब तक 3,889.94 खर्च हो चुके हैं। 4 मार्च 2023 तक देश में 9,75,000 इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बेचे गए हैं। इनमें से 65% वित्त वर्ष 2022-23 में बिके। वित्त वर्ष 2023 में जितनी ईवी बिकीं, उनमें इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर का योगदान 60% से अधिक है।

# भारत में जल्द हो सकती है टेस्ला की एंट्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली कंपनी 'टेस्ला' की जल्द भारत में एंट्री हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, टेस्ला के अधिकारियों ने बुधवार (17 मई) को भारत सरकार के अधिकारियों के साथ मीटिंग की। इस मीटिंग में कंपनी ने भारत में इलेक्ट्रिक कार बनाने के लिए एक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित करने की इच्छा जताई है। हालांकि, इसके बारे में अभी तक सरकार, टेस्ला या एलन मस्क की ओर से ऑफिशियल तौर पर कोई भी जानकारी नहीं दी गई है। इससे पहले पिछले साल भी टेस्ला ने भारत आने की इच्छा जताई थी, लेकिन तब कंपनी और सरकार के बीच बात नहीं बन पाई थी। भारत सरकार के साथ टेस्ला की फिर से मीटिंग ऐसे समय में शुरू हुई है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जून में अमेरिका की यात्रा पर जाने वाले हैं। टेस्ला ने सरकार से पूरी तरह से असेंबल गाड़ियों पर लगने वाली इंपोर्ट ड्यूटी को 100% से घटाकर 40% करने की मांग की थी। कंपनी चाहती थी कि उसकी गाड़ियों को लग्जरी नहीं बल्कि इलेक्ट्रिक व्हीकल माना जाए, लेकिन सरकार ने कहा था कि दूसरे देशों से इंपोर्ट किए जाने वाले किसी भी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स पर इंपोर्ट ड्यूटी माफ या कम करने का कोई भी इरादा नहीं है। सरकार ने कहा था कि अगर टेस्ला भारत में मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाने का कमिटमेंट करती है तो इंपोर्ट पर रियायत देने पर विचार किया जाएगा। लेकिन एलन मस्क चाहते थे कि पहले भारत में कारों की बिक्री की जाए, इसके बाद मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाने का विचार किया जाएगा। 27 मई 2022 को भी एक ट्वीट में रिप्लाई करते हुए एलन मस्क ने कहा था, 'टेस्ला ऐसे किसी लोकेशन पर मैन्युफैक्चरिंग प्लांट नहीं लगाएगी जहां उसे पहले से कारों को बेचने और सर्विस की परमीशन नहीं है।' एलन मस्क का यह जवाब तब आया था जब ट्विटर यूजर मधु सुधन वी ने पूछा था- क्या टेस्ला फ्यूचर में भारत में एक प्लांट बना रही है।

## विदेश

# म्यांमार मिलिट्री को भारत से मिले 420 करोड़ के हथियार



**एजेंसी। म्यांमार**

म्यांमार की मिलिट्री ने 2021 में तख्तापलट के बाद 1 बिलियन डॉलर यानी 8 हजार करोड़ के हथियार खरीदे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ के एक्सपर्ट के मुताबिक ये खरीद म्यांमार की सेना ने उस पर लगी पाबंदियों के बावजूद की है। ज्यादातर हथियार रूस, चीन और सिंगापुर की कंपनियों से खरीदे गए हैं। वहीं, भारत की कंपनियों से भी म्यांमार की सेना को पिछले 2 सालों में 420 करोड़ के हथियार और उससे जुड़ा सामान मिला है। वठ की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बात के पुख्ता सुबूत हैं कि सेना ने इन हथियारों का इस्तेमाल लोगों के खिलाफ हिंसा करने में किया है। इसके बावजूद कुछ देशों ने बिना रुके सेना को हथियार पहुंचाए हैं। म्यांमार की सेना को हथियार देने के मामले में रूस सबसे आगे है। 2 सालों में रूस ने म्यांमार को 4 हजार करोड़ रुपए के हथियार दिए हैं। वहीं, 2 हजार करोड़ के हथियार उन्हें चीन की तरफ से मिले हैं। रिपोर्ट में दावा किया है कि म्यांमार को हथियार और उन्हें बनाने का सामान पहुंचाने में रूस, चीन और भारत की सरकारी कंपनियां भी शामिल हैं। वठ के एक्सपर्ट ने जब अपनी जानकारी इन देशों की सरकारों से साझा की तो रूस और चीन ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। जबकि भारत की सरकार ने कहा कि हथियार देने का समझौता पिछली सरकार में हुआ था। वहीं, 1 बिलियन डॉलर में से 947 मिलियन डॉलर के हथियारों की डील सीधे म्यांमार की सेना से जुड़ी कंपनियों के साथ की गई। इसका मतलब ये है कि हथियार सप्लाई करने वाले देशों को पता था कि वो सीधे वहां की सेना के साथ डील कर रहे हैं। पिछले महीने ही म्यांमार की सेना ने वहां के सागैंग के पजिगी गांव में हमला किया था। इस दौरान पजिगी इलाके में सेना के पास रूसी फाइटर जेट्स याक-130 देखे गए थे। जिनसे सेना ने 300 लोगों पर 250 किलो के बम बरसाए थे।

## कोलंबिया में विमान क्रैश होने के दो सप्ताह बाद चार बच्चे मिले जीवित

**बोगोटा।** दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया में विमान क्रैश होने के दो सप्ताह बाद चार बच्चे जीवित मिले हैं। ये बच्चे जंगल में भटक रहे थे। कोलंबिया के अमेजन में इसी माह एक मई को एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई थी। विमान में सवार अन्य लोगों की तलाश के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा था। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने स्वयं यह जानकारी दी कि दुर्घटना के दो सप्ताह बाद चार बच्चे जीवित पाए गए हैं। सेना ने कठिन खोज अभियान चलाया और अंततः वह सफल हुई। घने कोलंबियाई जंगल में चार बच्चे जीवित मिले हैं, इनमें एक 11 महीने का ब है। इस अभियान में सौ से अधिक सैनिकों को स्निफर डॉग के साथ लगाया गया। इस अभियान के दौरान एक बच्चे की पानी की बोतल और आधा खाया हुआ फल मिलने पर खोजी दल की उम्मीद बढ़ गई। इसके बाद अभियान तेज किया गया।

# तालीबानी कर रहे अमेरिकी मानवीय सहायता का दुरुपयोग

**एजेंसी। अफगानिस्तान**

अमेरिकी प्रतिनिधि माइकल मैककॉल, हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के अध्यक्ष, ने यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) के प्रशासक को लिखे एक पत्र में तालिबान के दुरुपयोग और यूएस-वित्त पोषित मानवतावादी और विकास सहायता के दुरुपयोग पर चिंता जताई है। माइकल मैककॉल द्वारा लिखे गए पत्र में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के कुछ अन्य सदस्यों ने भी हस्ताक्षर किए थे। जानकारी के मुताबिक, अमेरिकी सांसदों ने पत्र में लिखा, ₹अफगानिस्तान में मानवीय संकट अखंडनीय है, लेकिन अब यह आवश्यक है कि अमेरिका तालिबान के बजाय पीड़ित अफगानों की मदद करे।₹ तालिबान के नेतृत्व वाले अर्थव्यवस्था मंत्रालय ने आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि तालिबान लोगों को सहायता प्रदान करने की पूरी कोशिश कर रहा है। तालिबान के नेतृत्व वाले अर्थव्यवस्था के उप मंत्री अब्दुल लतीफ नजारी ने कहा, ₹हम न केवल अंतरराष्ट्रीय सहायता में हस्तक्षेप करते हैं, बल्कि हम इसके लिए और सुविधाएं प्रदान करते हैं। हमारी निगरानी रखते हुए उन लोगों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं, जिन्हें इसकी जरूरत है। अगस्त 2021 में तालिबान के अधिग्रहण के बाद से अफगानिस्तान गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है, जिसके बाद अंतरराष्ट्रीय सहायता को निलंबित कर दिया गया है और विदेशी भंडार में 9 बिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक की राशि जमा कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक, अर्थशास्त्रियों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय सहायता तब तक आर्थिक चुनौतियों का समाधान नहीं करेगी, जब तक कि इसे विकास परियोजनाओं पर निर्देशित नहीं किया जाता है।

## लोग परेशान

## लोगों को एयरलिफ्ट किया गया

# इटली में बाढ़ से 9 लोगों की मौत, हजारों बेघर

**एजेंसी। इटली**

इटली में मंगलवार को भारी बारिश के बाद बाढ़ आ गई। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, 9 लोगों की मौत हो गई। वहीं, सिविल प्रोटेक्शन मिनिस्टर नेलो मुसुमेसी ने कहा- जितनी बारिश सालभर में होती है उसकी आधी तो पिछले 36 घंटे में हो गई है। इटली में सालभर में आमतौर पर 1000 मिलीमीटर बारिश होती है। वहीं, 36 घंटों में 500 मिलीमीटर बारिश हो गई है। अधिकारियों ने कहा- एमिलिया-रोमाग्ना रीजन बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। यहां इलाकों में भूस्खलन भी हुआ है। लोगों को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। तीन शहरों- फेजा, सेसेना और फॉर्ली में सड़कें पूरी तरह से पानी में डूब गई हैं। कई घरों को नुकसान पहुंचा है। हजारों लोग बेघर हो गए हैं। कुछ लोग घरों में फंसे भी हुए हैं। भारी बारिश और बाढ़ के चलते इटली के इमोला में होने वाले फामूर्ला वन के इवेंट को कैंसिल कर दिया गया है। आयोजकों ने कहा हम किसी भी तरह का रिस्क नहीं ले सकते हैं। सोशल मीडिया पर कई फोटो और वीडियो वायरल हो रहे हैं। इनमें बाढ़ से हुई तबाही और लोगों को मदद के लिए इंतजार करते हुए देखा जा सकता है। वहीं, एक वीडियो में कोस्ट गार्ड लोगों को एयरलिफ्ट करते दिखाई दे रहे हैं।भारी बारिश के बाद एमिलिया-रोमाग्ना रीजन में होने वाली कार रेसिंग चैम्पियनशिप- फामूर्ला वन (ऋ) को कैंसिल कर दिया गया है। फामूर्ला वन के एक अधिकारी ने कहा- बाढ़ के कारण ट्रैक पर पानी भर गया है। सुरक्षा कारणों को देखते हुए रेस को फिलहाल रद्द कर दिया गया है। ये उसी ट्रैक की तस्वीर है जहां रेस होने वाली थी। इसके पास ही सैंटर्नो नदी बहती है, जो बारिश की वजह से ओवरफ्लो हो गई है। ट्रैक पर पानी भर गया है। उसी ट्रैक की तस्वीर है जहां रेस होने वाली थी। इसके पास ही सैंटर्नो नदी बहती है, जो बारिश की वजह से ओवरफ्लो हो गई है। ट्रैक पर पानी भर गया है। कोस्ट गार्ड के एक अधिकारी ने बताया कि अब तक 5 हजार लोगों को रेस्क्यू किया जा चुका है। एमिलिया-रोमाग्ना रीजन की 15 नदियां उफान पर हैं। पिछले साल सितंबर में इसी इलाके में बाढ़ आई थी। तब 12 लोगों की मौत हुई थी।



## पेज एक के शेष

### झारखंड विधानसभा ने...

आदेश निकाला गया। जिसके बाद राज्य में काफी विवाद खड़ा हुआ था। विपक्षी भाजपा सदस्यों के हंगामे की वजह से विधानसभा की कार्यवाही कई दिनों तक बाधित रही। इसे लेकर हाईकोर्ट में दायर याचिका में कहा गया है कि यह संवैधानिक व्यवस्था के विपरीत है। धर्मनिरपेक्षता भारतीय संविधान की प्रस्तावना का हिस्सा है, इसलिए राज्य विधानसभा जैसे भवन में किसी धर्म के लिए इस तरह की व्यवस्था नहीं होनी चाहिए।

### 3469 माध्यमिक ...

अधीक्षक कार्यालय आदि के कार्यों व पदसोपानों की जानकारी दी जाएगी।

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक नव नियुक्त शिक्षकों को 23 मई से तीन जून तक ट्रेनिंग दी जाएगी। जिसमें शिक्षकों को उनकी सेवा शर्त नियमावली प्रविधानों, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित होनेवाली विभिन्न योजनाओं, समग्र शिक्षा अभियान के कार्यक्रमों, मध्याह्न भोजन, ई-विद्यावाहिनी, निपुण भारत आदि की जानकारी दी जाएगी। वहीं जेसीईआरटी के कार्यों, स्कूलों के लिए तैयार होनेवाले पाठ्यक्रम, पाठ्यचर्या, कैलेंडर के बारे भी बताया जाएगा। विभाग ने इसे लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिया है।

### न्यायिक हिरासत में ...

के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार पहुंचाया जहां अब वह न्यायिक हिरासत में रहेगा। गौरतलब है कि झारखंड में सक्रिय पांडेय गिरोह और श्रीवास्तव गिरोह में वर्षों से खूनी अदावत चल रही है। दोनों गैंग के बीच हुए गैंगवार में अब तक दर्जनों लोगों की बलि चढ़ चुकी है। एटीएस के द्वारा गिरफ्तार किए गए अमन श्रीवास्तव के पिता कुख्यात सुशील श्रीवास्तव की हत्या भी हजारीबाग कोर्ट में दिनदहाड़े एके 47 राइफल से हुई थी। सुशील श्रीवास्तव हत्याकांड को अंजाम पांडेय गिरोह ने ही दिया था। अपने पिता के हत्या के बाद अमन श्रीवास्तव गिरोह की कमान संभालने लगा। अमन के इशारे पर पांडेय गिरोह के कई लोगों पर हमले हुए इनमें कुछ महिलाएं भी शामिल थी जिनको गिरोह के द्वारा निशाना बनाया गया। अमन श्रीवास्तव भी पांडेय गिरोह के निशाने पर है इसीलिए उसे बेहद गुप्त तरीके से अदालत में पेश किया गया और फिर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। मुंबई से गिरफ्तार करने के बाद झारखंड एटीएस की टीम अमन श्रीवास्तव को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर रांची आई थी। रिमांड की अवधि खत्म होने के बाद उसे अदालत में पेश किया गया और फिर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। एटीएस सूत्रों के अनुसार अमन श्रीवास्तव से पूछताछ की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है ।ऐसे में एक बार फिर से अमन को रिमांड पर लेने के लिए एटीएस के द्वारा अदालत में आवेदन दिया जाएगा। रिमांड अवधि मंजूर होने के बाद उसे फिर से जेल से एटीएस मुख्यालय लाया जाएगा और उससे पूछताछ की जाएगी। गौरतलब हो कि श्रीवास्तव गैंग का सरगना अमन श्रीवास्तव को महाराष्ट्र एटीएस के सहयोग से झारखंड एटीएस की टीम मंगलवार को वासी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया था।अमन श्रीवास्तव को मुंबई कोर्ट में प्रस्तुत करने के बाद बुधवार को उसे रांची लाया गया था। अमन श्रीवास्तव रांची के अलावा रामगढ़, चतरा, लातेहार, लोहरदगा और हजारीबाग पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था।

**गिरोह के पास है अत्याधुनिक हथियार**

श्रीवास्तव गिरोह के पास कई अत्याधुनिक हथियार उपलब्ध है, रिमांड अवधि के दौरान हथियारों के बारे में भी अमन से पूछताछ की जाएगी। वही एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में एटीएस मुख्यालय के बाहर रेकी कर रहे हैं डब्लू शर्मा नाम के एक युवक को एटीएस ने धर दबोचा है। मिली जानकारी के अनुसार डब्ल्यू शर्मा से एटीएस की टीम पूछताछ कर रही है। जानकारी यह भी मिली है कि डब्लू शर्मा भी अमन गिरोह के लिए ही काम करता है। एटीएस उसे उगलवाने का प्रयास कर रही है कि आखिरकार वह क्यों एटीएस ऑफिस के बाहर रेकी का काम कर रहा था। पुलिस अधिकारी और राजनेताओं से बेहतर संबंध थे अमन के एटीएस सूत्रों के अनुसार अमन श्रीवास्तव झारखंड के कई राजनेताओं और पुलिस अफसरों के संपर्क में था। कोयला क्षेत्र में पदस्थापित कुछ पुलिसकर्मियों को अमन गिरोह के द्वारा पैसे भी दिए जाते थे। कोयला क्षेत्र के एक बड़े राजनेता से भी पांडेय गिरोह के खिलाफ एक साथ काम करने के लिए अमन श्रीवास्तव के साथ गठजोड़ की कोशिश हुई थी लेकिन बाद में वह प्रयास किसी वजह से ठंडे बस्ते में चला गया।

### किस कारण सिद्धारमैया ...

शिवकुमार ने कहा था - हमारी सरकार आने दीजिए, इनकी ज्यादती पर जांच कराकर केस चलवाया जाएगा। चर्चा है कि अपने चहेते अफसर पर केस चलाने से बचाने के लिए ही उस अफसर को सीबीआई चीफ बना दिया गया। अब उसको जल्दी ही डीके शिवकुमार के पीछे कार्रवाई के लिए भी लगा दिया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस के केंद्रीय नेताओं को आशंका है कि केंद्र सरकार जल्दी ही डीके शिवकुमार सहित अन्य कई कांग्रेसी नेताओं के विरूद्ध सीबीआई व ईडी के छापे व गिरफ्तारी का अभियान शुरू करेगी। ऐसे में यदि डीके शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाया जाता और उनके विरूद्ध ईडी व सीबीआई का अभियान शुरू होता, तो राज्य सरकार चलाने में मुश्किल हो जाती। यह पहला कारण है जिसके चलते डीके शिवकुमार का मुख्यमंत्री बनने का दावा कमजोर हुआ। दूसरा कारण है सिद्धारमैया राज्य के प्रतिष्ठित व वरिष्ठ नेता हैं। उनको कांग्रेस के लगभग 80 विधायकों का समर्थन प्राप्त है। अनुभव भी ज्यादा है । डीके शिवकुमार ओबीसी वोक्कालिगा जाति से हैं ।उनको मुख्यमंत्री बनाया जाता तो अन्य जाति समूहों की ओर से विरोध हो सकता था। ओबीसी के कूरूबा गौड़ा जाति के सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री बनाने से वोक्कालिगा जाति में थोड़ी नाराजगी तो हुई है, लेकिन डी के शिवकुमार को उप मुख्यमंत्री बनाए जाने से वह नाराजगी खुल कर सड़क पर नहीं दिखेगी ।सिद्धारमैया ने पहले ही कहा है कि यह उनका अंतिम चुनाव है। उम्र भी लगभग चौहत्तर वर्ष हो गई है। दस माह बाद लोकसभा चुनाव है । यदि उसमें कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों की सीटें बढ़ीं ,तो बहुत से समीकरण बदल सकते हैं। तब हो सकता है कि उसके एक - दो वर्ष बाद सिद्धारमैया को संगठन में भेजकर डीके शिवकुमार को मुख्यमंत्री बना दिया जाए।

### भारतीय संग्रहालयों...

उपलब्धियों को उजागर करने और प्रदर्शित करने का एक व्यापक प्रयास है, जिन्होंने भारत के वर्तमान के निर्माण में योगदान दिया है।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय एक्सपो के शुभंकर, ग्राफिक नॉवेल-संग्रहालय में एक दिन, भारतीय संग्रहालयों की निर्देशिका, कर्तव्य पथ के पॉकेट मानचित्र और संग्रहालय कार्ड का भी विमोचन किया। अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय एक्सपो का शुभंकर चेन्नापट्टनम कला शैली में लकड़ी से बनी डांसिंग गर्ल का समकालीन वर्जन है। द ग्राफिक नॉवेल राष्ट्रीय संग्रहालय में आने वाले बच्चों के एक समूह को चित्रित करता है, जहां वे संग्रहालय में उपलब्ध करियर के विभिन्न अवसरों के बारे में सीखते हैं। भारतीय संग्रहालय की निर्देशिका भारतीय संग्रहालयों का एक व्यापक सर्वेक्षण है। कर्तव्य पथ का पॉकेट मैप विभिन्न सांस्कृतिक स्थानों और संस्थानों पर प्रकाश डालता है और यह प्रतिष्ठित मार्गों के इतिहास के बारे में भी बताता है। संग्रहालय कार्ड देश भर में प्रतिष्ठित संग्रहालयों के सचित्र अग्रभागों के साथ कई कार्डों का एक सेट है। यह सभी उम्र के लोगों के लिए संग्रहालयों से परिचित कराने का एक अभिनव तरीका है। प्रत्येक कार्ड में संग्रहालयों की संक्षिप्त जानकारी शामिल होती है। आपको बता दें कि, प्रगति मैदान में आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय एक्सपो-2023 में दुनिया भर के सांस्कृतिक केंद्रों और संग्रहालयों से अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल भी शामिल हो रहे हैं। संसद संग्रहालय और अभिलेखागार भी इस आयोजन में भाग ले रहा है और संविधान की सुलेख प्रति के हिंदी और अंग्रेजी संस्करणों और संविधान सभा से कुछ दुर्लभ तस्वीरों को प्रदर्शित कर रहा है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

छत्रपति शाहू महाराज युवाशक्ति करियर मार्गदर्शन शिविर आयोजित, बोले नड्डा

# रोजगार के लिए युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण जरूरी



**एजेंसी। मुंबई**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में हो रहे बदलाव के अनुसार शिक्षण प्राप्त करना समय की जरुरत है। रोजगार प्राप्त करने के लिए तकनीकी प्रशिक्षण आवश्यक है। औद्योगिक क्षेत्र में होने वाले नवीन परिवर्तनों और मांग के बारे में पता रोजगार प्राप्त करने वाले को होना चाहिए। इससे रोजगार का मार्ग और भी सरल हो जाएगा। नड्डा गुरुवार को मुंबई में रविंद्र नाट्यमंदिर में राज्य सरकार की ओर से आयोजित छत्रपति शाहू महाराज युवाशक्ति करियर मार्गदर्शन शिविर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 लाख नौकरियां देने का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री ने 2 लाख से ज्यादा उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंप चुके हैं। 13 लाख से ज्यादा लोगों को ट्रेनिंग दी जा चुकी है। देश में कौशल्य विकास की आवश्यकता को समझते हुए प्रधानमंत्री ने कौशल्य विकास मंत्रालय की स्थापना की है। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्किल इंडिया मिशन की शुरूआत की, जिससे युवा पीढ़ी को प्रशिक्षित किया जा रहा है, इसके फिर से प्रशिक्षण जरूरी है। दोबारा ट्रेनिंग के बाद फिर से अपग्रेड करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत 1 करोड़ से अधिक उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया, प्रशिक्षित उम्मीदवारों में 66 प्रतिशत महिलाएं थीं। यह बहुत अच्छी बात है कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कौशल विकास को प्राथमिकता देने के लिए एक कार्यक्रम लागू किया है। स्टार्ट-अप में महाराष्ट्र अग्रणी है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि इस शिविर में विद्यार्थियों को आवश्यक शिक्षा के साथ-साथ शिक्षा, छात्रवृत्ति और रोजगार के विभिन्न अवसरों के लिए दी जाने वाली वित्तीय सहायता, माता-पिता की काउंसलिंग की जाएगी।

**समूह जी-7 :** जापान के हिरोशिमा में क्वाड समूह

# के नेताओं की होगी बैठक, पीएम मोदी लेंगे हिस्सा




**एजेंसी। नई दिल्ली**

जापान के हिरोशिमा में इसी सप्ताह क्वाड समूह के नेताओं की बैठक होने की संभावना है जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज हिस्सा लेंगे । विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने गुरुवार को यह जानकारी दी। विदेश सचिव क्वात्रा ने संवाददाताओं को बताया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 मई की सुबह जापान यात्रा पर रवाना होंगे और जापानी शहर हिरोशिमा जायेंगे जहां वे दुनिया की विकसित अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के समूह जी-7 के वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि जापान की यात्रा के दौरान क्वाड समूह के नेताओं की बैठक आयोजित करने की योजना है जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा, आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिस्सा लेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा देश में उत्पन्न गंभीर आर्थिक संकट पर ध्यान केंद्रित करने के मकसद से अपनी ऑस्ट्रेलिया यात्रा को स्थगित करने के कारण सिडनी में प्रस्तावित क्वाड देशों के नेताओं की बैठक रद्द कर दी गई है।

## जी-20 विकास मंत्रियों के सम्मेलन में जयशंकर करेंगे भारत का नेतृत्व



**जी-20** के सदस्य देशों के विकास मामलों के मंत्रियों का सम्मेलन 12 एवं 13 जून को वाराणसी में होगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार जी-20 विकास मंत्रियों के सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री एस जयशंकर करेंगे। भारत की अध्यक्षता में जी-20 के सदस्य देशों की विभिन्न मुद्दों पर दो सौ से अधिक बैठकों का आयोजन किया जा रहा है जिनमें से कम से कम छह बैठकें वाराणसी में होनी हैं। इस समय सौ से अधिक बैठकें हो चुकीं हैं। जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में पर्यटन संबंधी बैठक का आयोजन किया गया है। इससे पहले अप्रैल में जी-20 देशों के प्रमुख कृषि वैज्ञानिकों की बैठक हुई थी जिसमें पूरे विश्व को स्वस्थ रखने के लिए पौष्टिक आहार, खाद्य सुरक्षा और पर्यावरण के अनुकूल खेती को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

## राष्ट्रपति-पीएम चखेंगे मुजफ्फरपुर की मशहूर शाही लीची का स्वाद



**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर की मशहूर शाही लीची का स्वाद इस बार राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित कई गणमान्य लोग चखेंगे। जून के प्रथम सप्ताह में मुजफ्फरपुर की शाही लीची दिल्ली भेजने को लेकर तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। बताया जाता है कि मुजफ्फरपुर के कांटी, मीनापुर, मुसहरी और बोचहां प्रखंड क्षेत्र के लीची बगानों से पुष्ट, रसीली और गुद्दे वाली शाही लीची की तलाश शुरू कर दी गई है।

## सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के जल्लीकट्टू को दी इजाजत

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तमिलनाडु के 'जल्लीकट्टू' कानूम को इजाजत दे दी। इसी तरह के महाराष्ट्र और कर्नाटक सरकारों द्वारा बनाए गए कानूनों को भी शीर्ष अदालत ने इजाजत दे दी है। न्यायमूर्ति के.एम. जोसेफ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि यह विधायिका के दृष्टिकोण को बरकरार रखेगी। विधायिका ने यह विचार किया है कि यह राज्य की सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि जब विधायिका ने कहा है कि जल्लीकट्टू तमिलनाडु की सांस्कृतिक विरासत है, तो न्यायपालिका कोई अलग विचार नहीं रख सकती। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि विधायिका इसे तय करने के लिए सबसे उपयुक्त है। बेंच ने कहा कि अदालत उन सामग्रियों से संतुष्ट है कि जल्लीकट्टू तमिलनाडु में कई साल से चल रहा है और इसे तमिल संस्कृति के अभिन्न अंग के रूप में माना गया है।

# ईडी ने नौकरी के बदले जमीन मामले में राबड़ी देवी से की पूछताछ

**एजेंसी। नई दिल्ली**



वर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से नौकरी के बदले जमीन मामले में पूछताछ की। फिलहाल, दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में उनसे पूछताछ जारी है। रिपोर्ट के अनुसार, राबड़ी देवी सुबह करीब 10 बजे जांच में शामिल हुईं। ईडी का केस, मामले में सीबीआई द्वारा दायर एफआईआर पर आधारित है। सीबीआई ने पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, दो बेटियों और अज्ञात लोक सेवकों और निजी व्यक्तियों सहित 15 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सीबीआई के एक अधिकारी ने कहा कि वर्ष 2004-2009 की अवधि के दौरान लालू प्रसाद ने विभिन्न रेलवे जोन में ग्रुप 'डी' पदों पर भर्ती करने के बदले में अपने परिवार के सदस्यों को भूमि संपत्ति हस्तांतरित करके वित्तीय लाभ प्राप्त किया। पटना के कई निवासियों ने या तो सीधे या अपने परिवार के सदस्यों के माध्यम से यादव परिवार/लालू प्रसाद और उनके परिवार द्वारा नियंत्रित एक निजी कंपनी को अपनी जमीन बेच दी या उपहार में दे दी। क्षेत्रीय रेलों में नियुक्ति के लिए कोई विज्ञापन या सार्वजनिक सूचना जारी नहीं की गई थी। हालांकि, पटना के निवासी व्यक्तियों को मुंबई, जबलपुर, कोलकाता, जयपुर और हाजीपुर में स्थित विभिन्न क्षेत्रीय रेलवे में 'नौकरी के बदले जमीन' के रूप में नियुक्त किया गया था।

## द्वारका एक्सप्रेसवे अगले तीन-चार माह में हो जाएगा पूरा : गडकरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि द्वारका एक्सप्रेस का काम अगले तीन से चार महीनों में पूरा हो जाएगा। देश के इस पहले 'एलिवेटेड अर्बन एक्सप्रेसवे' से दिल्ली-गुरुग्राम के बीच यातायात दबाव कम होगा। गडकरी ने कहा कि एक्सप्रेसवे का काम चार 'पैकेज' में पूरा होगा। द्वारका एक्सप्रेसवे पर टोल संग्रह का काम पूरी तरह से स्वचालित होगा और पूरी परियोजना दक्ष परिवहन प्रणाली (आईटीएस) से युक्त होगी। द्वारका एक्सप्रेस की कुल लंबाई 29 किलोमीटर है। इसमें 18.9 किलोमीटर हरियाणा में जबकि शेष 10.1 किलोमीटर दिल्ली में है। एक्सप्रेसवे राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-8 के पास दिल्ली के महिपालपुर में शिव मूर्ति के पास से शुरू होगा। फिर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या आठ पर गुरुग्राम खेड़की-दौला गांव के पास बने टोल प्लाजा के पास खत्म होगा। यह द्वारका की तरफ से द्वारका एक्सप्रेसवे के जरिये इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिये संपर्क सुविधा प्रदान करेगा।

## उप्र से गुजरात जा रही बस मप्र में हादसे का शिकार, पांच की मौत

**एजेंसी। शाजापुर (मध्य प्रदेश)**

जिले में मक्सी-उज्जैन मार्ग पर गुरुवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे एक बस, ट्राला से टकरा गई। तीन यात्रियों की मौके पर मौत हो गई। दो घायलों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। हादसे में घायल 15 से ज्यादा यात्रियों को उज्जैन ले जाया गया है। बस माधवगढ़ (उत्तर प्रदेश) से अहमदाबाद जा रही थी। बस में सवार लोग एक शादी में शामिल होने जा रहे थे। यह जानकारी पुलिस ने दी।

मक्सी पुलिस के अनुसार यह हादसा दोंगता के पास हुआ। केस दर्ज कर लिया गया है। सभी शव शाजापुर जिला अस्पताल भेजे गए हैं। बस में 60 से 62 यात्री सवार थे। इनके नाम मालूम हो गए हैं। हादसे की सूचना मिलते ही तराना, कायथा और मक्सी का पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

थाना प्रभारी गोपाल सिंह चौहान ने बताया कि हादसे की सूचना सुबह करीब पांच बजे मिली। शारदा ट्रेवल्स की बस (यूपी 75 एटी 4799) ट्राले से टकरा गई थी। बस का अगला हिस्सा चकनाचूर हो गया है। कुछ घायल सड़क पर पड़े थे, जबकि ज्यादातर बस के भीतर थे। कुछ यात्री उन्हें बाहर निकाल रहे थे। बस उत्तर प्रदेश से अहमदाबाद जा रही थी।

## सिर्फ पर्यटक मुख्यमंत्री बनकर रह गए हैं नीतीश : आरसीपी

**एजेंसी। पटना**



भाजपा में शामिल होने के बाद गुरुवार को पहली बार आरसीपी सिंह पटना पहुंचे। यहां पहुंचते ही उन्होंने नीतीश कुमार और जदयू पर जोरदार प्रहार किया। आरसीपी ने कहा कि जदयू का अस्तित्व पूरी तरह से खत्म हो चुका है और नीतीश कुमार सिर्फ पर्यटक मुख्यमंत्री बनकर रह गए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने कहा कि नीतीश लाख कोशिश कर लें लेकिन वे प्रधानमंत्री कभी नहीं बन पाएंगे। जदयू समाप्त हो चुकी है और भाजपा के लिए जदयू कोई चुनौती नहीं रह गई है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार सिर्फ पर्यटक मुख्यमंत्री बनकर देशभर में घूम रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने बीते 11 मई को भाजपा का दामन थाम लिया था। दिल्ली स्थित भाजपा कार्यालय में राष्ट्रीय महासचिव धर्मेंद्र प्रधान ने उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई थी। जदयू छोड़ने के बाद से ही यह कयास लगाए जा रहे थे कि आरसीपी भाजपा में शामिल होंगे और आखिरकार वे भाजपा में शामिल हो गए थे।

## ज्ञानवापी परिसर में मिले 'शिवलिंग' के वैज्ञानिक सर्वे पर आज सुनवाई

**नई दिल्ली।** ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति की अपील पर सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को सुनवाई के लिए तैयार हो गया। पिछले साल मस्जिद परिसर के अंदर पाए गए शिवलिंग के वैज्ञानिक सर्वे की अनुमति देने वाले इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी। वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने भारत के चीफ जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया। अहमदी ने कहा कि हाई कोर्ट ने यह आदेश लंबित निर्णय के बावजूद पारित किया। पीठ ने मामले की सुनवाई करने पर सहमति जताई।

## पुंछ में आतंकी ठिकाने से दस किलो आईईडी और हथियार बरामद

**पुंछ।** पुंछ जिले के मेंढर इलाके में सुरक्षा बलों ने गुरुवार को आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ कर उसे ध्वस्त किया। यहां से सुरक्षाबलों को बड़ी मात्रा में आईईडी और हथियार बरामद हुए। बम निरोधक दस्ते ने विस्फोटक को समय रहते नष्ट कर दिया। सुरक्षाबलों ने आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान चलाया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मेंढर के लोअर कसबलरी इलाके में एक आतंकी ठिकाने की सूचना पर सेना की 39 राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस की संयुक्त टीम ने खोजी कुत्ते के साथ इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान दस किलो विस्फोटक आईईडी, एक चीनी पिस्तौल, ग्रेनेड, दो डेटोनेटर बरामद किए गए। विस्फोटक को बम निरोधक दस्ते ने सुरक्षित तरीके से नष्ट कर दिया।सुरक्षाबलों ने आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान चलाया है।




## 'दहाड़' में अपने रोल के लिए ली बोली से लेकर जूडो तक की ट्रेनिंग : सोनाक्षी




**एक्ट्रेस** सोनाक्षी सिन्हा अपनी लेटेस्ट रिलीजिंग 'दहाड़' की सफलता का आनंद ले रही हैं। उन्होंने ने कहा कि पुलिस अंजलि भाटी के उनके किरदार को निभाने के लिए उन्हें वर्कशॉप्स ज्वॉइन करना पड़ा। जूडो चैंपियन के रूप में अपनी भूमिका में प्रामाणिकता लाने के लिए, सोनाक्षी ने ट्रेनिंग में कोई कसर नहीं छोड़ी। किरदार के लिए अपनी तैयारी के बारे में बात करते हुए, सोनाक्षी ने साझा किया: नई बोली सीखने, बाइक चलाने और यहां तक कि जूडो सीखने तक, इस किरदार के लिए बहुत सारी चुनौतियां सामने आईं।

## नीतू कपूर ने बीकेसी में 17.4 करोड़ रुपये का 4 बीएचके फ्लैट खरीदा



**दिग्गज** अभिनेत्री नीतू कपूर को आखिरी बार थिएटर फिल्म 'जुगजग जीयो' में देखा गया था। वह अब मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स इलाके में स्थित एक आलीशान संपत्ति की मालकिन बन गई हैं। नीतू का नया फ्लैट सनटेक रियल्टी के सिग्निया आइल की 7वीं मंजिल पर स्थित है, और इसका निर्माण क्षेत्र 3,387 वर्ग फुट है। 4 बीएचके फ्लैट मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में है। हाउसिंग डॉट कॉम के अनुसार, संपत्ति की कीमत 17.4 करोड़ रुपये है और इसे 10 मई 2023 को पंजीकृत किया गया था। लेनदेन के लिए 1.04 करोड़ रुपये की स्टांप ड्यूटी का भुगतान किया गया था। यह केवल कृष्ण नोहरिया से खरीदी गई पुनर्विक्रय खरीद है।

## कार्तिक-कियारा की बहुचर्चित फिल्म 'सत्यप्रेम की कथा' का टीजर रिलीज



**सिद्धार्थ** मल्होत्रा के साथ शादी के बंधन में बंधने के बाद, अभिनेत्री कियारा आडवाणी "सत्यप्रेम की कथा" के साथ सिल्वर स्क्रीन पर वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इसमें कियारा कार्तिक आर्यन के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। इससे पहले कियारा और कार्तिक ने फिल्म "भूल भुलैया" में साथ काम किया था। उनकी अपकमिंग फिल्म "सत्यप्रेम की कथा" का टीजर रिलीज हो गया है और फिल्म 29 जून को पर्दे पर आएगी। कियारा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म "सत्यप्रेम की कथा" का टीजर शेयर किया है। टीजर की शुरूआत कार्तिक आर्यन के डायलॉग से होती है। शब्द जो कभी पूरे नहीं होते, वादे जो अधूरे रह जाते हैं, मुस्कान जो कभी टलती नहीं, वो रूठ जाए तो मेरी आँखों में आंसू जरूर आ जाते हैं। इसके बाद टीजर में दर्शकों को कार्तिक-कियारा की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री देखने को मिलती है।

**जातिगत सर्वेक्षण** पटना एचसी के आदेश पर रोक से इनकार

# बिहार सरकार को एससी से नहीं राहत

**एजेंसी। नई दिल्ली**



उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को पटना उच्च न्यायालय के उस आदेश पर स्थगनादेश देने से इनकार कर दिया, जिसमें बिहार सरकार द्वारा कराए जा रहे जाति आधारित सर्वेक्षण पर रोक लगा दी गई थी। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने कहा कि इस बात की जांच करनी होगी कि क्या यह कवायद सर्वेक्षण की आड़ में जनगणना तो नहीं है। पीठ ने कहा, हम यह स्पष्ट कर रहे हैं, यह ऐसा मामला नहीं है जहां हम आपको अंतरिम राहत दे सकते हैं। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि उच्च न्यायालय ने मुख्य याचिका की सुनवाई तीन जुलाई के लिए स्थगित कर दी है। पीठ ने कहा, हम निर्देश देते हैं कि इस याचिका को 14 जुलाई को सूचीबद्ध किया जाये। यदि किसी भी कारण से, रिट याचिका की सुनवाई अगली तारीख से पहले शुरू नहीं होती है, तो हम याचिकाकर्ता (बिहार) के वरिष्ठ वकील की दलीलें सुनेंगे। पटना उच्च न्यायालय के चार मई के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत में दायर याचिका में बिहार सरकार ने कहा है कि जातीय सर्वेक्षण पर रोक से पूरी कवायद पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। राज्य सरकार ने यह भी कहा है कि जाति आधारित आंकड़ों का संग्रह अनुच्छेद 15 और 16 के तहत एक संवैधानिक मामला है। बिहार में जाति आधारित सर्वेक्षण का पहला दौर सात से 21 जनवरी के बीच आयोजित किया गया था। दूसरा दौर 15 अप्रैल को शुरू हुआ था और 15 मई तक चलने वाला था।